राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

खबरों की बुलंद आवाज

# उज्ज्वल दुनिया

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित

वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 348 | रांची, शुक्रवार, 21 जून 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com


### आज का दिन

21 जून की तारीख ने कुछ बरस में इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान हासिल कर लिया है। 21 जून की तारीख 2015 में पहले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में इतिहास में दर्ज हुई है। इसके लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगीरथ प्रयास किए। उनकी पहल पर संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का आह्वान किया और देखते ही देखते दुनिया के तमाम देश इस मुहिम में शामिल हो गए।


मादक पदार्थों पर रोक के लिए पूर्णतः संकल्पित झारखण्ड सरकार...

RESIST! REDUCING SUBSTANCE INGESTION AND STOPPING TRAFFICKING

अपनी नसों में नशा नहीं

जिंदगी को दौड़ने दीजिये

नशा से छुटकारे के लिए तुरंत संपर्क करें

रिनपास, राँची | केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान, राँची

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, देवघर | जिला अस्पताल के आईसीटीसी/एआरटीसी परामर्श केंद्र

टोल फ्री न॰ 112 (24x7) पर कॉल करें

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR NO. 327139 (IPRD)24-25 D




## शराब घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल को मिली जमानत

नई दिल्ली, उज्ज्वल दुनिया सं



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत मिल गई है। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सीएम अरविंद केजरीवाल को एक लाख रुपये के मुचलके पर जमानत दी है।

अवकाशकालीन न्यायाधीश न्याय बिंदु ने आदेश पारित किया। आबकारी नीति मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में सीएम अरविंद केजरीवाल की जमानत पर गुरुवार को राऊज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

ईडी की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कोर्ट को बताया था कि ईडी के पास केजरीवाल के खिलाफ पुख्ता सबूत हैं। इसलिए उन्हें बेल नहीं मिलनी चाहिए। वहीं, सीएम केजरीवाल के वकील ने अदालत में कहा था कि केजरीवाल के खिलाफ यह पूरा मामला सिर्फ कल्पना पर आधारित है।

सीएम केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें एक अप्रैल को तिहाड़ जेल भेज दिया गया था।

## सुप्रीम कोर्ट ने नीट (पीजी) का प्रश्नपत्र, उत्तर जारी करने संबंधी याचिका पर मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उस याचिका पर नोटिस जारी किया जिसमें राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईं) से नीट (पीजी) का प्रश्न पत्र और उत्तर (आंसर-की) सार्वजनिक करने का निर्देश देने की मांग की गई है।

याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत होते हुए न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली अवकाश पीठ ने एनबीई, मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) और अन्य से जवाब मांगा है। पीठ में न्यायमूर्ति एस.वी.एन. भट्टी भी शामिल थे।

शीर्ष अदालत ने कहा, ₹8 जुलाई तक जवाब दाखिल करने के लिए नोटिस जारी करें। इस बीच, प्रतिवादी जवाबी हलफनामा दाखिल कर सकते हैं।

सुनवाई के दौरान नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने कहा कि वह इस मामले में अनिवार्य पक्ष नहीं है, और प्रतिवादियों की सूची से उसका नाम हटाया जा सकता है। एनटीए के वकील ने कहा, ₹पीजी (प्रवेश परीक्षा) का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड करता है।₹

इस पर न्यायमूर्ति भट्टी ने कहा, जब हम आदेश पारित करेंगे तो सुप्रीम कोर्ट के नियमों के तहत अपने विवेक का इस्तेमाल करेंगे और प्रतिवादियों की सूची से आपका नाम हटा देंगे। सीधे सुप्रीम कोर्ट में दायर इस याचिका में, यह जानते हुए भी कि हाल की परीक्षाओं में गंभीर गड़बड़ियों के मामले सामने आये हैं, एनबीए के नीट पीजी 2022 के प्रश्न पत्र तथा उत्तर कुंजी जारी न करने, और पुनर्मूल्यांकन का कोई विकल्प न देने के मनमाने कृत्य और फैसले को चुनौती दी गई है। एडवोकेट चारु माथुर द्वारा दायर याचिका में कहा गया है, ₹देश में नीट-पीजी जैसी कोई दूसरी परीक्षा नहीं है जहां पारदर्शिता की कमी इस स्तर की हो और सूचना का प्रवाह इस कदर एकतरफा हो। इसमें कहा गया है कि नीट-यूजी और आईआईटी-जेईई, सीमैट, क्लैट और न्यायिक सेवा परीक्षा जैसी कई प्रतिष्ठित परीक्षाओं में छात्रों के पास उत्तर कुंजी को चुनौती देने का विकल्प होता है। वहीं, नीट-पीजी 2024 के लिए जारी सूचना बुलेटिन में पिछले वर्षों की तरह ही उत्तर पत्र के पुनर्मूल्यांकन के अनुरोध का विकल्प नहीं दिया गया है ।

### पेपर लीक एंटी नेशनल एक्टिविटी है, संसद में उठाएंगे मुद्दा : राहुल गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि विपक्ष पेपर लीक के मुद्दे को संसद में उठाएगा। उन्होंने कहा, मणिपुर से महाराष्ट्र तक की उनकी न्याय यात्रा में सैकड़ों युवकों ने पेपर लीक का विषय रखा था। पेपर लीक के बाद कार्रवाई होनी चाहिए, सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। पेपर लीक की घटनाओं को राहुल गांधी ने एंटी नेशनल एक्टिविटी कहा है। उन्होंने कहा कि दावा यहां तक किया गया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन युद्ध को रोक दिया, लेकिन ऐसा कैसे है कि वह भारत में पेपर लीक को रोकने में सक्षम नहीं हैं। पेपर लीक के पीछे का कारण यह है कि शिक्षा प्रणाली पर भाजपा के मूल संगठन (आरएसएस) का कब्जा हो गया है।

### भविष्य में पेपर लीक की घटनाएं रोकने के लिए व्यापक सुधार करेगी सरकार : धर्मेंद्र प्रधान

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यूजीसी-नेट पेपर लीक मामले की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए छात्रों को आश्वस्त किया कि सरकार छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार भविष्य में पेपर लीक की घटनाएं रोकने के लिए जल्द ही एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित करेगी जो एनटीए में व्यापक सुधार करेगी।

धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार एक उच्च स्तरीय समिति बनाने जा रही है। एनटीए, इसकी संरचना, कार्यप्रणाली, परीक्षा प्रक्रिया, पारदर्शिता और डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल को और बेहतर बनाने के लिए उस उच्च स्तरीय समिति से सिफारिशें अपेक्षित होंगी।

प्रधान ने आज खुलासा किया कि यूजीसी-नेट परीक्षा का पेपर डार्कनेट पर लीक हो गया था जिसके कारण इसे रद्द कर दिया गया।


हजारीबाग सर्राफा

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | ₹ 6,780.00 | प्रति ग्राम |
| चांदी | ₹ 95.00 | प्रति ग्राम |

पहले शोरूम के रूप में स्थापित हजारीबाग शहर का गौरव

देश हित के लिए मतदान अवश्य करें!

अक्षय तृतीया मेकींग चार्जेज फ्लैट 10%*

4 दशकों से निरंतर सेवा में

अनूठे विश्वास और आईने की सच्चाई के साथ

DIAMOND, GOLD, SILVER 100% शुद्धता के साथ




A House of Traditional Trust

SRI ALANKAR JEWELLERS

MALVIYA MARG, HAZARIBAG, Mob. : 9934943065


## राज्य में शीघ्र होगी मुख्यमंत्री बहन बेटी स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना की शुरूआत : चम्पाई सोरेन

### मुख्यमंत्री ने महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा की

रांची, उज्ज्वल दुनिया सं



मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने गुरुवार झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में शीघ्र मुख्यमंत्री बहन बेटी स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना की शुरूआत करें।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इस योजना के तहत 25 वर्ष से ऊपर तथा 50 वर्ष से कम उम्र की सभी वर्ग समुदाय की गरीब जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार झारखंड प्रदेश की महिलाओं के बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, महिला सशक्तिकरण, परिवार में महिलाओं की निर्णायक भूमिका सुनिश्चित कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ₹मुख्यमंत्री बहन बेटी स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना₹ का लाभ निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत सभी वर्ग समुदाय के पात्र महिलाओं को मिलना प्रारंभ हो, इस निमित्त विभाग अपनी पूरी तैयारी युद्धस्तर पर करना सुनिश्चित करे।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस महत्वपूर्ण योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करना भी अतिआवश्यक है अतएव विभाग व्यापक प्रचार-प्रसार करने की कार्ययोजना जल्द बनाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस योजना से संबंधित सभी प्रक्रिया सरल और पारदर्शी हो यह सुनिश्चित करें। आईटी विभाग का पूरा सहयोग लें। बैठक में मुख्यमंत्री ने सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द इस योजना का एक बेहतर पोर्टल तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के सफल संचालन के लिए जरूरी है कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग एक बेहतर तालमेल और समन्वय के साथ योजना के संचालन को मूर्त रूप दें।

सर्वजन पेंशन योजना से आच्छादित सभी पेंशनधारियों को ससमय भुगतान सुनिश्चित करें: मुख्यमंत्री ने सर्वजन पेंशन योजना के तहत सभी प्रकार की पेंशन योजनाओं की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सर्वजन पेंशन योजना से आच्छादित पेंशनधारियों को पेंशन राशि का भुगतान निर्धारित समय पर करें।

### पीएम मोदी 10वें 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' पर श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में करेंगे योगासन



नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के दो दिन के दौरे पर रवाना हो गए हैं। पीएम मोदी 10वें 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' पर 21 जून को श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे और योग प्रेमियों के साथ योगासन करेंगे।

नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की पहल की। उन्होंने सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र में 'योग दिवस' मनाने का प्रस्ताव रखा था।

इस प्रस्ताव का कई देशों ने अपना समर्थन दिया और बाद में 11 दिसंबर 2014 को यूएन ने प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। इसके बाद से हर साल 21 जून को 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' मनाने का निर्णय लिया गया। 2015 के बाद से 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' भारत के साथ-साथ विश्व भर के तमाम देशों के लोग एक साथ मिलकर योग करते हैं। आज पूरे विश्व में 10वें 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' को लेकर एक अभूतपूर्व उत्साह और उमंग देखने को मिल रहा है। भारत में योग का इतिहास 5,000 वर्ष से भी अधिक पुराना है और हमें इसका उल्लेख ऋग्वेद में मिलता है।


सप्तगिरि आई.टी.आई.

भारत सरकार N.C.V.T नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त

ट्रेड- मैकेनिकल डीजल, फिटर, इलेक्ट्रीशियन

- Wi-Fi Campus
- CCTV Camera
- Campus Selection
- Scholarship Facility

नामांकन प्रारंभ सत्र- 2024-26

Hostel Facility Available

सिन्दुर, महेन्द्र कॉलोनी, हजारीबाग

9470333159

9608881460




Email: saptagiri.hzb@gmail.com



ACHIEVERS' CLASSES

"Come with Dreams, Leave with Success"

A Premier Coaching Institute for VI, VII, VIII, IX, X, XI, XII, XII Pass (DROPPER), NTSE, OLYMPIAD, IIT- JEE (MAIN + ADV.) & NEET EXAMS



Congratulations to our JEE-MAIN 2024 TOPPERS....

TOTAL SELECTION FOR JEE - ADVANCED 223 STUDENTS

| SAHIL | PRAKHAR | ASHISH | ADITYA | AYUSH | SIKANDAR | SREYAS | SOURYA | PRAKHAR | And many more.... |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 99.86 Percentile | 99.82 Percentile | 99.73 Percentile | 99.61 Percentile | 99.24 Percentile | 99.14 Percentile | 99.1 Percentile | 99.05 Percentile | 99.05 Percentile | |

SELECTION IN 2023 | SELECTION IN JEE-ADVANCED 42 | SELECTION IN JEE-MAIN 220 | SELECTION IN NEET 50

Admission is going on....

Schooling Facility Is Available For 10th Pass Students

OUR PREVIOUS YEARS NEET TOPPERS




Scholarship Available upto 100% on Tuition Fee

Our Pillar Of Success




Main Branch: ABOVE BANK OF BARODA, KALIBARI ROAD, HAZARIBAG

Cont.- 9006618149, 9955455935, 9534188949, www.achieversclasses.com


## सरकार के पास पैसों की कमी सिर्फ गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के लिए रहती है : बाबूलाल मरांडी

रांची, उज्ज्वल दुनिया सं



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों की योजनाएं चलाने के लिए पैसे का रोना रोती है।

उन्होंने कहा कि जहां गठबंधन सरकार के पास महिलाओं को चूल्हा खर्च देने के नाम पर 2000 रुपये तक नहीं हैं, जहां बेरोजगारी भत्ता देने में सरकार की रूह कांप उठती है, जहां किसानों की दो लाख तक कर्ज माफी करने में सरकार के पास पैसे नहीं बचते है, जहां गरीबों की थाली में दो वक्त की रोटी मुहैया कराने में पैसे की कमी हो जाती है, उसी गठबंधन सरकार के लिए खुद के लिए पैसों की कोई कमी नहीं है।

उन्होंने कहा कि जहां मुख्यमंत्री को महीने के 80,000 रुपये, मंत्री और राज्यमंत्री को 65,000 रुपये तथा विधायकों को 40,000 रुपये कम पड़ जाते हों, वहीं झारखंड की आम जनता के भविष्य और जीवन यापन के लिए सरकार के पास 2 आना भी नहीं है। ये कैसी सरकार है जिसकी, बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने में सांसें फूलने लगती हो, छात्रों के लिए नौकरी का विज्ञापन निकालने में हाथ थरथराने लगते हों। उन्होंने कहा कि मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने में जिनकी इंसानियत मर जाती हो, महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में जिनके पैरों के नीचे की जमीन खिसक जाती हो, गरीबों के बेहतर जीवन यापन की गारंटी देने में जिनकी कलम चलनी बंद हो जाती है, किसानों के साथ न्याय करने में जिनके पसीने छूटने लगते हों, झारखंड की जनता ऐसी सरकार के बारे में जानना चाहती है। जब बात खुद के इंतजाम की आती है तो इतने पैसे सरकार के किस बटुए में आ जाते हैं, सरकार के आंगन में लगा वो कौन सा पैसों का पेड़ है जो सत्ताधारियों, जन प्रतिनिधियों के लिए ही धन की वर्षा करता है।

# उपायुक्त ने रायडीह प्रखंड के कोब्जा पंचायत स्थित नकटीझरिया ग्राम का किया दौरा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**गुमला-** आज गुरुवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के क्षेत्र भ्रमण के क्रम में उन्होंने रायडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र के कोब्जा पंचायत स्थित नकटीझरिया ग्राम का दौरा किया। दरअसल उक्त ग्राम वासियों ने मंगलवार को जिले में आयोजित हुए जनशिकायत निवारण दिवस में आकर उपायुक्त से मुलाकात की थी एवं उनके गांव तक जाने के लिए पक्की सड़क के निर्माण हेतु उपायुक्त को आवेदन समर्पित किया। जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त ने उनके गांव का दौरा करने का वायदा किया था , इसी क्रम में आज उपायुक्त ने उक्त ग्राम का भ्रमण कर वहां के नागरिकों से मुलकात की। 35 परिवारों वाले नकटीझरिया ग्राम में राउटिया एवं नगसिया समुदाय के नागरिक रहते हैं ,एवं उनकी आजीविका लाह एवं धान की खेती से चलती है। उक्त गांव तक पहुंचने के लिए उपायुक्त ने मुख्य सड़क से बाइक के माध्यम से लगभग 4 किलोमीटर की दूरी तय की। उपायुक्त ने सड़क की समस्या को देखा एवं उन्होंने आर.ई.ओ. विभाग के सहायक अभियंता को सोमवार तक मुख्य सड़क से उक्त ग्राम तक के लिए पहुंच पथ बनाने हेतु भौतिक परीक्षण करते हुए प्रकलन तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य किया जाएगा।

उपायुक्त ने ग्रामीणों से कहा कि सड़क निर्माण में थोड़ा वक्त लग सकता है परंतु केवल सड़क के निर्माण होने तक का इंतजार न करें सरकार के अन्य योजनाओं का लाभ लें स्वयं को जागरूक बनाएं



एवं अपने बच्चों को अच्छे से पढ़ाएं । उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी परंतु ग्रामीणों की भी जिम्मेदारी है कि वे सरकार को सहयोग करें एवं स्वयं को जागरूक बनाएं।

सड़क के अतिरिक्त उपायुक्त ने ग्रामीणों से अन्य समस्याओं के बारें में भी जाना ,ग्रामीणों ने मुख्य रूप से बिजली एवं पानी की समस्या को उपायुक्त के समक्ष रखा। बिजली की समस्या के समाधान हेतु उपायुक्त ने उक्त ग्राम में सोलर ग्रिड लगवाने की बात कही, जिसके लिए उन्होंने ग्रामीणों से जगह चिन्हित करने की बात कही। इसी प्रकार पानी की समस्या के समाधान हेतु उपायुक्त ने पी.एच.ई.डी. विभाग के अधिकारियों को उक्त स्थान का दौरा करते हुए पानी की वैकल्पिक व्यवस्था हेतु 1 दिन के अंदर योजना तैयार करते हुए प्राक्लन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने ग्रामीणों से भी एक समूह बनाने का आग्रह किया जिनके द्वारा पानी एवं बिजली के कनेक्शन के पश्चात नियमित देखभाग की जाएगी।

इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने रोजगार सेवक से आज संध्या तक सभी ग्रामीणों का जॉब कार्ड बनवाने हेतु ऑनलाइन आवेदन भर देने का निर्देश दिया एवं संध्या 6 बजे तक रिपोर्ट की मांग की। इसके साथ ही उपायुक्त ने ग्रामीणों को सरकार के अन्य योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को कैंप लगवाते हुए विभिन्न योजनाओं से वहां के ग्रामीणों को जोड़ने का निर्देश दिया।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को भी हेल्थ चेकअप कैंप लगाते हुए स्वास्थ्य जांच करने की बात कही। उपायुक्त ने छ्वस्क्क से जुड़ी सखी मंडल की महिलाओं को अपने समूह को सशक्त करने की बात कही उन्होंने छ्वस्क्क के डीपीएम को भी उक्त गांव में समय समय पर आकर वहां की महिलाओं को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने एवं गांव को शसक्त करने हेतु निर्देशित किए।

उपायुक्त ने ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जाती प्रमाण पत्र जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों को बनवाने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया। इसके अलावा उन्होंने गांव के बच्चें जो गुमला में रहकर अपनी पढ़ाई कर रहें है से भी बात की, एवं ग्रामीणों को उन बच्चों के माता पिता से प्रेरित होकर अपने बच्चों को भी अच्छी शिक्षा देने की बात कही।

## जिले में ''सपनों की उडान'' नामक साइन्स ओलंपियार्ड का 26 जून 2024 को किया जाएगा आयोजन

**गुमला-** सिकछ्र कर भेंट गतिविधि अंतर्गत उपायुक्त, कर्ण सत्यार्थी द्वारा जिले के शिक्षा विभाग एवं कल्याण विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय तथा सरकारी आवासीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए साइन्स ओलंपियार्ड के आयोजन का निर्णय लिया गया है। ''सपनों की उान'' नामक इस साइन्स ओलंपियार्ड का आयोजन दिनांक 26 जून 2024 को किया जाएगा, जिसमें जिला मुख्यालय अवस्थित तीन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सहित दस कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय, दो झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय एवं कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित छः आवासीय विद्यालय के कक्षा 09 एवं कक्षा 11वीं के विज्ञान संकाय में पने वाले छात्र एवं छात्रा भाग लेंगे। साइन्स ओलंपियार्ड में भाग लेने के लिए इन विद्यालयों में कक्षा 09 में पने वाले 950 बच्चें तथा कक्षा 11वीं विज्ञान में पने वाले 392 बच्चों को आमंत्रित करते हुए संबंधित विद्यालयों को आवश्यक तैयारियों हेतु निर्देशित किया गया है।

एक घंटे के इस साइन्स ओलंपियार्ड में सामान्य विज्ञान, रसायन, भौतिकी, जीव विज्ञान आदि से वस्तुनिष्ठ प्रकृति के कुल 50 प्रश्न पुछे जाएगें।

इस संबंध में जानकारी देते हुए झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला से सहायक नोडल पदाधिकारी दिलदार सिंह द्वारा बताया गया कि विज्ञान बच्चों को उनके जीवन में होने वाली चीजों के बारे में होशियार और जिज्ञासु बनाता है तथा छात्रों के तार्किक सोच को बेहतर बनाने में भी मदद करता है।

## नगर परिषद द्वारा पार्किंग का नया नियम व्यापारी हित में सही नहीं

**गुमला** चैंबर ऑफ़ कॉमर्स की मासिक बैठक चैंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में चेम्बर कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर लोगों ने विचार रखे। रेजगारी के सम्बन्ध में अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने बताया की प्रमुख बैंको से बात हुई है एवं फेडरेशन ऑ झारखण्ड चेम्बर ऑ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज को भी रेजगारी उपलब्ध कराने के लिए आग्रह किया गया है। श्रम विभाग द्वारा प्रतिष्ठानों में बाल मजदूरी नहीं करवाने को लेकर जारी सूचना पत्र को प्रत्येक दुकान में लगवाने का निर्णय लिया गया। गुमला चेम्बर विभिन्न समस्याओ को लेकर नियोजन पदाधिकारी के साथ गुमला चेम्बर कार्यालय में चेम्बर के डेलिगेट्स के साथ वार्तालाप का निर्णय हुआ। बाजार तांड की बाउंड्री



वाल में अतिरिक्त गेट खोलने की मांग को लेकर उपायुक्त गुमला से मिलकर बात रखी जाएगी। गुमला में नए पार्किंग स्थल चिन्हित करने को लेकर व्यापारियों को हो रही समस्या के विरोध में नगर परिषद से चेंबर डेलिगेट्स मिलकर नियम में बदलाव की मांग रखेगी। टावर चौक का टावर काी छतिग्रस्त हो गया है इसे तोकर नये तरीके से बनवाने की मांग उपायुक्त गुमला से की जाएगी। पूर्व अध्यक्ष विनोद केसरी ने गुमला में विद्युत आपूर्ति में सुधार करवाने की मांग चेम्बर अध्यक्ष से की। पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केसरी ने फूड लाइसेंस बनवाने में आ रही परेशानी का मामला उठाया, इस पर फूड इंस्पेक्टर से मिलकर अवगत कराने का निर्णय हुआ। बरसात के दिनों में हवा और तूफान से सक के किनारे बहुत से पौ की टहनियों टूट कर बिजली की तारों को छति पंहुचाती है इसपर वन अधिकारी से मिलकर निदान का प्रयास किया जायेगा।

बैठक में अध्यक्ष दामोदर कसेरा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित माहेश्वरी, निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विनोद केसरी, पवन अग्रवाल, दीपक गुप्ता, पदम साबू, हिमांशु केसरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल रॉकी, सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव नीरज गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुनीलाल साहू, आदित्य गुप्ता, प्रणय कुमार, राजेश लोहानी, गुरमीत सिंह, दिलीप गुप्ता, बृज किशोर फोगला, आनंद गुप्ता, विकास सिंह, रितेश कुमार, प्रतीक अग्रवाल, मनीष गुप्ता, श्याम गुप्ता, सुषमा गुप्ता, सोनी देवी, ललित गुप्ता, राहुल केसरी, विजय शंकर दास एवं अन्य उपस्थित थे ।

## सकारात्मक विचारों को उत्पन्न करता है योग : प्रवीण राजगढिया

**भुरकुंडा (रामगढ)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में योग का महत्व विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इससे पूर्व शिक्षकों के निर्देशन में जारी योग पखवारा के तहत विद्यार्थियों और अभिभावकों द्वारा अपने घर पर प्रतिदिन योगाभ्यास किया गया। शिक्षकों ने सभी को योग के विभिन्न आसनों कपालभाति, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, बालासन, ता?ासन, सेतुबंधासन, वृक्षासन, सुखासन, भुजंगासन, धनुराषण, नटराजासन, वीरभद्रासन, उष्ट्रासन आदि की जानकारी देकर योग के फायदे बताए गए। परिचर्चा में स्कूल के निदेशक प्रवीण राजग?िया ने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। यह मन और शरीर की एकता, विचार और क्रिया, संयम और पूर्णता, मनुष्य और प्रकृति के



बीच सामंजस्य, स्वास्थ्य और कल्याण का एक समग्र मार्ग है। यह सकारात्मक विचारों को उत्पन्न करता है। मन की अशुद्धता को बाहर निकाल कर व्यक्तिगत चेतना को मजबूती प्रदान करता है। जिससे जीवन में उत्साह और ऊर्जा बनी रहती है। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि आधुनिक युग में योग का महत्व काफी ब? गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि आज हर व्यक्ति कहीं न कहीं दोषपूर्ण जीवनशैली में जीने लगा है। जिसका उनके शरीर और मन पर प्रतिकूल असर प रहा है। लोग बीमारी की गिरफ्त में आने लगे हैं। ऐसे में योग हमें खुद को स्वस्थ रखने में सबसे कारगर साधन साबित हो सकता है। निदेशक (एकेडमिक) एसके चौधरी ने कहा कि सभी उम्र के व्यक्तियों के लिए योग का असंख्य लाभ है। जिसके कारण योग ने पूरी दुनिया में अपार लोकप्रियता हासिल की है। यह न केवल शारीरिक फिटनेस को बावा देता है, बल्कि तनाव को कम करने, एकाग्रता में सुधार करने और आंतरिक शांति की भावना को बाने में भी मदद करता है। प्रशिक्षक नरेंद्र सिन्हा ने बताया कि योग से आत्मविश्वास, ध्यान और एकाग्रता बती है। शारीरिक लचीलापन आने के साथ मांसपेशियों को मजबूत बनाने में योग बेहद कारगर है। इससे तनाव व नकारात्मक व्यवहार दूर होता है। योग से शारीरिक संतुलन के साथ अच्छी नींद आती है। शैक्षिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने, शांत एवं रिलैक्स रहने में भी इसका महत्वपूर्ण योगदान है। प्रशिक्षक करुणा राजग?िया ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाता है। यह दिन उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है और योग भी मनुष्य को दीर्घायु बनाता है। परिचर्चा के बाद विद्यार्थियों के बीच योग के महत्व पर लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने योग के विभिन्न आसनों को चित्रित करते हुए उसके फायदे बताए।

## विस्थापित प्रभावित सेल समिति के चार राजस्व गांव के ग्र्रामीणों की दुंदुवा में हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ)।** विस्थापित प्रभावित सेल समिति के चार राजस्व गांव देवरिया, कुरसे, दुंदुवा और बलकुदरा की बैठक रिभर साईड भुरकुंडा स्थित दुंदुवाबस्ती में की गई। इसकी अध्यक्षता झरी मुंडा और संचालन संजय मांझी ने किया। बैठक में भुरकुंडा रोड सेल में भागीदारी सुनिश्चित करने, बेरोजगारों को रोजगार से जोडने और समिति द्वारा पूर्व में प्रबंधन को सौंपे गये मांगो पर चर्चा की गई। कहा गया कि इससे पहले जो पूर्व में चारों गांव का जमीन प्रबंधन द्वारा अधिग्रहित किया गया है जिसका लाभ अभी तक विस्थापितों को नहीं मिला है इससे विस्थापितों में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि अब जो रोड सेल के माध्यम से रोजी-रोजगार का अवसर मिल रहा है उसमें भी प्रबंधन द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है, इसका हमसभी पुरजोर विरोध करते हैं। कहा गया कि इसके पूर्व में आवेदन के माध्यम से प्रबंधन को अवगत कराया गया था। प्रबंधन बावजूद इसके हम विस्थापित परिवारों को नजर अंदाज करके चलती है तो हम विस्थापित चारों गांव के ग्रामीण मिलकर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी। बैठक में राजेश कुमार महतो, आशीष महतो, आनंद बेदिया, अर्जुन बेदिया, रोहित मुंडा, वीरेंद्र मांझी, वीरेंद्र मुंडा, दिनेश महतो, अभिजीत सोरेन, संतोष बेदिया, कैलाश महतो, राजू बेदिया, प्रवीण बेदिया, सिकंदर बेदिया, कमलचंद बेदिया, रविंद्र महतो आदि मौजूद थे।.

## हुरुमगढ़ा भुरकुंडा में भाकपा माले ने मनाया प्रतिवाद दिवस

**भुरकुंडा (रामगढ)।** भाकपा माले केन्द्रीय कमेटी के तत्वावधान में माले प्रखंड सचिव कॉ. नरेश बाईक एवं मनोज मांझी के नेतृत्व में अरुंधती राय और डॉ शेख़ शौकत हुसैन के ऊपर यूएपीए लादे गए मुकदमे के खिलाफ भाकपा माले का देश व्यापी प्रतिरोध कार्यक्रम के तहत हुरुमगढ़ा भुरकुंडा में प्रतिवाद दिवस मनाया गया। इस दौरान दमनकारी कानूनों को खत्म करो, सभी राजनीतिक कैदियों को रिहा करो, अरुंधती राय और डॉ. शेख शौकत हुसैन के खिलाफ यूएपीए के मुकदमे को रद्द करो आदि के नारा भी बुलंद किया गया। मौके पर माले के प्रखंड सचिव नरेश बाईक ने कहा कि केंद्र की भाजपानीत मिली-जुली सरकार का गठन होते ही अरुंधती राय और शेख़ शौकत हुसैन के खिलाफ यूएपीए लगाने की अनुमति देकर नई सरकार ने अपनी तानाशाही की मंशा को उजागर कर दिया है। यह अभिव्यक्ति की आजादी और असहमति के अधिकार पर हमला है। उन्होंने कहा कि भाकपा माले 21 जून को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवाद दिवस मनाया गया और लोकतंत्र की हत्या की साशि के खिलाफ सकों पर एकजुट होकर तमाम लोकतांत्रिक शक्तियों को उतरने का आह्वान करती है। विगत चुनाव में तमाम संस्थाओं का दुरपयोग कर भी भाजपा सरकार बनाने लायक बहुमत नहीं जुटा पाई और झारखंड समेत पूरे देश में मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ लोग उठ खे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सदन में विपक्ष की मजबूत आवाज के साथ-साथ सकों पर लोकतांत्रिक आंदोलनों के जरिए ही संघ-भाजपा के तानाशाही के मंसूबों को पस्त किया जा सकता है। पहले स्टेन स्वामी की न्यायिक हत्या और तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की साशिन गिरफ्तारी को प्रदेश की जनता भुली नहीं है।

# डाडी प्र्रखंड सभागार में बीएलबीसी की बैठक का किया गया आयोजन

**गिद्दी।** डाडी प्रखंड सभागार में बीएलबीसी की बैठक का आयोजन अग्रणी जिला प्रबंधक एलडीएम हजारीबाग की अध्यक्षता किया गया। बैठक में प्रखंड के विभिन्न बैंक शाखाओं के बैंक प्रबंधक के साथ-साथ प्रखंड के विभिन्न विभागों की पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से केसीसी के संबंध में चर्चा की गई। बैंकों को प्रेषित केसीसी आवेदन का निपटारा जल्द से जल्द करने का निर्देश बैंकों को दिया गया। साथ ही नए आवेदन लेने हेतु सभी को निर्देश दिया गया। किसान मित्रों को बैठक बुलाकर उनसे अधिक से अधिक आवेदन लेने का भी निर्णय लिया गया। मनरेगा लाभुकों को बैंक खाता का केवाईसी के संबंध में हो रही दिक्कत के संबंध में भी चर्चा की गई। जिसमें एनपीसीआई मैपिंग और




आधार मैपिंग आदि के संबंध में चर्चा भी की गई। इसमें बैंक के द्वारा यह जानकारी दी गई कि एनपीसीआई मेपिंग लिस्ट और आधार के साथ लाभुकों का मोबाइल नंबर आदि बैंक को उपलब्ध कराने से केवाईसी में हो रहे दिक्कतें दूर की जा सकती है। इसी तरह अबुआ आवास के लाभुकों को भी पेमेंट में आ रही दिक्कत, जिसमें ई केवाईसी नहीं होने के कारण जो कठिनाइयां होती है। उसमें भी यही प्रक्रिया अपनाने की सलाह दी गई है। सामाजिक सुरक्षा के तहत भी लाभुकों को केवाईसी में हो रही दिक्कत का समाधान इसी तरह करने की सलाह दी गई। साथ ही साथ सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशनधारी के केवाईसी तथा मृत्यु हो गए पेंशन धारकों उनका पेमेंट का रिकवरी या फिर जो उनके आश्रित है। उनको मृत्यु की तिथि से पहले तक देने हेतु निर्णय प्रखंड से करने का आग्रह बैंकों के द्वारा किया गया। जेएसएलपीएस के तहत एसएचजी ग्रुप का फर्स्ट लिंकेज और एनहैंसमेंट लिंकेज ज्यादा से ज्यादा एसएचजी को इस माह करने हेतु निर्देश दिया गया है। जेएसएलपीएस से जितना एसएचजी समूह है। उन्हें बैंकों के द्वारा पासबुक उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया है। प्रत्येक बैंक शाखा में एसएचजी को लोन देने हेतु कैंप लगाने का भी निर्देश दिया गया। जिसके तहत इस माह बैंक ऑफ़ इंडिया गिद्दी के द्वारा कैंप लगाने का निर्णय लिया गया है। उद्योग विभाग के द्वारा भी पीएम एजीपी और पीएम एफएम योजना हेतु कम से कम पांच आवेदन प्रत्येक माह बैंक शाखों को जेएसएलपीएस के संबंध में स्थापित कर भेजने हेतु निर्देश दिया गया।

## एक-नजर

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सीखी फिल्म निर्माण की बारीकियाँ



**रांची:** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के 'जलतरंग' कार्यक्रम में झारखंड के प्रमुख फिल्म निर्माता और सामाजिक कार्यकर्ता श्री मेघनाथ ने फिल्म निर्माण से संबंधित कई बारीकियाँ छात्रों और शिक्षकों को बताई। छात्रों और शिक्षकों ने उनके साथ बातचीत में बढ-चढकर हिस्सा लिया। उन्होंने छात्रों को पृथ्वी, दिन और रात तथा पृथ्वी पर जीवन की रचना से संबंधित एक एनीमेटेड फिल्म 'द मुंडारी सृष्टि कथा' दिखाया, जो लोक-कथा पर आधारित थी। इसके बाद उन्होंने सतत विकास और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग पर आधारित एक प्रसिद्ध गीत 'गांव छोडब नहीं' तथा 'ट्रेन रूट टू लोहरदगा' डोक्युमेंट्री फिल्म भी दिखाई। उन्होंने 'सत्यजीत रे फिल्म क्लब' तथा 'मीडिया और संचार क्लब' के सदस्यों के साथ फिल्म से संबंधित बातचीत की। छात्रों के लिए यह अनुभव बहुत ही ज्ञानवर्धक और समृद्ध रहा।प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि छात्रों को मेघनाथ जैसे अनुभवी फिल्म निर्माता के साथ बातचीत करने का यह अवसर उपयोगी रहा ।उन्हें फिल्म निर्माण की सूक्ष्म जानकारी प्राप्त हुई, साथ ही इस क्षेत्र में करियर के अवसरों के बारे में मार्गदर्शन मिला।.

### डाडी प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पंचायत सचिव व जनसेवकों के पंचायतों का किया आंशिक फेरबदल

**गिद्दी।** डाडी प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती अनु प्रिया द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर विभिन्न पंचायतों के पंचायत सचिवों का कार्यक्षेत्र में आंशिक फेरबदल करते हुए अपने अपने आवंटित पंचायतों में एक सप्ताह के अंदर योगदान देने का निर्देश जारी किया है।बीडीओ अनु प्रिया द्वारा निर्देश के तहत हरिहर प्रसाद पंचायत सचिव को होन्हेमोा,लाल बहादुर महथा को रबोध,शक्ति राम बेदिया को टोंगी और रेलीगा पूर्वी,प्रभु नारायण सिंह को कनकी एवं हुवाग,मंजीत कुमार सिंह को रेलीगा पश्चिमी एवं गिद्दी क,मनबोध कुमार महतो जनसेवक को मिश्राइन मोा, पंचायत सेवक मो. सरफराज अहमद को बलसगरा,अरुण कुमार यादव को गिद्दी ख,श्रीमती निशा कुमारी को गिद्दी ग,श्रीमती पुष्पा कुमारी को डाडी तथा प्रमोद कुमार कश्यप को हेसालोंग पंचायत का कार्यभार आवंटित किया गया है।साथ ही श्रीमती निशा कुमारी एवं अरुण कुमार यादव के प्रमंडलीय प्रशिक्षण संस्थान हजारीबाग से प्रशिक्षणोपरान्त वापस आने के बाद आवंटित पंचायत का प्रभार ग्रहण किया जाएगा।तबतक वर्तमान पंचायत सचिव ही कार्यभार पर बने रहेंगे।

### रोटरी रांची के सेटेलाइट क्लब अपटाउन का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न

**भुरकुंडा (रामगढ)।** रोटरी क्लब ऑफ रांची के द्वारा सेवा क्षेत्र में विस्तार के लिए नई सेटेलाइट क्लब रोटरी क्लब ऑफ अपटाउन का गठन किया गया है। बुधवार को इसका चार्टर प्रजेंटेशन हुआ। रोटरी क्लब रांची के अध्यक्ष विनय ढांढानिया, सचिव ललित त्रिपाठी एवं पूर्व अध्यक्ष रेखा सिंह ने अपटाउन की अध्यक्ष रूमा चटर्जी, सचिव नितिका शर्मा, कोषाध्यक्ष सीमा सिंह सहित रचना बाली, ममता राज उपाध्याय, रंजना प्रसाद, रूपा मुखर्जी, संगीता प्रसाद को शपथ दिलाते हुए लेपल पिन लगाया। इस अवसर पर पीडीजी जोगेश गंभीर, पीडीजी राजीव मोदी ने सेटेलाइट क्लब को उसके कार्यो की जानकारी दी। जोगेश गंभीर ने कहा कि सेटेलाइट क्लब के गठन से जनसेवा के कार्यों में और तेजी आएगी। इसलिए प्रत्येक क्लब विभिन्न कम्युनिटी में 10-10 लोगों का क्लब बनाकर कार्यो को आगे ब?ाएं। पीडीजी राजीव मोदी ने रोटरी क्लब के मोटो और विजन पर प्रकाश डाला। रोटरी क्लब ऑफ अपटाउन की चार्टर अध्यक्ष रूमा चटर्जी ने कहा कि साक्षरता, युवाओं में नशा प्रवृति रोकने, करियर काउन्सलिंग इत्यादि कार्यक्रम पर मुख्य फोकस किया जाएगा। समाज और युवाओ को सही मार्गदर्शन देते हुए जनसेवा के कार्यों को गति दी जाएगी। बताया कि रोटरी क्लब ऑफ अपटाउन रांची का कार्यालय ब्रह्मचारी आश्रम, धुर्वा में होगा। इस अवसर पर रोटरी क्लब के भंडारी लाल, अजय साबु, मुकेश तनेजा, सुमित अग्रवाल, गौरव बागराय, डॉ अनिल पांडेय, कर्नल यूसी राज, अतुल अग्रवाल, सुधा ढांढनियां, प्रवीण राजग?िया, हरमिंदर सिंह, दीपक श्रीवास्तव, अमित अग्रवाल, आदित्य मल्होत्रा, प्रशांत गौरव, पवन जायसवाल आदि मौजूद थे।

### नई सरकार ने अपनी तानाशाही मंशा को उजागर किया है।

**गुमला** - गुमला जिला मुख्यालय में भाकपा माले ने अपनी विरोध वक्त करते हुए कहा है की केंद्र की भाजपा की मिलिजुली सरकार के बनते ही अरुंधती राय और शेख सौकत हुसैन के खिलाप्क्कलगाने की अनुमति देकर नई सरकार ने अपनी तानाशाही मंशा को उजागर किया है, यह अभिव्यक्ति और असहमति के अधिकार पर हमला है। उन्होंने कहा कि तमाम संस्थाओं का दुरुपयोग करने के बाद भी भाजपा सरकार बनाने लायक बहुमत नहीं जुटा पाई और झारखंड सहित पूरे देश में मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ लोग उठ खरे हुए हैं। संसद में बिपक्छ कि मजबूत आवाज के साथ साथ सड़कों पर लोकतांत्रिक आंदोलनों के जरिए ही संघ भाजपा के तानाशाही मंसूबों को परास्त किया जा सकता है। पहले स्टेन स्वामी की न्यायिक हत्या और तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की साजिसन गिरफ्तारी को प्रदेश की जनता भूली नहीं है, न्याय की लड़ाई में झारखंड की जनता पीछे नहीं रहेगी।कार्यक्रम में मजदूर नेता महेंद्र जंक्शन उरांव, रामावतार साहू, हिमायु साहू, दर्शन उरांव, देवलाल लोहरा, प्रमिला देवी, बिरजानंद उरांव, विद्यासागरउपस्थित थे।

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई हजारीबाग कार्यकारिणी के सदस्यों ने की नवनिर्वाचित सांसद से मुलाकात

**हजारीबाग।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा हजारीबाग जिला इकाई अध्यक्ष अरुण प्रभात सिन्हा और कार्यकारी अध्यक्ष बृजमोहन प्रसाद के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जयसवाल के साथ एक शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इसके साथ ही महासभा के द्वारा देश निर्माण, राष्ट्र निर्माण और प्रगतिशील समाज निर्माण में सहभागिता में किए गए कार्यो को पूरा किया। इसकी स्थानीय सांसद श्री जयसवाल ने बहुत ही प्रशंसा की। मौके पर महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंन्हा, जिला महामंत्री रश्मि लाला, जिला उपाध्यक्ष सरिता सिंन्हा, श्वेता सिन्हा, कुमकुम सिंन्हा, नीलू रंजन, नीलिमा सिंन्हा, उषा सिंन्हा, रूपेश बिहारी लाला, संजय सिंन्हा,अजय अम्बष्ठा, शशिकांत, विपिन बिहारी सिन्हा, सुशील कुमार सिंन्हा, विभुति सिन्हा,अनूप कुमार सिंन्हा, अरविंद जी सहाय, ललन प्रसाद, शत्रुंजय प्रसाद आदि लोग मौजूद थे।

### सीलाफारी में डेढ़ लाख घनफीट अवैध बालू भंडारण के मामले में अज्ञात रेत माफियाओं पर की प्राथमिकी दर्ज

**गुमला** - गुमला जिला खनन पदाधिकारी विभूति कुमार ने डेढ़ लाख घटनफीट अवैघ बालू भंडारण के ममाले में गुमला थाना में अज्ञात रेत माफियाओं पर की प्राथमिकी दर्ज . उक्त दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि 18 जून को सुबह 11 बजे सिलाफारी हुंडराटोली ।

# भगवान बिरसा मुंडा की भूमि को नशा मुक्त बनाएं: डालसा सचिव

**खूंटी,** । जिला प्रशासन, डालसा और चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सीनी) के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को सिलादोन पंचायत भवन में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने मादक पदार्थों से जुड़े कानूनी पहलुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के किशोरों को मादक पदार्थ की बिक्री गैर कानूनी है। मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री गैर कानूनी है। नशीले पदार्थ जैसे अफीम, गांजा की गैर कानूनी तरीके से खेती दंडनीय अपराध है। इसके लिए कठोर सजा का प्रावधान है। दोषी पाए जाने पर 20 वर्ष तक की सजा और दो लाख या उससे अधिक का जुमार्ना हो सकता है। हम सब का कर्तव्य बनता है कि भगवान बिरसा मुंडा की भूमि को नशा मुक्त बनाएं। खूंटी प्रमुख छोटराय मुंडा ने ग्रामीण क्षेत्रों में नशापन से हो रहे दुष्प्रभावों पर




चर्चा करते हुए कहा कि नशापान के कारण लोगों को आर्थिक, समाजिक, शारीरिक, मानसिक रूप से परेशानियां उठानी पड़ती है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले बाजार हाट, मेलों में भी नशापान के कारण व्यवधान उत्पन्न होता है, शांति व्यवस्था भंग होती है। नशे के कारण बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही है।

नशोपान को खत्म करने के लिए ग्रामसभा को सशक्त होना होगा और इसके लिए महिलाओं को आगे आना होगा। मादक पदार्थों के खिलाफ सरकार द्वारा चलाई जा रही मुहिम पर चर्चा करते हुए खूंटी बीडीओ ज्योति कुमारी ने कहा कि अफीम की खेती गैरकानूनी है जो भी अफीम की खेती करेगा उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिस जमीन पर अफीम की खेती पाई जाएगी उसके जमीन मालिक पर भी केस दर्ज किया जाएगा। क्षेत्र में कहीं भी मादक पदार्थ या अफीम की खेती होती हो तो टोल फ्री नंबर 112 में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने कहा कि खूंटी के कई किसान हैं जो टमाटर, ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रॉबेरी, लेमनग्रास की खेती कर बेहतर आय अर्जित कर रहे हैं। सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है ग्रामीणों को उनका लाभ लेना चाहिए।

## सार-संक्षेप

### गुरु गोविन्द सिंह पब्लिक स्कूल विधालय में छात्र समारोह का आयोजन



**रातू :** गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल कमड़े रातू में गुरुवार को 11वीं के नए सत्र के छात्रों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया.कार्यक्रम की शुरूआत अरदास एवं शबद से हुई.तत्पश्चात कक्षा 12वीं के छात्रों द्वारा कबीर के दोहे को गिटार के साथ गाकर प्रस्तुत किया गया.जिसकी सभी ने सराहना की.उसके बाद ' करियर एंड गाइडेंस'विषय पर एक पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया.जिसमें छात्रों को अपने करियर चुनते समय किन-किन तथ्यों को ध्यान में रखना चाहिए ,इस विषय पर छात्रों को सजग रहते हुए भविष्य की योजनाओं की तैयारी करनी चाहिए, बातें मुख्य विषय वस्तु रही.आगे छात्रों का उनके कक्षा अध्यापकों से परिचय कराया गया, तथा छात्रों को विद्यालय का भ्रमण करवाया गया.विद्यालय की प्राचार्या शालिनी विजय ने नए छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि छात्रों का अपने भविष्य की योजना बनाने का यह सुनहरा मौका है, जिसमें अनुशासन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों को सह शैक्षिक गतिविधियों में भाग लेते रहना चाहिए इससे छात्रों के व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास होता है.

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा लोगों को नशा मुक्ति के लिए जागरूक अभियान चलाया

**रातू**:जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वाधान में गुरुवार को रातू प्रखंड के फेटा ग्राम में नशा मुक्ति उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया.पीएलभी लता देवी और सुनीता देवी ने लोगो से कहाँ की नशा समाज के लिए अभिशप है.

## मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता को लेकर वन विभाग एवं विभिन्न समूह की महिलाओं ने रैली निकाल शपथ ग्रहण किया

गुवा

### मादक द्रव्यों के सेवन की समस्याओं में कई जटिलताएँ हैं - -परमानंद रजक

खेलकूद एव युवा कार्य निदेशालय,झारखंड, रांची के निर्देश के आलोक में नोवामुंड़ी प्रखंड अंतर्गत गुवा के विभिन्न क्षेत्रों कल्याण नगर, हिरजीहाटिंग, स्टेशन कॉलोनी, नुईया गांव में मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया ।

इसके तहत गुवा पश्चिमी पंचायत अंतर्गत कल्याण नगर स्थित दुर्गा मंडप के प्रांगण में बैठक कर पेंटिंग के माध्यम से लोगों को मादक पदार्थों का सेवन नहीं करने को लेकर जागरूक किया गया।



मादक पदार्थों के दुरुपयोग से बचने एव इसके नुकसान को लेकर अपनी प्रतिभा को निखारते हुए जमीन पर रंगोली उकेरी गई तथा मादक पदार्थों को रोकने हेतु अपील समाज में की गई ।

अंत में रैली निकाल लोगों को जागरूक किया। साथ ही इसके प्रति शपथ ग्रहण किया गया।

ज्ञातव्य हो जिले के विभिन्न प्रखंडों समेत जिला मुख्यालय में 19 जून से 26 जून तक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता,योग कार्यक्रम, युवा संगोष्ठी, क्विज कंपटीशन, प्रभात फेरी, भाषण प्रतियोगिता,ड्राइंग कंपटीशन ,साइकिल रैली समेत अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य अतिथि वन विभाग पदाधिकारी परमानंद रजक ने कहा कि मादक द्रव्यों के सेवन की समस्याओं में कई जटिलताएँ हैं। वे यकृत रोग, फेफड़ों की बीमारी, हृदय रोग, विटामिन की कमी और मस्तिष्क क्षति जैसी शारीरिक समस्याएं पैदा कर सकते हैं। कुछ पदार्थ जन्म दोष पैदा कर सकते हैं और अन्य प्रतिरक्षा प्रणाली को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।इस मौके पर मुख्य अतिथि वन विभाग पदाधिकारी परमानंद रजक, पश्चिमी पंचायत मुखिया पद्मिनी लागुरी, पूर्वी पंचायत मुखिया चांदमनी लागुरी, जेएसएलपीएस सीआरपी जेंडर ममता देवी, गीता देवी, समूह की महिलाओं में मीनू देवी, सुमित्रा दास, विमला नाग, बेलमती केवर्ट, शालू देवी, अनीता पान, अनुराधा राव, नीलम समद, संजू कर्मकार, अलका देवी, लता कर्मकार, सरिता साहू, सुमित्रा पूर्ति, सावित्री नाग सहित अन्य महिला मौजूद थे।

### सभी 27 सांगठनिक जिलों और 513 मंडलों में भाजपा आयोजित करेगी योग दिवस कार्यक्रम

**रांची,** । प्रदेश भाजपा द्वारा राज्य के सभी 27 सांगठनिक जिलों एवं 513 मंडलों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी गुरुवार को प्रदेश उपाध्यक्ष एवम योग दिवस कार्यक्रम की प्रदेश संयोजक आरती कुजूर ने दी। उन्होंने बताया कि 21 जून को 10वां योग दिवस कार्यक्रम सुबह 7 बजे 540 स्थानों पर होंगे।उन्होंने आगे बताया कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी रॉक गार्डन स्थित कार्यक्रम में शामिल होंगे जबकि नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी चंदनक्यारी में, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी गिरिडीह सरस्वती शिशु मंदिर में, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र और विधायक नवीन जायसवाल अरगोड़ा मैदान में, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, एवं प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू एसएस हाई स्कूल ओरमांझी में, मनोज सिंह मेदनीनगर में शामिल होंगे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉची

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

PR.NO.-318742 REO(23-24):D

पत्रांकः– दिनांक–

अति अल्पकालीन ई–निविदा संख्याः–19/RE/2023-24/RWD /EE/RANCHI

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RANCHI/ 32/ STPKG/03/ 2023-24 | सोसो राहे रोड से बुन्दीयारू निश्चितपुर भाया दरहा तक पथ का सुदृढ़कीकरण कार्य। (ल0–4.200 कि0मी0)<br>नावाडीह से बसंतपुर भाया पोगड़ा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–3.100 कि0मी0)<br>सताकी रोड नावाटोली से सेरेंगडीह भाया रामडेरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–4.800 कि0मी0)<br>हल्दीबेड़ा से सताकी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–3.500 कि0मी0)<br>सारूगोड़ी से खैरवाटिकरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–5.000 कि0मी0) | 10,22,76,000.00 | दस करोड़ बाईस लाख छिहत्तर हजार रूपये मात्र। | 15 माह | द्वितीय |
| 2 | RWD/RANCHI/ 33/ STPKG/04/ 2023-24 | कोकरोडीह से सिरीडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–7.830 कि0मी0)<br>चन्दनडीह से सिरीडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–9.350 कि0मी0)<br>हापदबेड़ा गंगानाला पुल से कोयनारडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–2.350 कि0मी0) | 10,50,51,000.00 | दस करोड़ पचास लाख एक्यावन हजार रूपये मात्र। | 15 माह | द्वितीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–24.06.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–03.07.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–05.07.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2360137

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

PR 327105 (REO) 24-25 (D)

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, रॉंची

## उपायुक्त ने कर्रा में किया मनोरंजन पार्क का उद्घाटन, कस्तूरबा स्कूल का निरीक्षण

**खूंटी,**। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने गुरुवार को कर्रा प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया और उपाध्यक्ष मंजू देवी के साथ मनरेगा पार्क का फीता काटकर उद्घाटन किया। बाद में उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कर्रा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपायुक्त ने डीसी ने कहा कि यहां के निवासियों के लिए यह पार्क स्वास्थ्य और मनोरंजन की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। पार्क में सभी आधुनिक व्यवस्था सुनिश्चित की गई हैं।

इस दौरान मनरेगा पार्क का निरीक्षण कर विभिन्न उन्नत कृषि गतिविधियों एवं क्रियान्वित योजनाओं के संचालन का निर्देश डीसी ने दिए। कस्तूरबा गांधी



बालिका विद्यालय, कर्रा का निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय की प्रधानाचार्य से विद्यालय में छात्राओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। मेडिकल की तैयारी कर रही छात्राओं से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया।

साथ ही छात्राओं के पठन-पाठन, उनके आवासन, आधारभूत संरचना एवं शिक्षण प्रणाली को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ऑन लाइन-ऑफ लाइन मेडिकल परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग कर रही छात्राओं से मिलकर उनका मनोबल बढ़ाया। उपायुक्त ने छात्राओं की मांग पर ऑफ लाइन कोचिंग की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। साथ ही छात्राओं की मांग के आलोक में विद्यालय में आवश्यक संख्या में शौचालय एवं खेल मैदान की व्यवस्था करने का निदेर्शा दिया। मौके पर उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधा रोपण भी किया।

## इंडी गठबंधन के कार्यकताओं ने तोरपा में निकाला विजय जुलूस

**खूंटी,** । खूंटी संसदीय सीट पर इंडी गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुडा की जीत पर झामुमो और कांग्रेस कार्यकताओं ने गुरुवार को तोरपा में विजय जुलूस निकाला। विजय जुलूस में नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा भी शामिल हुए। तोरपा पहुंचने पर झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद सहित झामुमो और कांग्रेस के अन्य कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

तोरपा पहुंचने के बाद सांसद ने हिल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उनके साथ झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद, सुदीप गुड़िया, राहुल केशरी, अजय गुप्ता, पुनीत हेमरोम आदि नेताओं ने भी माल्यार्पण किया। महिला कार्यकर्ता स्नेहलता कंडुलना, सुशांति कोनगाडी, उषा धान आदि ने सांसद का पैर धोकर स्वागत किया। बाद में हिल चौक से विजय जुलुस निकाला गया, जो मेन रोड, कर्रा मोड़, खसुआ टोली होते हुए पेट्रोल पम्प तक गया। जुलुस में शामिल लोग कालीचरण मुंडा जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। कार्यकर्ता बैंड की धुन पर थिरकते चल रहे थे।जुलूस के दौरान जमकर आतिशबाजी की गयी। अम्मापकना तथा मरचा भालूटोली में भी कालीचरण मुंडा का भव्य स्वागत किया गया।

मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कालीचरण मुंडा ने कहा कि वे जनता के सांसद हैं, पूंजीपतियों का नहीं। उन्होंने कहा कि जनता ने मुझे चुनकर सांसद बनाया है। अतः मै जनता के हित के लिए काम करूंगा। लोगों ने जिस उम्मीद से मुझ पर विश्वास जताया है, उस उम्मीद पर खरा उतरने की प्रयास करूंगा।

कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला
संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला – 835207

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि श्री त्रिलोचन सिंह, उद्यान सेवक, प्रखण्ड उद्यान नर्सरी, गुमला दिनांक 09.02.2024 से आज तक बिना किसी सूचना के कार्यालय एवं मुख्यालय से अनुपस्थित हैं।

श्री सिंह को निदेश है कि विज्ञप्ति प्रकाशित तिथि के 10 (दस) दिनों के अन्दर आप स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय में योगदान करना सुनिश्चित करें। अन्यथा झारखण्ड सेवा संहिता के सूसंगत नियमानुसार कारवाई की जायेगी।

PR 327101 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)#D

जिला उद्यान पदाधिकारी,
गुमला

## झामुमो अपने साढ़े चार वर्षों तक युवाओं के साथ किए अत्याचार को बताए : डॉ प्रदीप वर्मा

**रांची,** । भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने झामुमो प्रवक्ता की प्रेसवार्ता पर तीखा पलटवार किया है। वर्मा ने कहा कि राज्य के हर हिस्से, प्रत्येक विभाग में आकंठ भ्रष्टाचार करने वाले लोगो से केंद्र सरकार और अन्य एजेंसियों पर उंगली उठाना एक मजाक ही लगता है। यहां सौ चूहे खा कर हज यात्रा पर जाने वाली कहावत ही चरितार्थ होती दिखती है।

उन्होंने कहा कि आज एनटीए, यूजीसी और नीट पर सवाल खड़ा करने वाले झामुमो को बताना



चाहिए कि कैसे उनकी सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों से राज्य के बेरोजगार युवाओं को केवल ठगा है। झामुमो बताए कि कैसे जेपीएससी ,जेएससीसी की परीक्षाएं बार बार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ीं। कैसे कई जिलों में सेंटर ही बिक गए। कैसे लगातार सीरीज में रॉल नंबर के परीक्षार्थी परीक्षा में पास हुए। कैसे गड़बड़ी वाले सेंटर की ओएमआर सीट गायब की गईं।

उन्होंने कहा कि झामुमो बताए कि कैसे राज्य सरकार के दलालों बिचौलियों के व्हाट्स एप चैट में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र की बोली लगाई गई, बेचा गया। उन्होंने कहा कि ये वही ठगबंधन सरकार है, जिसने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले छात्रों पर लाठियां बरसाईं और डराने धमकाने के लिए मुकदमे दर्ज किए।

उन्होंने कहा कि आज ये नीट और यूजीसी पर सवाल खड़े कर रहे जबकि केंद्र सरकार इस पर पूरी तरह गंभीर है। नीट का मामला न्यायालय में दर्ज है। जो भी निर्देश आएगा केंद्र सरकार उसका पूरी तरह अनुपालन करेगी, ऐसा केंद्रीय मंत्री ने पहले ही कहा है। उन्होंने कहा कि नीट के संबंध में जो गड़बड़ियां उजागर हुई हैं, उसमें इनके एलायंस पार्टनर आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव के सहयोगी का नाम उजागर हुआ है। अच्छा होता झामुमो इस पर अपनी प्रतिक्रिया देता।

उपायुक्त एवं जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय खूँटी।
(शिक्षा विभाग)

विज्ञापन

निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड रांची के पत्रांक 771,दिनांक 13.06.2024 एवं पत्रांक 786, दिनांक 19.06.2024 के द्वारा प्राप्त निदेशानुसार माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड रांची द्वारा एल0पी0ए0 संख्या 203/2022 एवं अन्य संबंध सदृश्य वादों में पारित आदेश के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक नियुक्ति नियमावली 2012 के आधार पर जिला द्वारा प्रथम विज्ञापित पद के विरूध्द दिनांक 03.06.2019 की अंतिम काउंसिलिंग के अन्तर्गत सहायक शिक्षकों के नियुक्ति के पश्चात् अवशेष रह गए रिक्त पदों पर काउंसिलिंग कर चयन करने की कार्रवाई हेतु तिथि निर्धारित है, जो निम्नवत् हैः–

| क्र | कार्य | निर्धारित अवधि |
|---|---|---|
| 1 | इण्टर स्तरीय कोटिवार (पारा एवं गैरपारा) तथा स्नातक स्तरीय कोटिवार एवं विषयवार (पारा एवं गैरपारा) के अंतिम काउंसिलिंग के पश्चात् अवशेष पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन का प्रकाशन | 20.06.2024 |
| 2 | आवेदन प्राप्त करने की तिथि | 22.06.2024 से 27.07.2024 तक |
| 3 | काउंसिलिंग | 01.08.2024 |
| 4 | अंतिम चयन सूची का प्रकाशन | 07.08.2024 |

1. इंटर प्रशिक्षित वेतनमान (ग्रेड पे–4200) के पारा/गैर पारा कोटि की शेष रिक्ति की विवरणी

| क्र. सं. | (पारा कोटि) | | | | | | (गैर–पारा कोटि) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | SC | ST | Gen | BC-I | BC-II | Total | SC | ST | Gen | BC-I | BC-II | Total |
| | 0 | 7 | 0 | 0 | 0 | 7 | 7 | 5 | 50 | 0 | 0 | 62 |

2. स्नातक प्रशिक्षित वेतनमान (ग्रेड पे–4600) के पारा/गैर पारा कोटि की शेष रिक्ति की विवरणी विषयवार

| क्र.सं. | विषय | (पारा कोटि) | | | | | | (गैर–पारा कोटि) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | SC | ST | Gen | BC-I | BC-II | Total | SC | ST | Gen | BC-I | BC-II | Total |
| 1 | विज्ञान/ गणित | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | कला/ सामाजिक विज्ञान | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | भाषा | 1 | 5 | 6 | 0 | 0 | 12 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |

1 to 5

| पारा | | | गैर पारा |
|---|---|---|---|
| क्र0 | कोटि | अंतिम मेधांक | अंतिम मेधांक |
| 1 | UR | 53.75 | 59.60 |
| 2 | ST | 45.48 | 54.04 |
| 3 | SC | — | — |

6 to 8

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UR | | NILL | NIL | विज्ञान |
| 2 | ST | | 64.55 | | |
| 3 | SC | | 0 | o | |
| 4 | UR | | NILL | NIL | कला |
| 5 | ST | | 66.14 | | |
| 6 | SC | | 62.9 | | |
| 7 | UR | | NILL | NIL | भाषा |
| 8 | ST | | 60.31 | | |
| 9 | SC | | 0 | o | |

जिला शिक्षा अधीक्षक,
खूँटी।

उपायुक्त,
खूँटी।

PR 327015 District (24-25)D

## भारतीय युवक संघ बकरी बाजार के 25वें वार्षिक उत्सव पर मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने लगाया रक्तदान शिविर

**रांची,** । 20.06.24 को भारतीय युवक संघ बकरी बाजार के 25वें वार्षिक उत्सव पर मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर मे 23 लोगों ने रक्तदान किया, जिसमे से 4 लोगों ने पहली बार रक्तदान किया। यह शिविर सेवा सदन ब्लड बैंक के सहयोग से संपन्न हुआ।रांची के पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय एवं मुनचुन राय जी ने अपनी




उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी एवं मंच के सदस्यों को रक्तदान शिविर जैसे नेक काम के लिए बधाई दी। मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने बताया के कार्यक्रम के संयोजक मंच के रक्तदान प्रभारी विष्णु अग्रवाल एवं प्रवीण अग्रवाल के साथ कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष अमित चौधरी,पूर्व अध्यक्ष राहुल अग्रवाल, मुकेश जालान, मनीष लोधा, दीपक गोयनका, राजकुमार अग्रवाल, मुकेश जाजोदिया के साथ विकाश गोयल, अमित सोनी विवेक अग्रवाल, हर्ष जालान, यश सुरेखा एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# तकनीकी विभागों की समीक्षा बैठक संपन्न

# सभी कार्यों को ससमय करें पूर्ण तथा गुणवत्ता में न हो कोई कमी : उपायुक्त

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** ज़िला में राज्य, केंद्र प्रायोजित योजनाओं सहित डीएमएफटी से स्वीकृत योजनाओं से आधारभूत संरचना निर्माण कार्य की समीक्षा उपायुक्त श्रीमती नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में हुई। उपायुक्त ने कहा योजनाओं को समय पर पूरा करे। योजनाओं के पूर्णता की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने योजनाओं के अंतिम चरण को पूर्ण करने, योजना को संबंधित विभागों को हैंडओवर करने, उपयोगिता पत्र देने में अनावश्यक विलम्ब पर निराजगी जताई। डीएमएफटी अथवा जिला स्तर पर स्वीकृत योजना को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने सहित कार्यों में तेजी लाने व गुणवत्ता मानकों का पालन करने को कहा। उन्होंने कहा कि निमार्णाधीन कार्यों में विशेष ध्यान दे। हॉस्पिटल व स्कूल आदि निर्माण कार्य को संवेदनशीलता के साथ करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में योजना क्रियान्वयन में आपसी समन्वय तथा कॉन्ट्रैक्टर के साथ नियमित बैठक करने का निर्देश दिया। साथ



ही सभी कार्यपालक अभियंताओ को चल रहे योजना का फॉलोअप करने एवं योजना स्थल का विजिट कर गुणवत्ता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। लंबे समय से लंबित निमार्णाधीन योजना के संदर्भ में कहा कि मामले के समाधान के लिए योजना स्थल पर ज्वाइंट विजिट करें, समस्याओं के समाधान के लिए पहल करें। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल आदि सहित प्राथमिकता वाले योजनाओं के क्रियान्वयन में व्यवधान उत्पन्न करने वाले तत्वों पर कठोर करवाई करने का निर्देश उपायुक्त ने संबंधित सरकारी एजेंसियों को दिया। साथ ही उपायुक्त ने बैठक में कहा स्वीकृत योजना धरातल पर सही समय एवं गुणवत्ता के साथ मिले इसके लिए टेंडर प्रकाशन, निष्पादन, कार्य आवंटन, कार्य प्रारंभ आदि प्रक्रियाओं को तेजी से पूरी करें। तकनीकी विभाग की बैठक में डीएमएफटी, अनाबद्ध निधि, सांसद आदर्श ग्राम, रूबन मिशन, ग्राम सड़क, पेयजल, जल पथ प्रमंडल, भवन प्रमंडल, जिला परिषद, विधुत आदि अन्य कई विभागों की समीक्षा बैठक में की गई।

## स्वास्थ्य विभाग: ज़िला स्वास्थ्य समिति की बैठक

हजारीबाग। उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संचालित अभियानों सहित नियमित स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान उपायुक्त सिकल सेल एनेमिया के तहत 19 से 21 जून 2024 तक चले अनीमिया के जांच अभियान की स्थिति से अवगत हुई। मौके पर डीपीएम ने बताया की सभी प्रखंडों में चलाए गए अनीमिया जांच शिविर के माध्यम से 57070 जांच सैंपल एकत्रित किए गए है। उपायुक्त ने इस जांच अभियान को स्कूलों व कालेजों में भी चलाने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में टीवी उन्मूलन अभियान के तहत के मरीजों के बलगम का सैंपल कलेक्शन, जांच एवं मरीजों के उपचार को बेहतर बनाने के लिए संभावित रोगियों के सैंपल कलेक्शन में तेजी लाने में स्वास्थ्य सहिया का सहयोग की मदद प्राप्त करने का निर्देश दिया। मौके नोटीफाइड टीबी मरीजों का एचआईवी व शुगर जांच भी कराने का निर्देश दिया। साथ ही कहा प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्रों, उप केंद्रों के ओपीडी में आने वाले संदिग्ध मरीजों का सैंपल इकट्ठा करें तथा उन्हें जांच के लिए भेजें। टीकाकरण की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कम उपलब्धि वाले स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष कैंप लगाकर निर्धारित तिथि के अतिरिक्त टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा डीएमएफटी सहित स्वास्थ्य विभाग की ओर से मानव संसाधन एवं आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए कई तरह के प्रयास किए जा रहे हैं स्वास्थ्य विभाग में उपलब्ध कराए गए संसाधनों का बेहतर तरीके से उपयोग कर स्वास्थ्य सेवा के गुणवत्ता में सुधार व विस्तार का लाभ लोगों को अधिक से अधिक दिया जा सके इसके लिए सभी स्वास्थ्य कर्मियों की जिम्मेवारी एवं संवेदनशीलता के साथ प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से प्रतिनियुक्ति सभी कर्मी अपनी जिम्मेदारियों को समझें। साथ ही चेतावनी भी दी जो भी स्वास्थ्य कर्मी, चिकित्सक, नर्स, एएनएम अपने दायित्वों में लापरवाही बरतने का काम करते हैं उन्हें चिन्हित कर स्पष्ट अनुशंसा के साथ कारवाई के लिए लिखें। साथ ही एमओआईसी को निर्देशित किया नियमित समीक्षा करें, आधारभूत संरचना निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांच करें, उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने की जिम्मेवारी का निर्वहन करें। बैठक में सिविल सर्जन, डॉक्टर सहित एमओआईएसी सहित अन्य उपस्थित थे।

## केरेडारी में मानसून की पहली बारिश से मिली राहत!!



**केरेडारी।** आ रे बादल कारे बादल गर्मी दूर भगा रे बादल उक्त कविता के तर्ज पर बारिश की आश लगाए प्रखंड वासियों को बारिश ने बड़ी राहत दी! केरेडारी प्रखंड में मानसून की पहली बारिश 20 जून को हुई! पहली बारिश होने से आम अवाम को चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत मिली! लोग भीषण गर्मी के प्रकोप से पीड़ित थे! गर्मी का प्रकोप इस कदर था कि आम अवाम के साथ पेड़ पौधे भी पूरी तरह झुलस गए थे! पशु पक्षी जीव जंतु भी पानी की कमी और प्रचंड धूप गर्मी से त्राहि त्राहि कर रहे थे! लोग मानसून का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे! मानसून की पहली बारिश होने से लोगो को गर्मी से निजात मिलने की आश बढ़ गई है! वही बारिश होने में जीव जंतु पशु पक्षी उमंग में भीगते नजर आए! पूरा मौसम खुशनुमा हो गया! अब धरती पर हरियाली नजर आएगी! वहीं केरेडारी प्रखंड कृषक बहुल क्षेत्र होने के कारण किसानों वर्ग भी काफी प्रसन्न नजर आए!

# योगेन्द्र साव के महाजुटान जन सभा में उमड़ी भीड

उज्ज्वल दुनियां संवाददाता

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन रही मुस्तैद

**केरेडारी।** चट्टी बरियातू व केरेडारी कोल माइंस के विस्थापित प्रभावित भू रैयतों के हक अधिकार के लिए पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत 20 जून को बेंगवरी बजार टांड में महाजुटान जन सभा का आयोजन किया गया! महाजुटान कार्यक्रम में बेंगवारी बसरिया, बालेदेवरी, पांडू, कावेद, पगार, चट्टी बरियातू समेत अन्य गांव के विस्थापित प्रभावित महिला पुरुष भू रैयत शामिल हुए!कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेम लाल गुप्ता और संचालन सुरेश साव ने किया! कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता के रूप पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और वर्तमान विधायक अंबा प्रसाद



सीओ राम रतन कुमार वर्णवाल, बीईओ जवाहर प्रसाद मौजूद थे! वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया था!महाजुटान कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने चट्टी बरियातू और केरेडारी कोल माइंस खुलने से उत्पन्न समस्याओं मुआवजा विस्थापन पुनर्वास रोजगार प्रदूषण हैवी ब्लास्टिंग समेत अन्य कई समस्याओं को लेकर भू रैयतों समेत कई अन्य वक्ताओं ने अपनी बातों को रखा! कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने कहा कि विस्थापित प्रभावित भू रैयतों के हक अधिकार के लिए एनटीपीसी से लड़ते आया हूं! कंपनी मुझे और मेरे परिवार को सताते आया है। मैं जनता के हक अधिकार के लिए लड़ता रहूंगा। वही कार्यक्रम में विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि विस्थापित प्रभावित लोगों के लिए हमारा पूरा परिवार आंदोलन करते रहें है। उन्होंने कहा कि कंपनी की मनमानी जारी है। महाजुटान कार्यक्रम में हीं 18 सूत्री मांग पर चर्चा करते हुए डीसी को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया! साथ हीं 18 सूत्री मांग नहीं मानने पर भू रैयतों के सहयोग से कंपनी में तालाबंदी किया जाएगा। मांग पत्र में ग्रामीणों की अधिग्रहित जमीन के उपर बने मकान कुआं तालाब पेड़ पौधे समेत अचल संपत्ति का मुआवजा खनन कार्य से पूर्व दिया जाय! स्थानीय बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार मुहैया कराई जाय।चट्टी बरियातू कोल माइंस क्षेत्र में मृत आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों को 25-25 लाख रुपए मुआवजा अविलंब दिया जाय! समेत अन्य मांग 18 सूत्री मांग पत्र में शामिल है।

# प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही पेड़ों की अवैध कटाई से क्षेत्र हो रहा है वन विहीन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**विष्णुगढ़।** एक तरफ पर्यावरण के संरक्षण के प्रति सजगता दिखाते हुए पर्यावरण को बचाने हेतु कई बातें की जाती एवम कई घोषणाएं की जाती है वही दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र के जंगलों से आए दिन बड़े-बड़े पेड़ों को चंद पलों में काट कर गिरा दिया जाता है। विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र में आए दिन पेड़ों की कटाई रात के अंधेरे में की जाती है, जो की एक लंबे समय से चलता आ रहा है। विष्णुगढ़-बगोदर मुख्य मार्ग एनएच 522 में कुछ दिनों पूर्व सड़क किनारे स्थित कुछ पेड़ों को एकाएक काट कर गायब कर दिया गया।



इसी संबंध में सूत्रों के हवाले से प्रखंड के गाल्होबार एवम खरकी पंचायत में भी पेड़ काटने का मामला सामने आया है। बताया गया की उक्त पंचायत लगातार वन विहीन होते जा रहे हैं, जिससे उत्पन्न हो रही परेशानियों से मानव से लेकर पशु-पक्षी भी अछूते नहीं हैं। प्रखंड के कुसुम्भा जंगल से भी रात के अंधेरे में कई पेड़ गिर दिए जाते हैं एवम दोपहिया वाहन या ट्रैक्टर के द्वारा बड़े बड़े पेड़ों को गिरा कर रातों रात गायब कर दिया जाता है।पर्यावरण के बचाव को लेकर सजग स्थानीय ग्रामीणों का मानना है की संरक्षण के प्रति कदम उठाते हुए वन विभाग द्वारा इसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए साथ ही मापी कर खाली पड़े वन भूमि एवम अवैध कब्जे के गिरफ्त वाले वन भूमि को खाली करा कर पौधारोपण किया जाना चाहिए ताकि पर्यावरण का संरक्षण हो सके।

### पेयजल संकट को लेकर बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने किया प्रेसवार्ता

# 10 जुलाई तक बरही वासियों को उपलब्ध होगा पानी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बरही।** एनएच डाक बंगला धनबाद रोड में बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने प्रेसवार्ता आयोजित किया। पत्रकारों को जानकारी देते हुए विधायक श्री अकेला ने बताया कि उनके लगातार प्रयास का प्रतिफल है कि बरही में पेयजलापूर्ति योजना का निर्माण किया जा रहा है। उनके प्रयास से करोड़ो रुपए की लागत से इसका निर्माण कार्य हो रहा है। विधायक ने विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासनिक विफलता के कारण अब तक निर्माण कार्य पूर्ण नही हो पाया है, बावजूद इसके वह लगातार प्रयासरत है कि बरहीवासियो को जल्द से जल्द पानी उपलब्ध हो। विधायक ने कहा कि बरही में 10 जुलाई तक



हर हाल में डीवीसी से बरही पानी टंकी में पानी आ जाएगा। कहा कि संवेदक ने भी इसे सुनिश्चित किया हैं की 10 जुलाई तक लोगों को पानी उपलब्ध हो जाएगा। हालांकि उन्होंने कहा कि फिलहाल फिल्टर पानी उपलब्ध होना सम्भव नही है। अगले दो महीने में फिल्टर पानी भी बरहीवासियों को उपलब्ध हो जाएगा, ऐसा संवेदक ने उन्हें आश्वासन दिया है। विधायक बताते है कि 2009 में जब वह चुनाव जीते तो उनके प्रयास से पेयजलापूर्ति योजना की शुरूआत हुई, उसके बाद 2014 में वह चुनाव हार गए और निर्माण कार्य थम गया। पुनः जब वह 2019 के चुनाव में विजय हुये तब मुख्यमंत्री से बात कर इसका निर्माण शुरू कराया। बरही के लोगों को पानी उपलब्ध करवाने के लिए वह शतत प्रयत्नशील है। प्रेसवार्ता में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मो निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, अशोक सिंह, मुखिया सिकंदर राणा, मो वारिस अंसारी, मो रिजवान, मो तैयब, गोविंद यादव सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

### वन विभाग से एनओसी नहीं मिलने के कारण सड़क का निर्माण कार्य मे हो रहा है विलम्ब :

विधायक श्री अकेला ने कहा कि करियातपुर अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय से बांझेडीह तक सड़क निर्माण कार्य करोड़ो रुपए की प्राक्कलित राशि से किया जा रहा है, लेकिन सड़क निर्माण कार्य कहीं कहीं अधूरा पड़ा है। इसके पीछे फारेस्ट से एनओसी नही मिलने के कारण काफी परेशानी हो रही है। विधायक ने कहा कि झारखंड राज्य जंगल झाड़ियों से घिरा हुआ है, इसलिए विभाग को सोंचना चाहिए कि लोगों के जरूरत के अनुकूल फारेस्ट को एनओसी दे देनी चाहिए। एनओसी नही मिलने के कारण कई काम बाधित हो जाता है। उन्होंने कहा कि बीते दो दिनों पहले ही मुख्यमंत्री कार्यालय से उपायुक्त को सूचना दिया हूँ कि एनओसी नही मिलने के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। विधायक ने कहा कि वह उपायुक्त से मिलकर भी इस बारे में वार्ता करेंगे और विकास कार्य में उनसे सहयोग मांगेंगे।

## एक नजर

### चरही में भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का किया स्वागत

**चरही।** केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी का गुरुवार को चुरचू प्रखंड के भाजपा कार्यकताओं ने चरही में स्वागत किया गया। कोडरमा से दिल्ली जाने के दौरान गुरुवार की कार्यकर्ता द्वारा पूरी गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। प्रखंड अध्यक्ष मुरारी सिंह के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम किया गया। स्वागत समारोह में रोशनी त्रिकी, शक्ति देवी, सुनीता देवी, संगीता देवी, आशा राय, डॉ रामसेवक प्रसाद माहतो,शशि कुमार, फुलेश्वर महतो, मनेंद्र सिंह, रोहित महतो, संजय साहू, महादेव विश्वकर्मा, गोपाल ठाकुर, गब्बर सिंह, गौतम सोनी,पारस महतो, नरसिंह राय समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे। इस दौरान मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि मोदी जी नेतृत्व में हम सभी कार्यकताओं को मिलकर क्षेत्र व देश का विकास करना है। आज कार्यकताओं के बड़ौदा ही तिसरी बार केंद्र में मोदी जी का सरकार बना है।

### आज बरही विधानसभा में नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल व पूर्व विधायक का आभार यात्रा आयोजित

**बरही।** शुक्रवार को हजारीबाग लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल और पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव का आभार यात्रा बरही विधानसभा में सुनिश्चित किया गया है। आभार यात्रा सुबह 9 बजे पदमा चौक से शुरू होकर शाम 8 बजे समाप्त होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कार्यकताओं से अपील की गई है। कार्यक्रम की शुरूआत पदमा से होते हुए पदमा चौक, भद्रकाली मंदिर, सवैया मोड़, दैहर, नीमा स्व. प्रमोद दांगी के परिजनों से मुलाकात, ढाब अखंड हरिकीर्तन, बेला मंदिर, रूपिन मंदिर रानीक मंदिर, चय मंदिर, केंदुवा मोड़, केदली, बारहमोरिया, बसरिया, पड़रिया, केशरवानी भवन चौपारण, पाण्डेयबारा चौक, बच्छई मोड़ है। वहीं बरही प्रखंड में रसोइया धमना दुर्गा मंदिर, गया रोड शिवालय, तिलैया रोड चन्दन कुमार के घर के पास, तिलैया रोड शिव मंदिर दीपक कुमार के घर के पास, हजारीबाग रोड भगवती मंदिर बरहीडीह, धनबाद रोड बजरंग बली मंदिर, धनबाद रोड नया दुर्गा मंदिर, धनबाद रोड भगवती मंदिर, करियातपुर, धनवार पंचायत कोरियाडीह मुखिया राजेंद्र प्रसाद के आवास पर चाय नास्ता कार्यक्रम आयोजित है। उक्त जानकारी भूपेंद्र यादव ने दी।

### दो बाइको की चोरी थाना में दिया आवेदन

बरकट्ठा। थाना क्षेत्र के ग्राम बरकट्ठा व मेरमगड़ा में दो बाइको की चोरी हो गयी। इस संदर्भ में कनक ज्वेलर्स के मालिक बिंदु सोनी ने आवेदन दिया है कि उसके घर से रात्रि लगभग 11:40 बजे चार अज्ञात चोरों द्वारा उनकी काले कलर की सुपर स्प्लेंडर जेएच02एएन 8701 की चोरी कर ली गयी। घर व दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में चार लोगों की संलिप्ता पता चल रही है। वही मेरमगड़ा निवासी बिजली मिस्त्री मो निजाम अंसारी ने आवेदन दिया है कि उनके घर से उनकी बाइक जेएच02एवाय 9508की चोरी हो गयी है। दोनों बाईक मालिकों ने बरकट्ठा थाना में आवेदन दिया है। वही इस संदर्भ में थाना प्रभारी राजेश भोगता ने कहा कि पुलिस की तहकीकात जारी है साथ ही पुलिस की गश्त बढ़ा दी जा रही है ।

### खिरगांव स्थित मुक्तिधाम में एक अज्ञात शव का किया गया अंतिम संस्कार



हजारीबाग। शहर की मुक्तिधाम सेवा संस्थान के नीरज कुमार और उनकी टीम ने गुरूवार को खिरगांव स्थित मुक्तिधाम में एक अज्ञात शव का अंतिम संस्कार उसके धर्म के मुताबिक किया गया। इससे पूर्व शव की पहचान को लेकर प्रावधानों के मुताबिक उसे मुक्तिधाम सेवा संस्थान ने मेडिकल कालेज अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस के मोर्चरी में करीब 120 घंटे से अधिक समय तक सुरक्षित रखा गया था। लेकिन पांच दिनों तक शव का पहचान नहीं हो पाने के बाद अंततः गुरूवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। बता दें कि विगत 15 जून को जिले के चौपारण थाना के द्वारा एक अज्ञात शव को बरामद किया गया था। जिसकी पहचान नहीं हो पाई थी। ऐसे में थाना प्रभारी दीपक सिंह के विशेष आग्रह पर शव को पहचान के लिए 72 के बजाए 120 घंटे तक सुरक्षित रखा गया। फिर गुरूवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। अज्ञात शव के अंतिम संस्कार में चौपारण थाना प्रभारी दीपक सिंह, राम प्रसाद, रामलखन, पुण्य प्रकाश, अशोक, सुरेन्द्र, गणेश और विकास ने भी महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

## सुब्रतो कप अंडर 17 बालक वर्ग में +2 उच्च विद्यालय कटकमसांडी बना चैंपियन



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के कटकमसांडी प्रखंड स्थित स्टेडियम में प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूनार्मेंट के दूसरे दिन बीपीओ गजाला परवीन ने किक मारकर टूनार्मेंट का शुरूआत किया । पहला सेमीफाइनल मैच + 2 हाई स्कूल कटकमसांडी और उत्क्रमित हाई स्कूल दाढ़ के बीच हुआ जिसमें हाई स्कूल कटकमसांडी ने 1-0 से ढांढ को पराजित कर फाइनल में जगह बना लिया। दूसरा सेमीफाइनल उत्क्रमित प्लस टू हाई स्कूल डांटोकला और उत्क्रमित हाई स्कूल आराभुसाई के बीच खेला गया जिसमें डांटो कला 1-0 से विजय रहा । फाइनल मैच +2 उच्च विद्यालय कटकमसांडी और उच्च विद्यालय डाटोकला के बीच खेला गया जिसमें उच्च विद्यालय कटकमसांडी के खिलाड़ी राहुल कुमार भोगता के शानदार एक गोल से उच्च विद्यालय कटकमसांडी प्रखंड सुब्रतो कप पर कब्जा कर लिया। तीसरे स्थान के लिए हुवे मैच में उत्क्रमित हाई स्कूल ढांड ने पेनल्टी शूटआउट में 3 - 2 से आराभुसाई को पराजित कर विजेता बना। नोडल शिक्षक सरोज मालाकार , बीपीओ गजाला प्रवीण ने विजेता और उपविजेता बने खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। टूनार्मेंट को सफल बनाने में शारीरिक शिक्षा शिक्षक उमेश दास ,अविनाश कुमार ,कुंवर प्रसाद ,भोला राणा, बीआरपी पुष्पेंद्र कुमार ,संतोष कुमार ,संजय कुमार,संजय सिंह प्रखंड संसाधन केंद्र के सभी कर्मियों ने यहम योगदान दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### बड़कागांव के महिला पर्यवेक्षिकाओ का विदाई समारोह आयोजन

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय सभागार भवन में बड़कागांव की चार महिला पयर्वेक्षिकाओं का एक साथ विदाई समारोह का आयोजन सेविका संघ के द्वारा किया गया। इसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मालती कुमारी एवं संचालन कुमकुम देवी ने किया। सेविका संघ के सदस्यों ने बुके, माला, पारितोषिक व अंग वस्त्र देकर विदाई किया। इस अवसर पर अध्यक्ष मालती कुमारी ने कहा कि हम सभी के साथ समन्वय बनाकर कार्य किए हैं और हम सभी को बहनों की तरह व्यवहार कर हर कार्य को करने में सफलता मिली है।आज इन लोगों के साथ 19 वर्षों का अनुभव साझा किया। महिला पयर्वेक्षिका पूजा राय ने कहा कि 19 वर्षों का कार्यकाल बहुत लंबा अनुभव आप लोगों के बीच रहकर कार्य करने और कराने में हम सभी सफल रहे। जब टीम भावना के साथ कोई कार्य होता है तो जटिल से जटिल कार्य आसानी से हो जाता है। मौका मिला तो फिर आप लोगों को बीच पुनः आकर कार्य करने का प्रयास करूंगी। महिला पर्यवेक्षिका अनुराधा पासवान ने सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज बड़ा दुख हो रहा है। आप लोगों से अलग होकर दूसरी जगह जा रहे हैं जिसका बड़ा अफसोस हो रहा है ।लेकिन सरकारी नौकरी में ट्रांसफर पोस्टिंग होना विभाग का अभिन्न अंग है। पर्यवेक्षिका रुखसाना परवीन ने सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि लंबे समय से प्रखंड के विभिन्न पंचायत में जाकर हमें कार्य करने का अनुभव मिला जो जीवन की सफलता का एक कड़ी है। इस अवसर पर लेखपाल गीता देवी अनुदेशक दिलीप कुमार, पूनम देवी, सुशीला देवी, अफीनता देवी, कौशल्या देवी, लीना देवी, अंजू देवी, आरती कुमारी, जयंती रानी कुशवाहा, कोशिला देवी, शकुंतला देवी, ममता देवी, मुन्नी देवी, सहित 156 केंद्र की सेविकाएं उपस्थित थी।

### भाजपा नेता की बाइक चोरी

**दारु।** थाना क्षेत्र मे बाइक और मोबाइल चोरी की घटनायें लगातार बढ़ती जा रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद की काले रंग की होंडा शाइन बाइक की चोरी बुधवार की शाम को कर ली गयी। इस बारे मे भाजपा नेता ने बताया कि बीडीजेजे इंटर महाविद्यालय के मुख्य गेट के सामने श्रीमंगलम विवाह भवन मे भाजपा की समीक्षात्मक बैठक रखी गयी थी जिसमे वह अपनी बाइक को भवन के ठीक सामने लगाकर बैठक मे मौजूद थे। इस बैठक के बाद जब वह बाहर आये तो अपनी बाइक को गायब पाया। होटल मे लगे सिसिटीवी कैमरा काम नही कर रहा था। इस बैठक मे शामिल होने काफी लोग आये थे और बहुत सारी बाइक खड़ी थी पर उतने बाइक के बीच भाजपा नेता की ही बाइक चोरी हो गयी। इस मामले की जानकारी दारु थाना पुलिस को दे दी गयी है।

## ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक,योजनाओं की अद्यतन स्थिति की ली गई जानकारी

# लंबित योजनाओं की कार्य योजना बना कर, ससमय पूर्ण करने का दिया निर्देश

● ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर की गई बैठक

● प्रखंड कार्यालय को पब्लिक फ्रेंडली बनाएं, लोगों से मिलें: उपायुक्त




**पोटो हो खेल योजना..**

इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक पंचायतों में खेल के मैदान का निर्माण कराया जाना है। शिक्षा विभाग से इस हेतु समन्वय स्थापित करने को कहा। खेल मैदान निर्माण के लिए जमीन चिन्हितीकरण के हेतु सभी बीडीओ को कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्धारित समय सीमा में स्थानीय श्रमिकों द्वारा निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया।

**बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना...**

बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत इस वर्ष 6023 कूपों का निर्माण पूर्ण किया जाना है। इस कार्य पर प्रगति लाने का निर्देश दिया।

**बिरसा हरित ग्राम योजना...**

इस योजना के तहत पौधे लगाने के साथ उसके रख- रखाव एवं संरक्षण की भी पूरी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। जेएसएलपीएस से जुड़ी सखी मंडलों और उससे संबंधित महिलाओं को सक्रिय कर बिरसा हरित ग्राम योजना से जोड़ने को कहा। उपायुक्त ने उपस्थित सभी लोगों से सरकार की प्राथमिकता वाले योजनाओं को गंभीर होकर कार्य करने का निर्देश दिया।

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में की गई। समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित मौजूद रहीं। बैठक की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कहा कि अबुआ आवास योजना के तहत पहले चरण में स्वीकृत किए गए आवास निर्माण को पहली किस्त की राशि अविलंब जारी करें। उन्होंने आवास निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लाभुकों की चयन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाये। जिन्हें अबुआ आवास आवंटित हो चुका है और उनके पहला चरण का कार्य संतोषजनक है,तो उन्हें दूसरी किस्त की राशि जारी करें। सरकार की प्राथमिकता वाले योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई कोर कसर न रखें। योग्य लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ मिले यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कम प्रगति वाले प्रखंडों से जवाब तलब कर जल्द से जल्द प्रथम व द्वितीय किश्त की राशि हस्तानांतरित करने का निर्देश दिया। अबूआ आवास में ग्रामीणों द्वारा पीलिंथ तक के कार्यों की जीओ टैग फोटोग्राफ व डॉक्यूमेंट अपलोडिंग कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि चार दिनों के अंदर अबूआ आवास से संबंधित सभी लंबित कार्य को पूर्ण करें वरना वेतन निर्गत पर रोक लगा दी जाएगी। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को मनरेगा से जुड़ी योजनाओं तथा ग्रामीण स्तर पर चल रही कार्यों की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया। उन्होंने पी.डी जेनरेशन को भी बढ़ाने का निर्देश दिया साथ ही मनरेगा से संबंधित कार्यों ने किसी भी प्रकार का मशीन का प्रयोग न हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि प्रखंड कार्यालय को पब्लिक फ्रेंडली बनाएं,लोगो की समस्याएं सुने और उनका निष्पादन भीं करे। इस बैठक में जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी, सभी बीडीओ, प्रखंड समन्वयक उपस्थित थे।

## नापोखुर्द के सैकड़ो युवाओं और महिलाओ ने थामा आजसू पार्टी का दामन

### अब बड़कागांव का रौशनलाल से ही होगा रौशन : कार्यकर्ता

**बड़कागांव के हर वर्ग के लोगों का कभी भरोसा टूटने नहीं दूंगा : रौशनलाल**



**इन लोगों ने लिया पार्टी की सदस्यता**

पार्टी का सदस्य लेने वालों में मुख्य रूप से बिरजू कुमार,विमला देवी,राहुल कुमार,सविता देवी,ममता देवी, आशा कुमारी,दीपा कुमारी,अनीता देवी,बबलू कुमार, ममता देवी 2, कृष्णा साव, बालमुकुंद साव, सुरेंद्र कुमार, कुंदन साव,अनिल साहू, देख लाल कुमार साव, दीपन साव, प्रकाश कुमार, संजय कुमार साहू, बीरबल कुमार साव,चुरामन साव,( डोकाटांड ) विकास कुमार,संदीप साहू, शिवदयाल कुमार, सोनू कुमार,अनिल ठाकुर,सुनील साव, रामदेव साव, विशाल कुमार, रामदेव दास, प्यारी कुमार साव, सविता देवी, उपेन्द्र कुमार, पुष्पा देवी, पूनम देवी, लीला देवी, सीताराम साव, सूरज कुमार, सुनीता देवी,सहित सैकड़ों लोगों ने रोशन लाल चौधरी के समक्ष आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। पार्टी में शामिल होने वाले सभी ने एक स्वर मे कहा की आने वाला विधानसभा चुनाव मे रौशनलाल चौधरी को विधायक बनाने मे पूरी ताकत झोंक देंगे। अब बड़कागांव रौशनलाल से ही रौशन होगा।

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के नापो पंचायत मे आजसू पार्टी का मिलन समारोह आयोजन किया गया जिसका अध्यक्षता आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा और संचालन ओबीसी के प्रखण्ड अध्यक्ष कृष्णा साव ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अथिति आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी उपस्थित हुए। इस सम्मेलन समारोह में उपस्थित लोगों ने आजसू पार्टी की नीतियों सिद्धांतों और रौशनलाल चौधरी के कार्यशैली से प्रभावित होकर पार्टी मे अपनी निष्ठा व्यक्त करते हुए आजसू पार्टी मे विरजू कुमार और विमला देवी के नेतृत्व मे सैकड़ो लोग पार्टी मे शामिल हुए। सभी को रौशनलाल चौधरी ने पार्टी का पट्टा और माला पहनाकर पार्टी मे स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा की मैं बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सभी वर्ग के जनता को विश्वास दिलाता हूं कि सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलूंगा और किसी भी वर्ग के लोगों का भरोसा टूटने नहीं दूंगा। आजसू पार्टी और मेरा सिर्फ एक ही लक्ष्य है बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास कर झारखंड में अव्वल बनाना। इस मौके पर केंद्रीय सदस्य राजा खान,जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र प्रसाद, जिला सचिव गिरेंद्र प्रसाद,प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा, ओबीसी के प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा साव,आजसू के वरिष्ठ नेता पप्पू प्रसाद मेहता, छोटू कुमार, कैशर आलम,आजसू के पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आज मनाया जाएगा दसवां अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस




● जिला आयुष समिति हजारीबाग की ओर से कर्जन ग्राउंड में आयोजन

● जिले के सभी पदाधिकारी, स्कूल, संस्थान एवं योग शिक्षक होंगे शामिल

**हजारीबाग।** जिला आयुष समिति हजारीबाग के द्वारा कल कर्जन ग्राउंड में दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रत्येक वर्ष 21 जून को मनाया जाता है योग का आयोजन पूरे विश्व में किया जाता है। जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एस एन तिवारी ने कहा की अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर कर्जन ग्राउंड में सभी तैयारियां कर लिया गया है,मुख्य अतिथि माननीय उपायुक्त महोदया होंगी, डॉ तिवारी ने पूरे हजारीबाग के तमाम पदाधिकारियों, स्कूल, संस्थान, समाजसेवी, सभी क्लब, सभी मीडिया बंधु, सभी योग के प्रेमियों से आग्रह किया है की 21 जून को सुबह 6 बजे कर्जन ग्राउंड में पहुंचकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कर स्वस्थ्य जीवन शैली को याद करें।

## मादक पदार्थो के रोकथाम और जागरूकता को लेकर खेल कार्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** जिला प्रशासन एवं पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड रांची के निर्देश के आलोक में आज दिनांक 20 जून 2024 को कर्जन स्टेडियम स्थित जिला खेल कार्यलय हजारीबाग के सभागार में मादक पदार्थ के दुरुपयोग को समाप्त करने हेतु हजारीबाग जिला मे संचालित आवासीय बालिका क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र एवं डे बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों एवं अन्य खेल के खिलाड़ियों के साथ भाषण प्रतियोगिता एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 90 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सिम्मी कुमारी, द्वितीय स्थान पुर्णिमा कुमारी, तृतीय स्थान एलिजाबेथ एक्का ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी को मुख्य अतिथि यशवीर जग्गी सचिव हजारीबाग बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता एवं सेमिनार को सफल बनाने में जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम ,एवं खेल कार्यालय के कर्मियों का मुख्य योगदान रहा।

## प्रशिक्षण सह कौशल विकास केंद्र में की जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न




उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**चतरा।** मंत्री सत्यानन्द भोगता 20 जून को चार दिवसीय दौरे पर चतरा पहुंचे। इस दौरान श्री भोगता चतरा जिले के प्रशिक्षण सह कौशल विकास केंद्र चतरा में जिले में संचालित सभी विभागों का बारी बारी से समीक्षा की। बैठक में मंत्री के आगमन पर उपायुक्त रमेश घोलप ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। बैठक के दौरान माननीय मंत्री श्री भोगता ने सभी पदाधिकारियों को संचालित योजनाओं में तेजी गति से ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण पूर्ण का करने का निर्देश दिया। साथ ही पदाधिकारियों को आम जनता से बेहतर तालमेल स्थापित कर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने का दिशा निर्देश दिया। मुख्य रूप से जिले में बिजली एवं पानी के समस्याओं से निजात के लिए कई अहम पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया, डाढ़ा पॉवर ग्रिड को जल्द से जल्द चालू करने का निर्णय लिया गया और अन्य समस्याओं को जल्द से जल्द निदान करने का निर्देश दिया गया। बैठक समाप्ति के उपरांत करोड़ों रुपए की योजनाओं का विधिवत ऑनलाइन उदघाटन किया। साथ ही लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया एवं झारखंड में मादक पदार्थों के उन्मूलन को लेकर प्रचार प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त बैठक में चतरा उपायुक्त रमेश घोलप, जिलापरिषद अध्यक्ष ममता देवी, जिलापरिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, 20सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, मंत्री प्रतिनिधि भोला प्रसाद गुप्ता, मंत्री प्रतिनिधि चंद्रिका यादव, सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल से धनवार मुखिया ने ग्रामीणों संग की भेंट, जीत की दी बधाई



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बरही।** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल से शुक्रवार को हजारीबाग स्थित आवास पर धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में ग्रामीणों ने भेंट किया। मौके पर उन्हें भगवा गमछा व बुके देकर जीत की बधाई दी। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। मुखिया श्री प्रसाद ने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव की मौजूदगी में सामूहिक रूप से सांसद को बताया कि धनवार पंचायत में कोरियाड़ीह आरईओ रोड़ से शमसान घाट तक पथ व पुलिया निर्माण बरसोत तक, कोरियाड़ीह शमसान घाट के निकट चैक डेम का जीर्णोद्धार एवं सीढ़ी का निर्माण,

**काफी अनुभवी है सांसद, जनता को मिलेगा लाभ:राजेन्द्र**

कोरियाड़ीह ऊपर टोला में 200 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने के साथ ग्राम लठिया में सामुदायिक भवन का निर्माण शामिल है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, अजय कुमार कुशवाहा, प्रकाश साव, ब्रह्मदेव यादव, मनोज केशरी, उमेश यादव, राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजन, अशोक यादव, रामजी प्रसाद, झरी महतो, उमेश प्रसाद, मनोज कुमार, विनय कुमार, रामदेव सिंह, केशो महतो, तारकेश्वर प्रसाद, मनोज कुमार, नागेश्वर प्रसाद, राजु प्रसाद, नारायण प्रसाद, नरेश प्रसाद सहित अन्य ग्रामीण शामिल थें।

## जनहित के मुद्दे पर एक्शन मूड पर दिखे सांसद, बरही के पूर्व विधायक संग पीएचईडी और एनएचएआई के अधिकारीयों संग किया बैठक, दिया कई निर्देश

# पेयजल समस्या दूर करने, बरही, चौपारण में जीटी रोड निर्माण से जुड़ी समस्याओं को जल्द समाधान करने का दिया सख्त निर्देश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** सांसद का शपथ लेने से पूर्व ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल जनसमस्याओं के समाधान के लिए एक्टिव और एक्शन मोड में नजर आये। गुरुवार की सांसद मनीष जायसवाल ने बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव संग जिले के बरही अनुमंडल के जल समस्या तथा राष्ट्रीय राजमार्ग के चौडीकरण से उत्पन्न समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभागों के आलाधिकारियों से सर्किट हाउस में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान भीषण गर्मी में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र विशेषकर बरही और चौपारण में जल्द से जल्द जलापूर्ति की व्यवस्था को दुरुस्त करने की बात कही। विभिन्न पंचायतों में संचालित जल नल योजना की त्रुटियों को जल्द दूर करके पानी की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी करने की बात कही। राज्य सरकार द्वारा प्रति पंचायत में निर्धारित पांच चापाकलों के निर्धारित स्थलों पर नियमानुसार लगाने की बात कही। इसके लिए किसी भी राजनीतिक दबाव में नहीं आकर कार्य करने को हिदायत दिया। बरही अनुमंडल क्षेत्र में पेयजल की समस्या के निजात के लिए खराब जलमीनर का तत्काल मरम्मती, खराब चापानल का मरम्मती, बंद पड़े जलापूर्ति योजना को चालू करने तथा गांवों में एसएलडब्लूएल के अंतर्गत बनाए गए सोख्ता, गड्ढा, नाडेप का शीघ्र भुगतान करने को निर्देशित किया गया। हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड स्थित खपरियावां स्कूल खराब चापानल को यथाशीघ्र बनवाने का निर्देश दिया। इस दौरान बरही, चौपारण, पदमा के कई पंचायत प्रतिनिधियों ने भी उन्हें समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, मनोज कुमार मुंडारी, सहायक अभियंता बरही अनुमंडल निखिल कुमार, जेई, चौपारण, बरही और पदमा के विमल कुमार, जिला समन्वयक मनीष कुमारसहित अन्य लोग मौजूद रहें। मौके पर विशेष रूप से सांसद मनीष जायसवाल, पूर्व विधायक मनोज यादव, जिप सदस्य एक राकेश रंजन, जिप सदस्य आरती कौशल, बरही सदर जिला परिषद सदस्य प्रीति गुप्ता ,प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, मुखिया प्रतिनिधि राजदेव यादव, मुखिया सुनीता देवी, अर्चना हेमरोम, ममता कुमारी,संतोष सिंह, पप्पू रजक, खीरु यादव, राजेन्द्र कुशवाहा, कैलाश पासवान, मोहन साव, तुलसी यादव, अमित साहु, रमेश ठाकुर, बिजय यादव, गुरुदेव गुप्ता ,राजकुमार भुइंया, नरेश पासवान,वार्ड सदस्य इन्दर देव ठाकुर ,बरही पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष अमित साहू ,रितेश गुप्ता, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## संक्षिप्त खबरें

### संजीवनी क्लिनिक परसाबाद को किया गया सिल मुक्त



**कोडरमा ।** जयनगर प्रखंड के अंतर्गत परसाबाद संजीवनी क्लिनिक को सीलमुक्त कर दिया गया। आसानी को शल्य चिकित्साक- सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कोडरमा के आदेश अनुसार दिनांक 19 जून 2024 दिन बुधवार को संयुक्त रूप से प्रखंड अंचलाधिकारी गौतम कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक, सभी जयनगर के द्वारा संजीवनी क्लिनिक परसाबाद को सील मुक्त कर दिया गया है। दरअसल उपरोक्त विषय के अनुसार संजीवनी क्लिनिक परसाबाद जयनगर के विरुद्ध जयनगर थाना कांड संख्या 211/ 2020 दायर किया गया था जिसमें दिनांक 15 दिसंबर 2023 को माननीय अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी, कोडरमा के द्वारा परित न्यायाधीश में अभियुक्त महेश मोदी पिता बंसी मोदी को आरोप मुक्त करार दिया गया था उक्त के आलोक में संजीवनी क्लिनिक परसाबाद जयनगर को सीलमुक्त करने की कार्रवाई की गई।

### धनबाद मंडल में चलाया गया मेगा टिकट चेकिंग अभियान



**धनबाद।** मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में धनबाद मंडल में मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत मंडल के विभिन्न खण्डों के साथ-साथ धनबाद, चन्द्रपुरा, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग की गई यह मेगा टिकट चेकिंग अभियान दिन-रात चलाया गया । इस जांच अभियान में कुल 1598 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे इस दौरान उनसे 08 लाख 38 हजार 960 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई चेकिंग अभियान में 160 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच की जा रही है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगी । इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है ताकि वे अगली बार टिकट लेकर यात्रा करें एवं उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## झुमरी तिलैया में पानी, बिजली और सफाई की समस्याओं पर शालिनी गुप्ता का धरना प्रदर्शन

# प्रशासन की लचर व्यवस्था के खिलाफ उठी जनता की आवाज

### बिजली पानी व साफ सफाई का निदान नहीं तो बंद करेंगे टैक्स : शालिनी





उज्ज्वल दुनियां संवाददाता

**झुमरी तिलैया।** झुमरी तिलैया शहर में पानी, बिजली और सफाई की समस्याओं को लेकर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने आज विद्युत कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में शहर के 28 वार्डों के निवासी, छात्र-छात्राएं, गृहणियां, विभिन्न पार्टियों के जनप्रतिनिधि और वर्तमान वार्ड पार्षदों ने हिस्सा लिया और प्रशासन की लचर व्यवस्था के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया।

**पानी और बिजली की समस्या**

धरने के दौरान शालिनी गुप्ता ने कहा कि झुमरी तिलैया में पानी, बिजली और सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की घोर कमी है। उन्होंने बताया कि शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली की 23 घंटे की निर्बाध आपूर्ति नहीं हो रही है और 1 घंटे का मेंटेनेंस कार्य भी समय पर नहीं किया जा रहा है। बिजली की कटौती से न केवल जनजीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि पेयजल की आपूर्ति भी बाधित हो रही है।

**बढ़ते टैक्स और घटती सुविधाएं**

### शालिनी गुप्ता की मांगें

**धरना स्थल पर बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता सुधांशु ने ज्ञापन पर विभागीय कार्रवाई करने का आश्वासन दिया, उन्होंने आगे कहा की शहर में 23 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध होगी और मेंटेनेंस केवल 1 घंटे में पूरा किया जाएगाउन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के लिए विभाग के एसडीओ या कार्यपालक अभियंता को शिकायत दर्ज की जा सकती है और उन्होंने अपना मोबाइल नंबर 9431135704 भी साझा किया ।**

शालिनी गुप्ता ने बताया कि 2014-15 में 60-70 लाख रुपये का टैक्स वसूला जाता था, जो अब बढ़कर 6-7 करोड़ रुपये हो गया है। इसके बावजूद सुविधाओं में कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन गंभीर समस्याओं का समाधान नहीं करता है, तो जनता टैक्स देने की व्यवस्था पर पुनर्विचार करेगी।

**सफाई व्यवस्था की दुर्दशा**

शहर में सफाई व्यवस्था को तीन भागों मे. नगर परिषद कर्मचारी द्वारा रोड एवं नाली की सफाई, केएमएस डब्लू प्राइवेट लिमिटेड द्वारा डोर टू डोर कचरा संग्रहण,बुल फाइटर प्राइवेट लिमिटेड,द्वारा मुख्य मार्गों की रात्रि सफाई के बावजूद, शहर की सफाई व्यवस्था नदारद है और जगह-जगह कूड़ा-कचरा बिखरा हुआ है। डटरह ढ५३. छ३ि. द्वारा कचरा संग्रहण का कार्य अनियमित रूप से किया जा रहा है, जिससे सफाई व्यवस्था चरमरा गई है।

**पानी की आपूर्ति की विकट समस्या**

शहर के कई वार्डों में पानी की नियमित आपूर्ति नहीं हो रही है। कहीं पाइपलाइन नहीं बिछाई गई है और जहां बिछाई गई है, वहां पानी नहीं पहुंच रहा है। सप्लाई पानी का कनेक्शन शुल्क भी बढ़ा दिया गया है, जिससे जनता पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। नगर परिषद पानी का मासिक शुल्क लेती है, जबकि सप्लाई पीएचडी करती है, जिससे जनता को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

**स्ट्रीट लाइट्स की अव्यवस्था**

एररछ कंपनी को स्ट्रीट लाइट लगाने और मेंटेनेंस का ठेका दिया गया था, लेकिन कई वार्डों में स्ट्रीट लाइट्स बंद पड़ी हैं। शहरवासी बढ़ते टैक्स के बावजूद भी कूड़े-करकट, जाम और पानी की समस्या से जूझ रहे हैं।

**नगर परिषद द्वारा सफाई और पेयजल आपूर्ति सुधार की पहल**

नगर परिषद कार्यालय में हुई बैठक में शालिनी गुप्ता और हर्षवर्धन ने तीनों कंपनियों के कर्मियों के साथ मिलकर 28 वार्डों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और मॉनिटरिंग हेतु टोल फ्री नंबर जारी करने का प्रस्ताव रखा। 1 जनवरी 2025 से पेयजल आपूर्ति नगर परिषद को सौंप दी जाएगी। इस कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अगले छह महीनों में सामंजस्य स्थापित कर निर्बाध पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। जिन इलाकों में पाइप लाइन तो गई है लेकिन पानी की आपूर्ति नहीं हुई है, वहां के पानी बिल को निरस्त करने और आगे ऐसे उपभोक्ताओं को बिल न जारी करने, नगर परिषद द्वारा सभी शिकायतों का त्वरित निपटारा करने का भी आश्वासन दिया गया।

**समारोह में वक्ताओं का समर्थन**

प्रेम पाण्डेय, बालगोविन्द मोदी, प्रवीण वर्णनवाल, यशपाल सिंह गोल्डन, बार एसोसिएशन अध्यक्ष जगदीश सलूजा, चाँद आलम, सीताराम शर्मा, नवनीत ओझा, विशाल भदानी, धीरज कुमार, सुषमा सुमन, प्रो. राखी भदानी, ब्यूटी सिंह सहित कई वक्ताओं ने शालिनी गुप्ता के प्रयासों की सराहना की और कहा कि कौन कहता है आसमान में सुराख नहीं होता, एक पत्थर तो उछालो₹। वक्ताओं ने कहा कि शालिनी गुप्ता जनता की आवाज बनी हैं और उनके प्रयास आने वाले दिनों में मील का पत्थर साबित होंगे। शहर में पानी, बिजली और सफाई की समस्याओं को लेकर शालिनी गुप्ता का यह धरना प्रदर्शन एक महत्वपूर्ण कदम है। जनता की आवाज को बुलंद करने और प्रशासन को जगाने के इस प्रयास से उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही समस्याओं का समाधान होगा और झुमरी तिलैया शहर में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति में सुधार आएगा। मौके पर निवर्त्तमान वार्ड पार्षद अरुण चंद्रवंशी, बसंत सिंह, गंन्दोरी रजक, प्रदीप सुमन, एके सिंह,विशाल भदानी,भारत बक्शी, राजीव सिन्हा, यशपाल सिंह, शशि सलूजा, जिला परिषद प्रतिनिधि मंटू तिवारी, संजू जैन, पप्पू खट्टीक, सोनू मोदी,सोनू मोदी, प्रहलाद मोदी, धीरज कुमार,राजीव शुक्ला, मनोज मोदी, अविनाश चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, दिनेश शर्मा सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## ऑपरेशन सतर्क के तहत कोडरमा आर पी एफ ने 01 व्यक्ति को अंग्रेजी शराब के साथ किया गिरफ्तार



उज्ज्वल दुनियां संवाददाता

**कोडरमा :-** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कोडरमा तथा टास्क टीम धनबाद के बल सदस्यों द्वारा चेकिंग के दौरान कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 04 पर स्थित न्यू फुट ओवर ब्रिज के पास एक व्यक्ति आकाश कुमार उम्र करीब 20 वर्ष, पिता- उमेश कुमार, सा0- पकड़ी, पोस्ट- रेमा, थाना- मसौढ़ी, जिला- पटना, बिहार को कुल 05 बोतल मैजिक मोमेंट ग्रेन वोडका जिसकी प्रत्येक की क्षमता 750 मिली0 व किमत 730/- रुपए है, के साथ गिरफ्तार कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कोडरमा पर लाया गया तथा अग्रतर कार्यवाही के तहत उक्त गिरफ्तार व्यक्ति एवं जब्त शराब की बोतलों को अग्रिम कार्यवाही के लिए उत्पाद विभाग कोडरमा को सौंप दिया गया। बरामद सभी अंग्रेजी शराब की कुल क्षमता 3750 मि0ली0 तथा कुल कीमत 3650/- रुपए आँका गया।

## जबरन दुष्कर्म के आरोपी को 16 वर्ष सश्रम कारावास

- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की आदालत ने सुनाई सजा
- 5000 जुर्माना भी लगाया
- जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी
- अदालत ने त्वरित सुनवाई करते हुए आरोप गठन के करीब डेढ़ माह के अंदर सुनाई सजा



उज्ज्वल दुनियां संवाददाता

**कोडरमा।** डोमचांच थाना कांड संख्या 13/ 2024 एसटी 52/ 2024 लकड़ी चुने गई बिरहोरीन महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने गुरुवार को आरोपी संजय बिरहोर, उम्र 40 वर्ष, 'पिता मंगर विरहोर, ग्राम - जिओरायडीह, थाना- डोमचांच, जिला कोडरमा,, निवासी को आईपीसी की धारा 376 (2)(एन) का दोषी पाते हुए 16 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5000 जुमार्ना लगाया । जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

**क्या है मामला**

**कोडरमा :** मुक्तभोगी महिला ने थाना को दिए आवेदन में कहा था कि 02-02-2024 को समय करीब 10:00 बजे मैं अपने गांव के दो अन्य वीरहोरीन के साथ चंदन चूल्हा जंगल में लकड़ी लाने एवं बकरी चराने गई थी। समय करीब 12:00 बजे दिन में जब हम लोग घर वापस आ रहे थे तब वह उन दोनों विरहोरीन के पीछे आ रही थी। इसी दौरान कोई मेरे पीछे से आकर मेरा मुंह दबा दिया। जब पीछे देखी तो मेरे ही गांव का संजय विरहोर पिता मंगल बिरहोर ग्राम जीयोरायडीह मेरा मुंह दबाकर पकड़े हुए हैं। मैं चिल्लाने की कोशिश की पर चिल्ला नहीं पाई और ना ही खुद को उससे छुड़ा पाई। संजय विरहोर मुझे घसीट कर जंगल में एक पेड़ के पास ले गया और साड़ी फाड़ दिया और रस्सी से मुझे पेड़ में बांध दिया और जबरदस्ती मेरे साथ बलात्कार किया।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



उज्ज्वल दुनियां संवाददाता

**डोमचांच(कोडरमा)।** जिले के डोमचांच प्रखंड मुख्यालय में दिन बुधवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से अंचल अधिकारी रविंद्र पांडेय, एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नायाब जेबा मौजूद थी। नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम में सबसे पहले मुख्य अतिथि अंचल अधिकारी डोमचांच रविंद्र कुमार पांडेय ने सभी कर्मी एवं सेविकाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। नशा मुक्ति कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंचल अधिकारी रविंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि कोई व्यक्ति को नशे का आदी होने से बचना चाहिए नशीली पदार्थ सेवन करने से व्यक्ति गंभीर बीमारी का शिकार होते हैं साथ ही उनका सारा परिवार इसमें तबाह हो जाता है इसलिए सबों को इससे बचने की जरूरत है। वही जन जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कि बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नायाब जेबा ने कहा कि आज के युवा पीढ़ी नशा करना फैशन मानते हैं जिससे उनकी पढ़ाई लिखाई में गहरा असर पड़ता है जहां एक और उन्हें पढ़ाई लिखाई करके देश हित में कार्य करना चाहिए ना की इसका सेवन करके अपने आप को गंभीर बीमारी में धकेलना है। नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम में अंचल अधिकारी, परियोजना पदाधिकारी, विभागीय कर्मी, सेविकाएं एवं आम जनों का हस्ताक्षर करवाया गया।

## बालू लदा दो ट्रैक्टर को किया जप्त

उज्ज्वल दुनियां संवाददाता

**मरकच्चो :-** कोडरमा एसडीएम रिया सिंह, डीएमओ दरोगा राय एवं सीओ परमेश्वर कुशवाहा ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर बालू लदा दो ट्रेक्टर को जप्त किया। एसडीएम व डीएमओ मरकच्चो क्षेत्र का भ्रमण कर रहे थे इस दौरान मरकच्चो बरियारडीह मुख्य मार्ग स्थित गुरहा के पास अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को रूकवा कर बालू संबंधित कागजात की मांग किया गया। जहां ट्रैक्टर चालक के द्वारा कोई कागजात नही दिखाया गया जहां दोनो ट्रैक्टर को जब्त करते हुए आगे की कारवाही के लिए मरकच्चो थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

इस दौरान एसडीओ रिया सिंह ने बताया कि सरकार के द्वारा 10 जून से लेकर 15 अक्टूबर तक बालू खनन कर रोक लगाया गया है। जिसके बाबजूद भी बालू खनन धड़ले से किया जा रहा है। वही अवैध बालू के उठाव पर लगातार छापेमारी जारी रहेगा।

## शादी के वर्षगांठ पर मरीजों के बीच किया पौधे का वितरण

**झुमरी तिलैया :-** शहर के लोकप्रिय डॉ. हरिदर्शन सिंह ने अपने शादी के सालगिरह पर शहर के सभी अस्पतालों में भर्ती मरीजों के बीच फल और पौधों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा देना प्राथमिकता है। पेड़-पौधों के अभाव में मौसम चक्र प्रभावित हो रही है। भयंकर गर्मी पड़ रही है। बता दें कि 20 जून को उनका वैवाहिक



वर्षगांठ है। 19 जून को उनकी पत्नी मंजू संह जो इंदौर में थीं।

## AFFIDAVIT

As per affidavit Ref No. 30 date :- 20/06/2024

I, Deepak Kumar Singhania S/O Shyam Sundar Singhania Director of M/S Mayur Rice Mills Private Limited Gujhandi road Jhumaritelaiya resident of Jhanda Chowk Jhumritelaiya , Dist, Koderma, (jharkhand), do hereby declare and offirm as follows :-

That I have lost my cover file bag while going to our factory Gujhandi road from my house Jhanda chowk on 19th June 2024 for photo copy of land Papers.

That I futher declare that my original land deed wide deed no.179 dated 27.01.2009 under the khata no 87 plot no.91 area 54 decimals mouze Barwadih thana no 251 was in the cover file bag. Thate land deed no. 179 dated 27.01.2009 which is the name of the company M/S Mayur rice mills Pvt. Ltd.

That I, further declare that I swear this affidavit for issuance of duplicate Land feed.
That the facts stated above are true and correct.

VERIFICATION

I,Deepak Kumar Singhania, do hereby declare that the statements made are true and correct to the best of my knowledge, belief and information.
Verified and signed on this the 20th june 2024 at Koderma .

## नीरा यादव द्वारा नगर पंचायत कोडरमा की तीन योजनाओं का शिलान्यास

# आपका साथ आपका विश्वास के साथ साथ मेरा प्रयास से लगातार दौड़ती रहेगी विकास : डॉ. नीरा यादव

उज्ज्वल दुनियां संवाददाता







**कोडरमा।** नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत नगर पंचायत कोडरमा में दो योजनाओं की एकीकृत शिलान्यास व आधारशिला कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव के द्वारा रखी गई। उन्होंने गुरुवार को राजा तालाब के निकट वार्ड नंबर 01 में चित्रगुप्त मंदिर के प्रांगण में पेभर ब्लॉक का कार्य एवं छोटेलाल के घर के सामने आरसीसी कलवर्ट का निर्माण कार्य का एकीकृत शिलान्यास विधायक डॉ नीरा यादव जी के कर कमलों द्वारा सुसंपन्न हुआ। जिसकी एकरारित राशि छः लाख निन्यानबे हजार सात सौ उनचालीस रुपए है। वहीं इसी नगर में अन्यत्र आठ लाख अठासी हजार सात सौ पैसठ रुपए की लागत से वार्ड नंबर 06 में सरफराज जी के घर के पीछे रविदास टोला से आंगनबाड़ी केंद्र तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। कुल तीन योजनाओं का शिलान्यास किया गया। इस शुभ मौके पर लोगों के बीच विधायक ने स्वयं मिठाई बांटी। उपस्थित सारे चित्रांश परिवार ने विधायक के प्रति हर्ष जाहिर करते हुए इस कार्य के लिए उन्हें आभार जताया। नीरा यादव ने कहा जनहित में बिना भेद भाव के अनवरत विकास कार्य बिना रुके बिना झुके लगातार जारी ही रहेगा। कार्यक्रम स्थल पर चित्रांश परिवार अध्यक्ष अविनाश प्रसाद, निरंजन प्रसाद,मनोज कुमार रूखैयार,उमाकांत प्रसाद, प्रवीण कुमार,पिंटू श्रीवास्तव, शैलेश कुमार सिन्हा,चंदन कुमार सिन्हा,सुजीत कुमार सिन्हा, कपिल देव प्रसाद,अरुण सिन्हा,भुनेश्वर प्रसाद,अशोक कुमार, विशाल कुमार,रितेश रंजन, आनंद सिंहा एवं कई चित्रांश परिवार सहित दिवाकर कुमार, दिनकर कृष्णा, रानू शर्मा, नरेन्द्र सिंह, बबलू यादव आदि मौजूद रहे।

# निषाद समाज के लोगों ने सांसद को दी बधाई एवं शुभकामनाएं

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**गढवा(उज्ज्वल दुनिया)** - निषाद समाज के लोगों ने मेदिनीनगर आवास पर पलामू लोकसभा संसदीय क्षेत्र से लगातार तीसरी बार चुने गए माननीय सांसद वी डी राम को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। निषाद समाज के सामाजिक संगठन महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान सांसद महोदय के समक्ष कई सामाजिक समस्याओं को रखा था और उन्होने आश्वस्त किया था कि हम फिर से चुनाव जीत कर आएंगे तो निश्चित तौर पर निषाद समाज के लोगों के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे और यथासंभव हर सुख



दुख में शामिल होने का प्रयास करेंगे। निषाद समाज के मुख्य मांगों में से गढ़वा-पलामू के जिला मुख्यालय में निषाद सामुदायिक भवन का निर्माण कराना है, जिससे कई कार्यक्रम करने में सहूलियत होगी और अनाथ बच्चों को रहकर पने की व्यवस्था होगी, गरीब-मजदूर भी आपातकालीन स्थिति में रुक पाएंगे। शादी विवाह कार्यक्रम के लिए भी निःशुल्क सुविधा मिल पाएगी। वहीं चिरपरिचित मांग तोलरा स्टेशन के पश्चिम मल्लाह टोली गांव के रेल फाटक को रेल अंडर ब्रिज का निर्माण हमारी प्राथमिकता होगी। क्योंकि अभी तक ट्रेन से कटकर कई लोगों की जान जा चुकी है। इसके अलावा समाज में छोटी-छोटी समस्याओं को निराकरण करने में हमारा सहयोग रहेगा। इसके लिए समाज के लोगों को भी सक्रिय रहने की जरूरत होगी। डॉ कुलदेव चौधरी नें माननीय सांसद वी डी राम जी से अपनी बात रखी है कि जिस तरह पलामू लोकसभा में सा चार लाख निषाद मतदाता में से ज्यादातर लोगों का आशीर्वाद मिला है, उसी तरह आगामी विधानसभा चुनाव में पलामू प्रमंडल के नौ विधानसभा में कम से कम एक सीट दिलाने में सहयोग करें। निषाद समुदाय के बाहुल्य मतदाता 60 हजार गवा विधानसभा, 35 हजार डालटनगंज विधानसभा, 30 हजार विश्रामपुर विधानसभा, 20 हजार भवनाथपुर विधानसभा, 18 हजार हुसैनाबाद विधानसभा आदि में किसी विधानसभा से कम से कम एक सीट खासकर गढवा विधानसभा के लिए योग्य उम्मीदवार को भागीदारी सुनिश्चित करवाएं। इसके अलावा समाज को बेहतर बनाने के लिए गवा-पलामू से कम से कम तीन सांसद प्रतिनिधि के रूप में नामित करें। इसके लिए निषाद समाज के लोग हमेशा आपके ऋणी रहेंगे। मौके पर महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदेव चौधरी, गवा जिला अध्यक्ष रविन्द्र कुमार चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष संतोष चौधरी, भिखही पूर्व मुखिया नन्दू चौधरी, अधिवक्ता बचनदेव चौधरी, युवा जिला सचिव सकेन्द्र कुमार, पूर्व वार्ड सदस्य रटू चौधरी, रामधनी चौधरी, विनोद चौधरी, वीरेन्द्र चौधरी, सुनील चौधरी, संतोष चौधरी आदि उपस्थित थे।.

## मेदिनीनगर का वर्तमान परिदृश्य भयावह है, नगर निगम शहर का प्यास बुझाने में असफल- आशीष भारद्वाज

**पलामू,:** पानी माँगे पलामू, हमे हमारा पानी दो, पानी हमारा अधिकार है के नारों के साथ आज युवाओं की टोली पानी यात्रा के नवें दिन मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के शांतिपुरी, सुदना पश्चिमी, रेलवे क्रॉसइंग एरिया में जनजागरण सह हस्ताक्षर अभियान चलाई। ÷पानी यात्रा के दौरान युवाओं ने जलसंरक्षण व पैधारोपण हेतु नगरवासियों को जागरूक भी किया। पानी यात्रा का नेतृत्व कर रहे आशीष भारद्वाज ने कहा कि आप एक ऐसी भयावह स्थिति कि कल्पना कीजिए जब आपके आसपास हर जगह पीने का पानी सूख चुका है ऐसे में आपका जीवन यापन कहा तक संभव रह जाएगा, कुछ यही हाल हो गया है हमारे नगर निगम क्षेत्र मेदिनीनगर का। जहां लगभग घरों के पेयजल स्रोत सूख चुके हैं , त्राहिमाम मचा हुआ है। नगर निगम के द्वारा जो टैंकर से पानी वितरण की तत्कालीन व्यवस्था की गई है ओ भी टोटल फेल है। जल वितरण की जिनको भी ज़म्मिवारी मिली है ओ अपने कार्य में असफल है वही आबादी के हिसाब से टैंकर की संख्या भी बहुत कम है। इन सभी व्याप्त अव्यवस्था को लेकर हम जल्द ही नगरआयुक्त से मुलाक़ात कर सीमित समय में समाधान का माँग करेंगे। श्री भारद्वाज ने कहा कि जो पदाधिकारी या कर्मी हमारे शहरवासियों के हिस्से का पानी निगलेगा हम उसके हलक में हाथ डालकर हिसाब किताब कर लेंगे। इनलोगो ने तमाशा बना दिया है, हमारा शहर पेयजल समस्या के एक भयावह दौर से गुजर रहा है जहां लगभग लोग पेयजल को लेकर कष्ट में है ऐसे में कुछ लोग मदद के जगह अपना रोटी सेकने में लगे है ओ हम नहीं चलने देंगे। अपने शहर के हिस्से का पानी हमे जहां से लाना पड़े हम वहा तक जायेंगे , जिससे मिलना भिड़ना पड़े हम तैयार है। किसी भी स्थिति में हम मेदिनीनगर वासियों को अपने हिस्से का पानी चाहिए। अब थोड़ा हम शहरवासियों को भी सचेत होकर पेयजल संरक्षण और पौधारोपण पर गंभीरता से सोचना होगा और एक अभियान के तहत इसपे लगना होगा। शहर हमारा है हमे ही इसे बचाना भी है और संवारना भी है। श्री भारद्वाज ने कहा कि नगर आयुक्त महोदय से मिलकर हम टैंकर वितरण में अनियमीतता, टैंकरों की संख्या में वृद्धि, पाइपलाइन कनेक्टिविटी ।

## सी.बी.एस.ई 2024 की 10वीं, 12वीं कक्षा की पूरक परीक्षा जुलाई महीने में होगी संपन्न

**पलामू:**15 जुलाई 2024 से सी.बी.एस.ई 2024 की 10वीं एवं 12वीं कक्षा की पूरक परीक्षा शुरू हो रही है । 12वीं कक्षा की सभी विषयों की पूरक परीक्षा एक ही तिथि 15 जुलाई 2024 को होगी, जबकि दसवीं कक्षा की पूरक परीक्षा 15 जुलाई से शुरू होकर 22 जुलाई 2024 तक चलेंगी । इस परीक्षा में ऐसे छात्र बैठेंगे, जो किसी कारणवश मुख्य परीक्षा में किसी एक विषय में नहीं बैठ पाए या किसी विषय में असफल रहे या अपने प्राप्तांको में सुधार चाहते हैं ।




सी.बी.एस.ई के गढ़वा,पलामू के सिटी कोऑर्डिनेटर डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एम.के. डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज डॉक्टर जी.एन. खान ने बताया कि इस वर्ष पूरक परीक्षा हेतु नगर के दो विद्यालयों एम.के. डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल डालटेनगंज एवं रोटरी स्कूल डालटेनगंज को केंद्र बनाया गया है। इन केंद्रों पर सी.सी.टी.वी की निगरानी में सी.बी.एस.ई की सभी मानक प्रक्रिया का पालन करते हुए कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न ।

## रंका जमीन का मुआवजा नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने बन रहे रोड का काम बंद कराया

**रंका(उज्ज्वल दुनिया)** - रंका प्रखंड के मानपुर पंचायत में गंगा कंस्ट्रक्शन के द्वारा बनाई जा रही कालीकरण चौड़ीकरण रोड में ग्रामीणों का जमीन का मुआवजा नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने जताई नाराजगी कराया काम बंद। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि गंगा कंस्ट्रक्शन के द्वारा रंका थाना मोड़ से रमकंडा तक कालीकरण एवं चौड़ी करण रोड की जा रही है जिसमें सैकड़ो ग्रामीणों का जमीन रोड में जा रही है रैयती जमीन होने के बावजूद भी ठेकेदार के द्वारा मुआवजा नहीं दी जा रही है जबकि मुआवजा आ गया है उसके बावजूद भी ठेकेदार मुआवजा देने का नाम नहीं ले रहा है जिससे हम ग्रामीण बाध्य होकर रोड का कार्य रुकवाने के कार्य किया गया है वही ठेकेदार के द्वारा हम सभी को डरवाया



धमकाया जा रहा है और कहा जा रहा है कि अगर तुम लोग काम रोकोगे तो प्रशासन के द्वारा तुम लोगों को बंद करा दी जाएगी एक तरफ सरकार की ओर से ग्रामीणों की जमीन के बदले मुआवजा देने की भी बात करती है तो वहीं ठेकेदार के द्वारा ग्रामीणों को जेल में बंद करवाने के भी बात कहीं जा रही है जिससे ग्रामीण काफी क्रोधित हैं एवं ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार के द्वारा जो रोड में कार्य की जा रही है वह कार्य एकदम घटिया कार्य की जा रही है रोड में पानी भी नहीं पटाई जा रही है जिससे आवागमन में लोगों को एवं अगल-बगल के लोगों को डस्ट पढ़ने से अनेक प्रकार की बीमारियों का भी डर सता रही है वही देखा जाए तो रोड में जो छरी का कार्य की जा रही है वह छरी गुणवत्ता नहीं देखी जा रही है जिससे ग्रामीणों का मांग है कि मुवाजा के साथ गुणवत्ता कार्य ठेकेदार के द्वारा की जाए तभी हम सब ग्रामीण इस कार्य को आगे बढ़ने देंगे अन्यथा मुआवजा नहीं मिली तो कार्य भी आगे नहीं होने देंगे ।

## अतिक्रमण हटाने की जारी हुई आखिरी चेतावनी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**चतरा।** स्थानीय प्रशासन ने जिला परिषद द्वारा बनवाए गए स्टालों का अतिक्रमण करने वालों को आखिरी नोटिस गुरुवार को भेजा है।दुकानदारों को 25 जून तक का अतिक्रमण हटाने का समय दिया गया है।इसके एक सप्ताह पूर्व भी सभी दुकानों के दीवारों पर नोटिस चिपकाया गया था।कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर लगाए शेड हटा दिए।और बाकी दुकानदार हटाने की तैयारी कर रहे हैं।अंचल विभाग ने एक बार फिर सभी दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी कर दिया है।बहरहाल दुकानदारों ने प्रसाशन द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को जायज तो ठहराया है। दुकानदारों को 25 जून तक का अतिक्रमण हटाने का समय दिया गया है।इसके एक सप्ताह पूर्व भी सभी दुकानों के दीवारों पर नोटिस चिपकाया गया था।पर यह सवाल भी उठाया है कि आखिर सिमरिया का खाता 60,सिमरिया चौक का केशर ए हिन्द और सिमरिया बगरा मुख्य पथ के किनारे की जमीन का इतना अतिक्रमण हुआ है, उसपर प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है।खाता 60 में बे बे भवन बन कर तैयार हैं।प्रशासन हर बार नोटिस करता है।और चंद सप्ताह बाद चैन की नींद सो जाता है।दुकानदारों का कहना है कि क्या सिमरिया बगरा रोड, केशर ए हिन्द भूमि और खाता 60 का अतिक्रमण करने वाले अतिक्रमणकारी की श्रेणी में नहीं आते हैं।एक ही गलती में एक को सजा और दूसरे की रिहाई कहीं से उचित नहीं है।

# मनरेगा योजना में धांधली, सिंचाई कूप निर्माण में बरती जा रही अनियमितता

**हेरहंज :** प्रखण्ड क्षेत्र में मनरेगा योजना के तहत हो रहे सिंचाई कूप निर्माण में काफी अनिमित्ताएँ बरती जा रही हैं।ग्राम घूरे में झुगली देवी का बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना में गडबडी का शिकायत मिलने पर मनरेगा लोकपाल पहुंचे योजनस्थल। कूप का निर्माण के स्थल के पास पूर्व में हीं डोभा का निर्माण कराया गया है। जिसको लेकर पँचायत सचिव व रोजगार सेवक के पास भी शिकायत की गई थी परन्तु सभी नियमो को ताक में रख कर कूप का निर्माण किया जा रहा है। जिसके बाद मनरेगा लोकपाल सन्तोष पंडित ने जांच किया । जांच के क्रम में डोभा के पास कूप निर्माण देखकर डोभा के अभिलेख की मांग रोजगार सेवक



से की। वहीं कार्य स्थल में बोर्ड पर भी आपत्ति जताई सूचना बोर्ड में बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का त्रि नही।साथ ही कार्यकारी एजेंसी में पूर्व पंचायत सचिव आत्मा सिंह व पूर्व रोजगार सेवक स्व परमजीत सिंह का नाम अंकित मिला।साथ ही मजदूरी दर भी मात्र 237 रुपया अंकित मिला।जिसे देख लोकपाल श्री पण्डित ने कहा पूर्व का बोर्ड लगाया गया है जिसमे पँचायत सचिव,रोजगार सेवक के साथ मानव दिवस का भी उल्लेख कम देख कर नया बोर्ड बनाने को कहा।वहीं कूप निर्माण स्थल में वन भूमि से पत्थल लाकर उपयोग किया जा रहा है।

प्रभारी रोजगार सेवक मेराजुल हक ने भुगतान के बारे में बताया कि झुगली देवी का सिचाई कूप निर्माण वर्क कोड संख्या 7080902704889 है।जिसका प्राक्कलन राशि 396000 है।जिसमें 128928 (एक लाख ऐठाइस हजार नौ सौ ऐठाइस) रुपए की निकासी की गई है।जे ई आनन्द तिग्गा ने बताया कि लगभग 20 फिट मिट्टी की कटाई हुई है।

इस कूप निर्माण में कुल 13 मजदूरों का डिमांड चल रहा है। जिसमे रविन्द्र यादव,गुड्डू कुमार यादव,मीना देवी,बोधि यादव,जितेंद्र कुमार यादव,भुगली देवी,दिनेश प्रसाद यादव,ललिता देवी,शुशीला देवी,हेवन्ति देवी,मनोज यादव,लीलावती देवी व कविता देवी का नाम शामिल है। जिसमे लोकपाल के द्वारा जांच के दौरान योजना स्थल में 5 मजदूर हीं पाए गए। जिनमे बोधि यादव,ननदेव यादव,मनोज यादव,जतरु भुइयाँ व पूनम देवी मौजुद थें।मनरेगा लोकपाल सन्तोष पण्डित से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कूप निर्माण के बगल में डोभा की जांच की जाएगी अगर यह सरकार द्वारा बनवाया गया होगा तो कूप का कार्य बंद किया जाएगा।

मनरेगा प्रभारी बी पी ओ मो0 कमाल खान से पूछे जाने पर कहा कि कूप निर्माण स्थल में जो पत्थल गिराया गया है उसकी जांच की जाएगी और जो भी कूप में अनिमित्ताएँ होगी उसकी भी जांच कर आवश्यक कार्यवाई की जाएगी।

## एक-नजर

### पलामू को नशामुक्त जिला बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त ने मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु जागरूकता रथ को किया रवाना




**पलामू :** मादक पदार्थ के रोकथाम हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह जागरूकता रथ शहर से लेकर सुदूर गांव का भ्रमण कर लोगों को नशे के करण होने वाले विकृतियों के संबंध में अवगत करायेंगे।इस अवसर पर उन्होंने बताया कि यह रथ जिले के सभी पंचायतों में जाकर लोगों को मादक पदार्थ का सेवन नहीं करने के संबंध में जागरूक करेगा।उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि जिले को नशामुक्त बनाने में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक नागरिक को इसके प्रति अपनी सहभागिता निभाई होगी।उन्होंने जिले के सभी अभिभावकों से अपने बच्चों पर कड़ी नजर रखने की बात कही ताकि वे गलत संगत में पकर नशे की तरफ न चले जायें।उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे भविष्य है उन्होंने कहा कि बेहतर जिला,समाज और राज्य बनाने के लिए नशा पर नियंत्रण बेहद जरूरी है।उन्होंने कहा कि नशे के कारण समाज में विभिन्न तरह के विकृतियों फैलती है साथ ही युवाओं में अपराध की प्रवृत्ति भी बढ़ती है।उन्होंने कहा कि यह अत्यंत जरूरी है कि हर तरह के नशे की प्रवृत्ति को रोका जाए।इसी की में आज यह जागरूकता रथ को रवाना किया गया है।मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आंनद व जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार उपस्थित रहे।

### अन्नपूर्णा देवी के कैबिनेट मंत्री बनने से होगा क्षेत्र का विकासः मनीष जायसवाल



**हजारीबाग।** गुरुवार को कैबिनेट मंत्री बनने के बाद पहली दफा, रांची से कोडरमा लौटने के क्रम में, केंद्रीय महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री अन्नपूर्णा देवी का भाजपाइयों ने बाजे -गाजे के साथ, फूल- माला पहनाकर जगह-जगह स्वागत किया। इसी कड़ी में हजारीबाग पहुंचने पर पुराना बस स्टैंड के पास हजारीबाग में पार्टी कार्यकर्ताओं ने बाजे गाजे के साथ फूल-माल व बुके देकर स्वागत किया ।केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पुराना बस स्टैंड के समीप बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज मैं जो कुछ हूं वह पार्टी कार्यकर्ताओं के वजह व आम लोगों के आशीर्वाद से ही हूं। उन्होंने कहा कि जन आकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए मैं लगातार प्रयास रत रहूंगी ।आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए जा रहे विकास योजनाओं से हर वर्ग के लोगों को फायदा होगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा में सांसद के रूप में चयनित मनीष जायसवाल कर्मठ नेता है। इनकी वजह से लोगों को काफी फायदा होगा ।सांसद श्री जायसवाल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के मंत्री होने से निश्चित रूप से हजारीबाग -रामगढ़ जिले का विकास होगा ।मंत्री अन्नपूर्णा के नेतृत्व में क्षेत्र की समस्या से दिल्ली में प्रधानमंत्री समेत अन्य मंत्रियों तक पहुंचाकर हजारीबाग रामगढ़ की ज्वलंत समस्याओं का निष्पादन होगा। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा की कोडरमा और बरही विधानसभा क्षेत्र बिल्कुल सटा हुआ है। कई विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में मैडम का अहम रोल रहा है ,उन्होंने कहा कि मंत्री अन्नपूर्णा जी की वजह से बरही विधानसभा का उत्तरोत्तर विकास होगा। स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल ,बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता ,भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल मिश्रा, बटेश्वर मेहता ,सुदेश चंद्रवंशी ,हरीश श्रीवास्तव ,भैया अभिमन्यु प्रसाद,गणेश यादव ,अशोक यादव, जिला महामंत्री सुनील साहू ,जिला कोषाध्यक्ष विनोद भगत, जिला उपाध्यक्ष सुनील मेहता ,रमेश ठाकुर, मनमीत अकेला, मूलचंद साहू,जय नारायण प्रसाद, शेफाली गुप्ता, सत्यभामा शर्मा ,भुवनेश्वर पटेल, बालेश्वर कुमार, बद्रीनारायण सिंह, शिव शंकर मेहता, विश्वजीत अलंकार, जितेंद्र जैन ,राजकरण पांडे, शिवपाल यादव ,अजय शाह ,विवेक बैरियर, सुरेश प्रसाद ,भोला प्रसाद, अमित गुप्ता ,विनोद झुनझुनवाला, शाहितलजं सैकड़ो कार्य करता उपस्थित थे।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिदो कान्हू मैदान रामगढ में जिला स्तरीय कार्यक्रम का होगा आयोजन

**रामगढ।**10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2024 को रामगढ़ शहर के सिदो कान्हू मैदान में प्रातः 6-00 बजे से जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त, रामगढ़ श्री चंदन कुमार ने सभी जिले वासियों से अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर सिदो कान्हू, मैदान रामगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने एवं योग अभ्यास करने की अपील की है।गौरतलब होकि भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के निर्देशानुसार 10वें अंतर्राष्टीय योग दिवस 21 जून 2024 के तत्वाधान में जिला आयुष समिति, रामगढ़ के द्वारा सिदो कान्हू, मैदान रामगढ़ में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है वहीं जिला आयुष समिति रामगढ़ द्वारा जिलेवासियों, मीडिया प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों सहित अन्य सभी को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

### राजद के क्रीडा प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**पलामू :** राजद के क्रीडा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदन कुमार ने राष्टीय जनता दल के क्री प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है, चंदन कुमार ने बताया कि अध्यक्ष पद से मैं स्वतः पूर्वक त्याग पत्र दे रहा हु,उन्होंने अपनी निजी कार्यो में व्यस्त होने के कारण राजद के सभी पदो से इस्तीफा देने की बात कही है।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**गुमला.** थाना क्षेत्र की एक 16 वर्षीय नाबालिग युवती ने गुमला थाना में आवेदन सौंप कर शादी का झांसा देकर जबरजस्ती शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में बसुआ निवासी राजेश लोहरा पर प्राथमिकी दर्ज कराया है. जिसमें कहा गया है कि 16 जून की सुबह 11 बजे पीड़िता घर के बगल स्थित दुकान से कुछ समान खरीदने गई थी.।
उसी दौरान आरोपी उसका हाथ पकड़ कर खोरा पटराटोली स्थित अपने किराये के मकान में ले गया. जहां उसने शादी का वादा कर जबरजस्ती शारीरिक संबंध बनाया. ।

## संपादकीय

# आत्मा का परमात्मा से मिलन ही राजयोग है!

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के पुलिस लाइन मैदान में आध्यात्म की विश्व स्तरीय संस्था ब्रह्माकुमारीज भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के साथ मिलकर योग का एक भव्य आयोजन कर रहा है,जिसमे राज्यभर से बड़ी संख्या में लोग भाग ले रहे है ।ऐसा ही आयोजन देशभर के अन्य राज्यो, महानगरों, जनपदों, कस्बो व गांव गांव में 21 जून को किया जा रहा है ।वास्तव में जब हम आत्म स्वरूप में रहकर परमात्मा को याद करते है ,तब हमारी आत्मा का कनेक्शन परमात्मा से जुड़ जाता है,इसी रूहानी आत्मा के परमात्मा से मिलन की विधि को राजयोग कहा जाता है ।राजयोग एक ऐसी चमत्कारी अध्यात्म से जुड़ी रूहानी साधना है, जो न सिर्फ तन- मन को शुद्ध करती है बल्कि राजयोग के माध्यम से आत्मा को पवित्र कर परमात्मा से मिलन मनाने की एक पावन युक्ति भी है। योगाभ्यास से शारिरिक व्यायाम व प्राणायाम कर हम अपने तन- मन को निरोगी बना सकते है ।लेकिन राजयोग आत्मिक शांति का साधन है ।अगर हम शारिरिक व्यायाम व योगासन करना चाहे तो उसका अनुकूल समय सूर्योदय व सूर्यास्त काल है। शारिरिक व्यायाम व योगासन हमेशा खाली पेट करना चाहिए ।यह भी मनुष्य के लिए हितकारी है। योग शांत वातावरण और स्वच्छ स्थान में ही करना चाहिए ।योग के समय अपना पूरा ध्यान अपने योग अभ्यास पर ही केंद्रित रखना चाहिए ।योग अभ्यास धैर्य और दृढ़ता से करें,तो बेहतर परिणाम मिल सकते है ।योग के नाम पर अपने शरीर के साथ जबरदस्ती बिल्कुल ना करें ,अपनी सामर्थ्य के अनुसार ही भौतिक योग करे।

शारीरिक और मानसिक उपचार योग के सबसे अधिक ज्ञात लाभों में से एक है। यह इतना शक्तिशाली और प्रभावी इसलिए है क्योंकि यह सद्भाव और एकीकरण के सिद्धांतों पर काम करता है ।योग अस्थमा, मधुमेह, रक्तचाप, गठिया, पाचन विकार और अन्य बीमारियों में चिकित्सा के एक सफल विकल्प है, खास तौर से वहाँ जहाँ आधुनिक विज्ञान आजतक उपचार देने में सफल नहीं हुआ है। एचआईवी पर योग के प्रभावों पर अनुसंधान वर्तमान में आशाजनक परिणामों के साथ चल रहा है। चिकित्सा वैज्ञानिकों के अनुसार, योग चिकित्सा तंत्रिका और अंतःस्त्रावी तंत्र में बनाए गए संतुलन के कारण सफल होती है जो शरीर के अन्य सभी प्रणालियों और अंगों को सीधे प्रभावित करती है।

अधिकांश लोगों के लिए,योग केवल तनावपूर्ण समाज में स्वास्थ्य बनाए रखने का मुख्य साधन हैं। योग बुरी आदतों के प्रभावों को उलट देता है -- जैसे कि सारे दिन कुर्सी पर बैठे रहना, मोबाइल फोन को ज्यादा इस्तेमाल करना, व्यायाम ना करना, गलत खान-पान रखना इत्यादि ।इनके अलावा योग के कई आध्यात्मिक लाभ भी हैं। यह स्वयं योग अभ्यास करके हासिल किया जा सकता है। हर व्यक्ति को योग अलग रूप से लाभ पहुँचाता है। योग को अवश्य अपनायें और अपनी मानसिक, भौतिक, आत्मिक और अध्यात्मिक सेहत में सुधार लायें ।योग भारतीय संस्कृति और जीवन शैली का एक अभिन्न अंग है इसके महत्व और वैज्ञानिकता को पूरे विश्व द्वारा स्वीकार किया जाना देश के लिये एक गर्व की बात है। भारतीय सभ्यता, संस्कृति और जीवन शैली के अभिन्न अंग योग की महत्व तथा वैज्ञानिकता को पूरा विश्व स्वीकार कर चुका है। योग सकारात्मक ऊर्जा के साथ जीवन जीने की सर्वश्रेष्ठ कला है ।यह धर्म, आस्था और अंधविश्वास से परे एक विशुद्ध विज्ञान है। योग सम्पूर्ण चिकित्सा पद्धति है । जो हमारे शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक है ।योगाभ्यास से संयम, धर्य और सहिष्णुता जैसे मानवीय गुण पोषित होते हैं. यह मानसिक भटकाव तथा तनाव से मुक्ति का सबसे कारगर उपाय है। योग में संभावनाओं को संभव में परिवर्तित करने की जादुई शक्ति निहित है। विज्ञान व तकनीकि के इस युग में इंसान कई तरह के मानसिक दबाव के बीच जीने को मजबूर होकर तरह-तरह की बीमारियों का शिकार हो रहा है ।ऐसे में योग ही एक ऐसा निर्विवादित और शुद्ध उपाय है जो सहज व स्वस्थ जीवन जीने की शक्ति दे सकता है। योग क्रिया का पूरा फायदा मिले ,इसके लिए जरूरी है कि योग सही तरीके से किया जाए ।सुबह-शाम कभी भी आसन कर सकते हैं लेकिन भरपेट खाना खाने के 3-4 घंटे बाद, हल्के स्नैक्स के घंटे भर बाद, चाय, छाछ या तरल चीजें लेने के आधे घंटे बाद और पानी पीने के 10-15 मिनट बाद आसन करना अच्छा रहता है।

3 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति योग कर सकता है। 12 साल तक के बच्चों को हल्के योगासन और प्राणायाम करना चाहिए। महिलाओं को गर्भावस्था में कठिन आसन व कपालभांति आदि नही करना चाहिए। महिलाएं मासिक धर्म के समय, नॉर्मल डिलिवरी के 3 महीने बाद तक और ऑपरेशन के 6 महीने बाद तक योग नही करना चाहिए। इसके अलावा कमर दर्द हो तो आगे न झुकें, अगर हर्निया हो तो पीछे न झुकें।

# सूरजमल की जानलेवा एयर स्ट्राइक

राकेश अचल

आप सूरज को देवता मानिए या केवल एक ग्रह ,लेकिन उसके कोप से बचने के लिए अपने आपको तैयार रखिये। सूरज यानी सूरजमल आजकल केवल भारत में ही नहीं वरन पूरी दुनिया में एयर स्ट्राइक करने पर आमादा हैं और इस एयर स्ट्राइक की चपेट में आ रहे हैं वे तमाम लोग जो न अपने लिए ऐसी खरीद सकते हैं न कूलर। देश की एक बड़ी आबादी के पास पंखा तक खरीदने की हैसियत नहीं है। देश-दुनिया के हर कोने से सूरजमल के प्रकोप की खौफनाक खबरें आ रहीं हैं ,लेकिन हम हैं कि जागने के लिए तैयार नहीं है।

धरती से 14 , 96 लाख किलो मीटर दूर स्थित सूर्य पहली बार नहीं तप रहा । वो तो हमेशा से आग उगलता है लेकिन धरती पर रहने वाले हम लोग सूरजमल के ताप से अपने आपको बचा लेते थे ,क्योंकि हमारे पास घने जंगल थे। सूरजमल की ताप्त किरणे इन जंगलों में सीना तानकर खड़े विशालकाय वृक्षों की सघन छाया के सामने हथियार डाल देती थीं ,लेकिन अब हमारे पास सूरजमल के कोप से बचने का प्राकृतिक छाता नहीं रहा । यदि है भी तो बेहद बुरी दशा में, जो हमें न आग उगलती सूरज की किरणों से बचा सकता है और न इंद्र के प्रकोप से।


हम लोग राजनीति के बारे में जानते हैं,धर्म के बारे में जानते हैं। लेकिन सूरजमल के बारे में नहीं जानते। हम में से बहुत से लोग सूरजमल को सुबह-सवेरे उठकर जल अर्पित करते हैं ताकि उसकी आत्मा तृप्त रहे ,लेकिन ऐसा हो नहीं रहा ।भारत में तो अनेक सूर्य मंदिर हैं जिनमें नित्य सूर्य को पूजा जाता है ,उनकी आरती उतारी जाती है ,लेकिन सूरजमल दिनों-दिन आक्रामक हो रहे हैं। वे न धर्म देख रहे हैं और न जाति । उन्हें तो बस शिकार करना है । मक्का-मदीना में सूरजमल के प्रकोप से 500 से अधिक लोगों की जान चली गयी । हमारे देश के अनेक हिस्सों से सूरज कीगर्मी के सामने हथियार डालने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। अकेले दिल्ली में एक सप्ताह में 178 लोग गर्मी से अपनी जान गवां चुके हैं। हमारा तमाम ज्ञान-विज्ञान सूरजमल के प्रकोप से अवाम को बचा नहीं पा रहा । हमारे पास अब कोई आसरा नहीं बचा है। आपको बता दूँ कि सूरज यानि सूरजमल सौर मंडल का सबसे बड़ा पिंड है। सूरजमल का व्यास लगभग 14 लाख हजार किलोमीटर है अर्थात हमारी पृथ्वी से 113 गुना तक बड़ा है। अब तक की खोज बताती है कि ऊर्जा का यह शक्तिशाली भंडार मुख्य रूप से हाइड्रोजन और हीलियम गैसों का एक विशाल गोला है। परमाणु विलय की प्रक्रिया द्वारा सूर्य अपने केंद्र में ऊर्जा पैदा करता है। सूर्य से निकली ऊर्जा का छोटा सा भाग ही पृथ्वी पर पहुँचता है जिसमें से मात्र 15 फीसदी अंतरिक्ष में परावर्तित हो जाता है, 30 फीसदी पानी को भाप बनाने में काम आता है और बहुत सी ऊर्जा पेड़-पौधे समुद्र सोख लेते हैं। पृथ्वी के जलवायु और मौसम को प्रभावित करता है ।सूरजमल। सूर्य से पृथ्वी पर प्रकाश को आने में 8 मिनट से कुछ घड़ी ज्यादा का समय लगता है इसी प्रकाशीय ऊर्जा से प्रकाश-संश्लेषण नामक एक महत्वपूर्ण जैव-रासायनिक अभिक्रिया होती है जो पृथ्वी पर जीवन का आधार है ।कल्पना कीजिये की यदि प्रकाश और ऊष्मा कि आने की ये रफ्तार जरा और बढ़ जाये तो क्या होगा।?

ध्यान देने योग्य बात ये है कि सूरजमल आज सबसे अधिक स्थिर अवस्था में अपने जीवन के करीबन आधे रास्ते पर है। इसमें कई अरब वर्षों से नाटकीय रूप से कोई बदलाव नहीं हुआ है, और आगामी कई वर्षों तक यूँ ही अपरिवर्तित बना रहेगा। हालांकि, एक स्थिर हाइड्रोजन-दहन काल के पहले का और बाद का तारा बिलकुल अलग होता है।

जबकि हमने अपनी धरती को बुरी तरह से न सिर्फ तबाह कर दिया है बल्कि उसे पूरी तरह से बदल डाला है । हमने उसके जंगल काट दिए है। हमने उसकी कोख को खंगाल दिया है । हमारी धरती सूरजमल के सामने एक बीमार ग्रह बनकर रह गयी है ,लेकिन हमें इसकी चिंता नहीं है। हम सूरजमल के ताप का मुकाबला करने के लिए नए जांगल लगाने और पुराने जंगलों का संरक्षण करने कि बजाय हर दिन एयर कंडीशनर ,कॉलर,और पंखों का उत्पादन बढ़ते जा रहे हैं जो हमने घर के भीतर तो कृत्रिम शीतलता प्रदान करते हैं लेकिन बाहर पहले से तप रही धरती को और तपा रहे हैं। यानि हम उस कालिदास की तरह हैं जो जिस डाल पर बैठा है उसे ही काट रहा है।

मक्का में गर्मी से मरने वालों कि शव सड़कों पर पड़े देखकर मन विचलित ही नहीं हुआ बल्कि आत्मा काँप गयी । आप कल्पना कीजिये जब मनुष्यों का ये हाल है तो उन पशु -पक्षियों की क्या दशा होगी जो न अपना मकान बनाते हैं और उनके पास एसी,कूलर या पंखे होते हैं। वे सूरजमल कि ताप का मुकबला सीधे करते है। हम मनुष्यों ने तो उनके हिस्से की छांव भी छीन ली है। हम स्वार्थी लोग हैं। आप कल्पना कर सकते हैं कि भारत जैसे विशाल देश में जहां आज भी 85 करोड़ लोग मात्र 5 किलो अन्न कि ऊपर अपना गुजर कर रहे हैं वे गर्मी से बचने कि लिए कैसे संघर्ष करते होंगे ? इस आधी आबादी कि पास जब दो जून की रोटी नहीं जुगाड़ सकती तब गर्मी से बचने कि लिए एसी,कूलर और पंखे तो छोड़िये छाते तक लेना उनके लिए कल्पनातीत है।

# योग आज का युग धर्म है



नीरज कृष्ण

गीता में ज्ञानयोग, कर्म योग, भक्ति योग, राजयोग, एकेश्वरवाद आदि की बहुत सत्र व्याख्या की गई है। गोस्वामी तुलसीदास ने भी तो यही लिखा है कि करम प्रधान विस्व करि राखा। जो जस करहिं सो तस फल खाखा। वे यहीं नहीं रुकते, आगे बढ़कर कहते हैं कि सकल पदारथ एहि जग माही, करमहीन नर पाकत नाहीं। उनका इशारा कर्मयोग की ओर है

भागवत गीता में कहा भी गया है समत्त्वं योग उच्यते अर्थात समता ही योग कहलाता है। भारत आदि काल से ही योग गुरु रहा है। देश में योग को लगभग 5 हजार वर्ष पुरानी एक मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक परंपरा के रूप में देखा गया है। योग की उत्पत्ति प्राचीन समय में भारत में हुयी थी जब लोग अपने शरीर और दिमाग में बदलाव के लिए तथा दोनों के बीच संतुलन साधने के लिए योग और ध्यान किया करते थे।

गीता में ज्ञानयोग, कर्म योग, भक्ति योग, राजयोग, एकेश्वरवाद आदि की बहुत सत्र व्याख्या की गई है। गोस्वामी तुलसीदास ने भी तो यही लिखा है कि करम प्रधान विस्व करि राखा। जो जस करहिं सो तस फल खाखा। वे यहीं नहीं रुकते, आगे बढ़कर कहते हैं कि सकल पदारथ एहि जग माही, करमहीन नर पाकत नाहीं। उनका इशारा कर्मयोग की ओर है।

योग मानव इतिहास का वह उल्लेखनीय सोपान है, जो धर्म को अध्यात्म के माध्यम से विज्ञान की ओर उन्मुख करता है। महर्षि पतंजलि ने योग शास्त्र के आदि व्याख्याता हिरण्यगर्भ के योग सिद्धांतों को चिंतन मनन की कसौटी पर कस कर सुव्यवस्थित रूप से संकलित कर 195 सूत्रों के रूप में योगसूत्र की रचना की। गीता ने 18 प्रकार के योगों के माध्यम से समत्वम योगउच्यते की पराकाष्ठा पर पहुंचाया। इसमें ज्ञानयोग, कर्म योग तथा भक्तियोग के प्रतिपादन के साथ-साथ यज्ञ, तप, योग, ध्यान, प्राणायाम, हठयोग, लय ध्वनि योग जैसे विभिन्न साधनों को प्रस्तुत किया। तब से लेकर आज तक अश्ंगयोग की परिपूर्णता एवं वैज्ञानिकता के आधार पर पतंजलि योगसूत्र की लोकप्रियता आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गुंजायमान हो रही है।


योग भारतीय जीवन पद्धति का एक महत्वपूर्ण अंग है भारतीय विज्ञान के अनुसार योग की उत्पत्ति हजारों वर्ष पहले हुई। सिंधु घाटी सभ्यता को योग विद्या का प्रारम्भिक उद्गम माना जाता है। यह भारत की प्रथम शहरी सभ्यता है। योग शब्द का उल्लेख सर्वप्रथम ऋग्वेद में हुआ है ऋग्वेद एक प्राचीन भारतीय पाठ संग्रह है जो चार वेदों में सबसे ज्यादा प्रचलित है। आज के समय में अगर योग की बात करें तो योग का अर्थ आसन प्राणायम करना है। लेकिन अगर ग्रंथों में उल्लेखित योग की परिभाषा या अर्थ को देखते हैं तो, किसी भी परिभाषा में आसन प्राणायम का जिक्र नहीं है। योग का आध्यात्मिक अर्थ है, वह साधन जिसके द्वारा योगी को जीवात्मा और परमात्मा के साथ ज्ञान पूर्वक संयोग होता है या संयोग कराने की प्रक्रिया बतलाई है।

भारतीय धर्म और दर्शन में योग का खास महत्त्व है। आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ ही शारिरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग के महत्व को सभी धर्मों तथा संप्रदायों में खुले मन से स्वीकार किया गया है। दरअसल योग एक शरीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है जो लोगों को शांति, आत्मविश्वास और ताकत तो देता ही है, प्रकृति के साथ भी जोड़ता है। योग का मतलब ही है जुड़ना।

वर्तमान समय में, जहाँ जीवन अत्यधिक गतिशील और तनावपूर्ण होता जा रहा है, वहीं अवसाद का मुकाबला करने हेतु प्रभावी विधियों की खोज पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गई है। यद्यपि इस व्यापक मानसिक स्वास्थ्य समस्या से निपटने के लिए अनेक उपाय उपलब्ध हैं, परन्तु उनमें से एक अपनी समग्रतावादी लाभों और सुलभता के कारण विशिष्ट है:योग। योग का प्राचीन अभ्यास शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक कल्याण का एक अद्वितीय सम्मिश्रण प्रस्तुत करता है, जो अवसाद से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

निरंतर शोध कार्यों ने योग को अवसाद के लक्षणों को कम करने में एक प्रभावी उपाय के रूप में स्थापित किया है। योग शारीरिक आसनों (आसन), प्राणायाम (श्वास नियंत्रण) और ध्यान को एकीकृत कर मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है।

आज की गतिशील, प्रौद्योगिकी से संचालित दुनिया में, योग के प्राचीन अभ्यास ने नए सिरे से महत्व और प्रासंगिकता प्राप्त की है। भारत में 5,000 से भी अधिक वर्षों पूर्व जन्मे, योग ने अपनी आध्यात्मिक जड़ों को पार कर एक वैश्विक परिघटना का रूप ले लिया है। लाखों लोगों ने इसके शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के लिए इसे अपनाया है। अभूतपूर्व तनाव और डिजिटल अधिभार के इस युग में, योग शांति का आश्रय स्थल, समग्र कल्याण का मार्ग और हमारे आत्मिक स्व से पुनः जुड़ने का एक



साधन प्रदान करता है।

हाल के वर्षों में योग की लोकप्रियता में नाटकीय रूप से वृद्धि हुई है। योग की बढ़ती लोकप्रियता में कई कारक योगदान करते हैं। एक महत्वपूर्ण कारक मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ रही है। चूंकि अधिक लोग तनाव, चिंता और अवसाद को प्रबंधित करने के प्रभावी तरीके खोजते हैं, योग का समग्र कल्याण दृष्टिकोण एक शक्तिशाली मारक प्रदान करता है। इसके अलावा, फिटनेस व्यवस्था में योग को शामिल करने से इसके शारीरिक लाभों को उजागर किया जाता है, जैसे कि बेहतर लचीलापन, शक्ति और मुद्रा।

डिजिटल युग ने योग को प्राप्त करने और अभ्यास करने के पारंपरिक तरीकों में क्रांतिकारी परिवर्तन ला दिया है। ऑनलाइन कक्षाओं, मोबाइल अनुप्रयोगों और सोशल मीडिया के माध्यम से योग पहले से कहीं अधिक सुगम और व्यापक हो गया है। यूट्यूब, इंस्टाग्रामऔर विशेष रूप से डिजाइन किए गए योग ऐप जैसे प्लेटफॉर्म ट्यूटोरियल, लाइव सत्र और निर्देशित अभ्यास प्रदान करते हैं, जो सभी स्तरों के अभ्यासियों, शुरूआती से लेकर उन्नत योग गुरुओं तक, की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। यह डिजिटल पहुंच व्यक्तियों को उनकी सुविधा के अनुसार और अपने घरों के आरामदायक वातावरण में योगाभ्यास करने का अवसर प्रदान करती है, जिससे स्थान और समय की बाधाएं समाप्त हो जाती हैं।

वर्चुअल योग समुदायों का भी तेजी से विकास हुआ है, जो अभ्यास करने वालों के बीच सार्थक जुड़ाव और समर्थन का माहौल बनाते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म योग चिकित्सकों को अपनी प्रगति साझा करने, अभ्यास संबंधी ज्ञान का आदान-प्रदान करने और एक-दूसरे को प्रेरणा प्रदान करने में सक्षम बनाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप व्यक्तिगत विकास और स्वास्थ्य के लिए समर्पित समान विचारधारा वाले व्यक्तियों का एक वैश्विक नेटवर्क विकसित होता है। योग के लाभ केवल अनुभवजन्य प्रमाणों तक सीमित नहीं हैं; बल्कि वैज्ञानिक अनुसंधान का निरंतर बढ़ता हुआ क्षेत्र इसकी प्रभावकारिता का समर्थन करता है. अध्ययनों ने दर्शाया है कि योग शरीर के प्राथमिक तनाव हार्मोन, कोर्टिसोल के स्तर को कम कर सकता है, जिसके परिणामस्वरूप तनाव और चिंता में कमी आती है. नियमित अभ्यास को बेहतर हृदय स्वास्थ्य, संवर्धित श्वसन क्रिया, और निद्रा की गुणवत्ता में सुधार से जोड़ा गया है.

मानसिक स्वास्थ्य पर योग का प्रभाव विशेष रूप से उल्लेखनीय है। मनःस्थिति और ध्यान, जो योग के अभिन्न अंग हैं, मस्तिष्क में ग्रे मैटर को बढ़ाने, संज्ञानात्मक कार्यों को बेहतर बनाने और भावनात्मक विनियमन को बढ़ाने के लिए जाने जाते हैं। यह मन-शरीर का यह अंतसंबंध ही योग की रूपांतरकारी शक्ति का मूल है, जो अभ्यास करने वालों को आधुनिक जीवन की अव्यवस्था के बीच आंतरिक शांति और तनाव सहने की क्षमता विकसित करने का मार्ग प्रदान करता है।

वर्तमान समय में, अनेक लोगों के लिए योग केवल एक शारीरिक व्यायाम न होकर जीवन जीने की एक पद्धति बन चुका है। योग के मूलभूत सिद्धांत व्यायाम की चटाई तक सीमित नहीं हैं, अपितु वे आहार चयन, नैतिक आचरण और दैनिक जीवनचर्या को भी व्यापक रूप से प्रभावित करते हैं। अहिंसा (अहिंसा), सत्य (सत्यता) और अपरिग्रह (गैर-जमाखोरी) जैसी अवधारणाएं अभ्यास करने वालों को एक अधिक सचेतन, करुणामय और टिकाऊ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं।

आत्म-जागरूकता और आत्मनिरीक्षण पर बल देने वाला योग, माइंडफुलनेस और मानसिक स ध्री''-ुल्लॅ की ओर उन्मुख वैश्विक आंदोलन के अनुरूप है। आज के समय में, जहाँ लोग जीवन में गहन अर्थ और संतुष्टि की तलाश कर रहे हैं, वहीं योग आंतरिक स्व को खोजने और उसका पोषण करने का मार्ग प्रशस्त करता है, जिससे उद्देश्य और संतुलन की अनुभूति प्राप्त होती है।

निःसंदेह, योग बहुआयामी लाभ प्रदान करता है, लेकिन आज के विश्व में इसे कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। योग के व्यावसायीकरण ने शैलियों और अभ्यासों के अत्यधिक प्रसार को जन्म दिया है, जिनमें से कुछ शारीरिक सौष्ठव को आत्मिक विकास से अधिक महत्व देते हैं। इस बदलाव ने योग के सार और इसके सांस्कृतिक विनियोजन के बारे में गंभीर चर्चा को जन्म दिया है।

फिर भी, योग का भविष्य आशाजनक बना हुआ है। निरंतर शोध इसके लाभों को प्रमाणित कर रहा है, जिससे यह संभावना है कि योग मुख्यधारा के स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रमों का एक अभिन्न अंग बन जाएगा। अभिनव दृष्टिकोण, जैसे योग चिकित्सा, जो चिकित्सा उपचार के साथ योगाभ्यास को एकीकृत करता है, तेजी से विकसित हो रहे हैं। ये नई पद्धतियां विभिन्न स्वास्थ्य स्थितियों के समाधान में योग की क्षमता को रेखांकित करती हैं।

वर्तमान समय में, योग समग्र स्वास्थ्य और आंतरिक सौहार्द के लिए एक अग्रणी पथ प्रदर्शक के रूप में स्थापित है। इसका सनातन ज्ञान आधुनिक जीवन की उन्मत्त गति के विपरीत एक संतुलन प्रदान करता है, जो व्यक्तियों को अधिक संतुलित, सचेत और सार्थक जीवनशैली की ओर निर्देशित करता है। 21वीं सदी की जटिलताओं से गुजरते हुए, योग की अविरल प्रासंगिकता और परिवर्तनकारी क्षमता हमें शरीर, मन और आत्मा के बीच के गहन अंतसंबंध की याद दिलाती है।

योग के लाभ देखकर आज समूचा संसार अपनी जीवनशैली की दैनिक चर्या में योग को शामिल कर रहा है। स्वदेशी ही नहीं, अपितु विदेशी साधक भी योग को प्रचारित कर रहे हैं। कैलिफोर्निया में जन्मी साध्वी भगवती के सहयोग से लगभग 200 देश अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के भागीदार हो चुके हैं। वह बच्चों को मानसिक तनाव, अवसाद से बचाने के लिए योग को कारगर उपाय मानती हैं। योग से स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन मिलता है। हर नए पल से जुड़ना ही योग है कहने वाले लोग इसे विभिन्न नामों- आर्ट ऑफ लिविंग, आर्ट ऑफ हैप्पीनेस जैसे अभिधानो से भी समझाने का प्रयास कर रहे हैं।

आज आवश्यकता इस बात की है, कि योग को आसन की तरह ही ना देखें अपितु प्राण ममसतत्व के नियंत्रण के विज्ञान के रूप में भी सरल ढंग से समझें और समझाएं। हमें योग क्रियाओं को रोजाना अनिवार्यता करना होगा आसन प्राणायाम ध्यान जैसी योग क्रियाएं व्यायाम या कसरत से सर्वथा भिन्न है। जहां व्यायाम हमें शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं, वही योग प्राण धारणा के साथ किया जाता है ,अर्थात जब हम आसन लगाते हैं, तो उस अंग का ध्यान करते हैं जिससे हमारी पीयूष ग्रंथि से एंड्रोफ्रेन हैप्पी हारमोंस मिकलते हैं। फलस्वरूप मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है।

अवसाद से बचाव के लिए योग को प्राथमिक उपाय के रूप में अपनाने के सबसे महत्वपूर्ण कारणों में से एक इसका समग्र दृष्टिकोण है। मनोरोग चिकित्सा या दवाओं जैसे उपचारों के विपरीत, जो केवल मन या शरीर पर ध्यान केंद्रित करते हैं, योग दोनों को एकीकृत करता है, जिससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के बीच संतुलन और सद्भाव की भावना पैदा होती है। यह व्यापक दृष्टिकोण उन व्यक्तियों के लिए अत्यंत प्रभावी हो सकता है जो क्षणिक राहत के बजाय दीर्घकालिक समाधान की तलाश में हैं।

यद्यपि अवसाद निवारण का एकमात्र उपाय योग अवश्य नहीं हो सकता है, यह निस्संदेह सबसे प्रभावी और समग्र पद्धतियों में से एक है। शारीरिक क्रियाकलापों, प्राणायाम (श्वास नियंत्रण) और चित्तवृत्ति निरोध (मनःस्थिति पर ध्यान केंद्रित करना) को एकीकृत करके, योग मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है, जो केवल लक्षणों के उपचार के बजाय अवसाद के मूल कारणों को संबोधित करता है। निरंतर शोध इसके लाभों को प्रमाणित करते रहने के साथ, योग भावनात्मक कल्याण प्राप्त करने और अवसाद को रोकने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में स्थापित होता है। योग हमारी संस्कृति की ऐसी विरासत है।

# महिलाओं को एकता के सूत्र में पिरोता है योग

डॉ. शंकर सुवन सिंह

नारी राष्ट्र का अभिमान है। नारी राष्ट्र के विकास की नींव है। नारी सृष्टि की सुंदरता का अनमोल उपहार है। संस्कृत में एक श्लोक है- यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः। अर्थात, नारी की पूजा जहां होती है, वहां देवता निवास करते हैं। भारतीय संस्कृति में नारी के आदर को महत्व दिया गया है। लगभग सभी धर्मों में नारी सशक्तिकरण का उदाहरण देखने को मिलता है। वैदिक साहित्य में नारी को अत्यंत गरिमामयी स्थान प्रदान किया गया है। धर्म ग्रन्थ वेद महिलाओं को परिवार की सम्राज्ञी कहते हैं। महिलाएं देश की शासिका बनने का अधिकार रखती हैं। वेदों में स्त्री यज्ञीय है अर्थात यज्ञ समान पूजनीय है। वेदों में नारी को ज्ञान देने वाली, सुखझसमृद्धि लाने वाली, विशेष तेज वाली, देवी, विदुषी, सरस्वती, इन्द्राणी, उषा (जो सबको जगाती है) इत्यादि अनेक आदर सूचक नाम दिए गए । वेदों में स्त्रियों पर किसी प्रकार का प्रतिबन्ध नहीं है। उसे सदा विजयिनी कहा गया है। प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 की थीम/प्रसंग है - महिला सशक्तिकरण के लिए योग। इस वर्ष योग दिवस, महिलाओं के समग्र कल्याण व समग्र विकास की भावना के साथ मनाया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण के लिए योग एक अद्भुत माध्यम है। योगासन करने से शारीरिक शक्ति, लचीलापन और सहनशक्ति बढ़ती है, जिससे महिलाएं जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम होती हैं। योग तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में मदद करता है, जिससे महिलाओं का मन शांत और एकाग्र होता है। योगाभ्यास से आत्मविश्वास बढ़ता है। योगाभ्यास से महिलाएं अपनी क्षमताओं पर विश्वास करने लगती हैं। योगाभ्यास से आत्म-सम्मान बढ़ता है और महिलाएं खुद को स्वीकार करने लगती हैं। योग सकारात्मक सोच को बढ़ावा देता है, जिससे महिलाएं जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना सकारात्मक रूप से कर पाती हैं। योगाभ्यास से आत्मरक्षा की क्षमता विकसित होती है, जिससे महिलाएं खुद को सुरक्षित रख पाती हैं। योग नेतृत्व कौशल विकसित करने में मदद करता है। महिलाओं में शक्ति का संचार करने के लिए निम्नलिखित योगासन इस प्रकार हैं- 1. सूर्य नमस्कार- यह आसन पूरे शरीर को सक्रिय करता है और ऊर्जा प्रदान करता है। 2. वृक्षासन- यह आसन एकाग्रता और संतुलन बढ़ाने में मदद करता है। 3. भुजंगासन- यह आसन रीढ़ की हड्डी को मजबूत करता है और छाती को खोलता है। 4. वीरासन- यह आसन पैरों और घुटनों को मजबूत करता है। 5. अधोमुख श्वानासन- यह आसन पूरे शरीर को खींचता है और तनाव कम करता है। 6. शवासन- यह आसन शरीर और मन को शांत करता है। सरकार और कई गैर-सरकारी संगठन महिलाओं के लिए योग शिविर और कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इन शिविरों में महिलाओं को योगासन, प्राणायाम, ध्यान और योग दर्शन सिखाया जाता है। यह महिलाओं को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है। यदि आप एक सशक्त महिला बनना चाहती हैं, तो योग को अपने जीवन का हिस्सा जरूर बनाएं। आज के समय में, योग महिला सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण बनकर उभरा है। योग महिलाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाता है। योग, रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है, जिससे महिलाएं बीमारियों से लड़ने में सक्षम होती हैं। योगासन से शारीरिक संतुलन बेहतर होता है। योग करने से शरीर का वजन नियंत्रित रहता है, जिससे मोटापे और मधुमेह जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है। योग आत्म-नियंत्रण की क्षमता को विकसित करता है, जिससे महिलाएं अपने आवेगों पर नियंत्रण रख पाती हैं।

योग आंतरिक शांति प्रदान करता है, जिससे महिलाएं जीवन में आने वाले उतार-चढ़ाव का सामना शांतचित्त होकर कर पाती हैं। योग महिलाओं को सामाजिक रूप से भी सशक्त बनाता है। योग महिलाओं को एक साथ लाता है। योग सामुदायिक भावना को बढ़ावा देता है। योग महिला सशक्तिकरण के लिए एक बहुआयामी उपकरण है। अतएव यह महिलाओं को शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाता है। भारतीय महिलाएं, खासकर शहरी क्षेत्रों में, स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर अधिक जागरूक हो रही हैं। योग विभिन्न प्रकार के आसनों और प्राणायाम के माध्यम से महिलाओं को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करता है। ध्यान और प्राणायाम के माध्यम से महिलाएं अपने मानसिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकती हैं। यह अवसाद, चिंता और अनिद्रा जैसी समस्याओं से निपटने में प्रभावी है। योगाभ्यास के दौरान आत्म-स्वीकृति और आत्म-सम्मान की भावना प्रबल होती है, जो महिलाओं को सामाजिक और व्यक्तिगत चुनौतियों का सामना करने के लिए मजबूत बनाती है। भारतीय समाज में योग का एक गहरा सांस्कृतिक महत्व है। यह एक ऐसी परंपरा है जो पीढ़ियों से चली आ रही है और महिलाओं में इसे लेकर एक विशेष स्थान है। आजकल, योग शिक्षा और प्रशिक्षण केंद्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। कई महिलाएं योग शिक्षिका बनकर न केवल अपने जीवन को सुधार रही हैं, बल्कि समाज में भी योगदान दे रही हैं। योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं है। यह एक जीवनशैली है जो समग्र विकास को प्रोत्साहित करती है। भारतीय महिलाएं योग के माध्यम से एक संतुलित और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की दिशा में अग्रसर हो रही हैं।

यह उन्हें स्वस्थ खान-पान, नियमित व्यायाम, और सकारात्मक सोच की ओर प्रेरित करता है। योग का अभ्यास आत्म-साक्षात्कार और आंतरिक शांति की ओर ले जाता है, जिससे व्यक्ति जीवन में अधिक संतुलित और संतुष्ट महसूस करता है।

योग, आयुर्वेद का हिस्सा है। आयुर्वेद विज्ञान एक प्राचीन चिकित्सा प्रणाली है जो प्राकृतिक उपचार पद्धतियों और जीवन शैली पर आधारित है। यह शरीर, मन, और आत्मा के बीच संतुलन बनाए रखने पर जोर देती है। आयुर्वेद में तीन मुख्य दोष (वात, पित्त, कफ) होते हैं, जो शरीर की जैविक ऊर्जाएं हैं। स्वस्थ जीवन के लिए इन दोषों का संतुलन अत्यंत महत्वपूर्ण है। आयुर्वेदिक चिकित्सा में हर्बल औषधियाँ, पंचकर्म (शुद्धिकरण प्रक्रियाएँ), और आहार संबंधी सिफारिशें शामिल हैं। यह न केवल रोगों का उपचार करता है बल्कि उनकी रोकथाम पर भी जोर देता है। आयुर्वेदिक जीवनशैली में दैनिक और मौसमी दिनचर्या, योग अभ्यास, और ध्यान शामिल हैं, जो दीर्घायु और स्वस्थ जीवन को प्रोत्साहित करते हैं। योग और आयुर्वेद दोनों का उद्देश्य शरीर और मन के बीच संतुलन बनाए रखना है। योग करने से महिलाएं सशक्त होती हैं। सशक्त महिलाओं से समाज में संतुलन की स्थिति पैदा होती है। संयुक्त परिवार की शक्ति का केंद्र बिंदु महिलाएं ही हैं। महिलाएं सशक्त होंगी तो परिवार भी सशक्त होगा। योग परिवार को जोड़ने का काम करता है। योग अर्थात जोड़ना। महिलाएं, योग के द्वारा परिवार, समाज और देश में एकता को बल प्रदान करती हैं। योग एक होने का ही नाम है। एकता का सूत्र, योग के द्वारा ही संभव है। महिलाएं योग के द्वारा संतुलित जीवनशैली को प्रोत्साहित करती हैं। योग से महिला सशक्तिकरण को बल मिलता है। नारी सशक्त बनेगी तो देश सशक्त बनेगा। योग, महिला सशक्तिकरण का एक शक्तिशाली साधन है। योग, महिला सशक्तिकरण का केंद्र बिंदु है। अतएव हम कह सकते हैं कि योग, महिलाओं को एकता के सूत्र में पिरोता है।

## पूर्वी टुंडी में सोरोश चिरगल संथाल समाज के द्वारा शहरपुरा मोड़ पूर्वी टुंडी में शाम को एक बैठक किया गया



टुंडी : पूर्वी टुंडी में गुरुवार को सोरोश चिरगल संथाल समाज के द्वारा शहरपुरा मोड़ पूर्वी टुंडी में शाम को एक बैठक किया गया इस बैठक में मुख्य रूप से 30 जून के बाइक महा रैली को सफल बनाने को लेकर चर्चा किया गया। साथ ही संथाल एकता को हुल महा यानि हूल दिवस के दिन में आदिवासी एकजुटता एवं एकता को प्रदर्शित करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में संथाल समाज के हर एक लोग भाग लेंगे युवाओं से ले कर हर कोई भाग लेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से यह भी निर्णय लिया गया की सहारपुर मोड़ में फूलो झानो की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

## एग्यारकुंड बिडियो ने बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर के साथ की विशेष बैठक

- बीएलओ सभी लोगों का घर घर सर्वे कर नाम जोड़ना और हटाना है



एग्यारकुंड। गुरुवार को एग्यारकुंड प्रखण्ड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती मधु कुमारी द्वारा बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर का विशेष बैठक किया गया। जिसमे प्रमुख रूप से जो मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिनका वोटर कार्ड है और उसका नाम हट गया है उनको जोड़ना है और सभी लोगों का घर घर सर्वे कर नाम जोड़ना और हटाना है और बीएलओ सुपरवाइजर को डोर टू डोर सर्वे कर वेरीफाइड करना है। प्रमुख रूप से बीएलओ सुपरवाइजर पंकज कुमार सिंह,धीरेंद्र तिवारी,भीम पदो रविदास,कंप्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार तिवारी, क्षत्रपति शिवाय किस्कू, कालीचरण कुमार, माधव चंद्र सूत्रधार, बीएलओ ममता देवी, रीता देवी, सरोज देवी,संगीता देवी चांदना राउत, मीतू बाउरी,सावित्री बाउरी सहित सभी उपस्थित थे।

## कुख्यात कोयला तस्कर प्रदीप और अजय के दो गुर्गे को महुदा पुलिस ने पकड़ा



बोकारो जिले के विख्यात कोयला तस्कर प्रदीप खवास एवं अजय ने धनबाद जिले के महुदा खरखरी मधूबन आदि थाना क्षेत्रों से सैकड़ो बाईक से तस्करी करते चास(मु०) थाना क्षेत्र मे सम्राज्य कायम किया।

बुधबार को महुदा पुलिस ने इस दिशा मे सख्त कार्रवाई करते तस्कर दो गुर्गो को हिरासत मे लिया। बताते चले की प्रदीप इससे पूर्व महुदा थाना क्षेत्र के तेलमोचो पुलिस चेकपोस्ट के समीप सांठगांठ कर लोहा का अवैध साम्राज्य स्थापित कर रखा था जो क्षेत्र के तमाम बीसीसीएल कोलियरियों से लोह स्क्रैप को चोरी कर अपने गोदाम में रख कर बेचा करता था। पिछले समय उक्त काले कारोबार मे भुरूँगिया के ग्रामिणों ने स्थापित लोहा गोदाम में छापामार कर भारी हंगामा किया था। इस दौरान वो मौके से फरार हो गया था। वर्तमान मे वह चास मुफसिल थाना क्षेत्र में अवैध कोयला डिपों संचालित कर रखा हैं जिसमे तमाम क्षेत्रों से सैकड़ों मोटरसाईकिल कोयला गैंग से अवैध कोयला की ढुलाई कर बड़े काले कारोबार का अंजाम दे रखा है। बताते है तस्कर के तमाम अवैध कारोबार मे जिले के पुलिस प्रशासन की प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त बताया जा रहा है।

## जदयू द्वारा सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी का अभिनंदन सम्मान समारोह आयोजित...




कतरास,जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि दिनांक - 21/06/2024 को जदयू पार्टी द्वारा श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से दुसरी बार सांसद चुने जाने पर माननीय सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी जी का अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया है। श्री सिंह ने कहा कि समारोह में टुंडी विधानसभा एवं बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के जदयू पार्टी एवं यूथ फोर्स के सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित होंगे। कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा।

## चलती ट्रेन में आत्महत्या करने की कोशिश की युवक का पैर और कमर कटा

जोगता थाना क्षेत्र स्थित टाटा सिजुआ रेल होल्ट में चक्रधरपुर से गोमो चलने वाली ट्रेन में आज दोपहर 12 बजे एक हादसा हुआ एक स्टूडेंट ने जान देने की कोशिश की ट्रेन में सबर लोगों का कहना है कि एक स्टूडेंट जिसकी उम्र लगभग 22 वर्ष होगा टाटा सिजुआ स्टेशन में गाड़ी खुलने के बाद जान देने की कोशिश की जिससे उसका पैर और कमर कट गया ट्रेन के अधिकारियों से घायल युवक को इलाज के लिए ले गया वहां के लोगों का कहना है कि टाटा सिजुआ स्थिति शक्ति कॉलेज में एग्जाम देने के लिए युवक आया था अपने फ्रेंड से बतिया रहा था अचानक क्या बात हुई थी गाड़ी खुलती ही ट्रेन के चक्के के अंदर घुस गया और जान देने की कोशिश की।

## कुमारधुबी स्टेशन में व ट्रेनों मे मोबाइल चोरी करने वाला को कुमारधुबी पुलिस ने एक मोबाइल चोर को पकड़ा हुआ खुलासा

एग्यारकुंड। कुमारधुबी पुलिस ने कुमारधुबी बाजार समीप डॉ मनोरंजन क्लिनिक के समीप बंद शौचालय के पास घूम रहा एक युवक को बुधवार को शक के आधार पर पकड़ा। पूछताछ व जांच के क्रम में उसके पैकेट से उसके पास से रेडमी का नीला रंग के टच मोबाइल , ओप्पो कंपनी का सिल्वर रंग का टच स्क्रीन मोबाइल बरामद किया गया।

इस संबंध में कुमारधुबी ओपी प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार गुप्त सूचना पर छापेमारी कर शौचालय के पास से अभिषेक कुमार उम्र 19 वर्ष बाघाकुड़ी काली मंदिर निवासी को पकड़ा गया है। जो चोरी के दो मोबाइल को बिक्री करने घूम रहा था । पूछताछ में उसके पास से बरामद मोबाइल का कागजात नही दिया गया। दोनो मोबाइल कुमारधुबी स्टेशन में हटिया गोरखपुर मौर्या एक्सप्रेस ट्रेन से चोरी किया है। पुलिस ने मामला दर्ज का बुधवार को अभिषेक कुमार प्रसाद को जेल भेज दिया है।

## आग लगने की घटना से बचाव एवं घटना हो जाने पर त्वरित कार्रवाई कर जान माल की सुरक्षा कैसे की जाए इसकी प्रायोगिक प्रशिक्षण दी गई




- भगवती कॉलोनी चास स्थित फर्स्ट एड प्रशिक्षण संस्थान में फायर सेफ्टी मैनेजमेंट प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

उज्जवल दुनिया

बोकारो : चास नगर निगम स्थित भगवती कॉलोनी चास स्थित फर्स्ट एड प्रशिक्षण संस्थान में फायर सेफ्टी मैनेजमेंट प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन रेड क्रॉस के प्रशिक्षण पदाधिकारी सह सिविल डिफेंस बोकारो के डिवीजनल वार्डन डॉक्टर एस पी वर्मा एवं चास फायर स्टेशन के पदाधिकारी सुदामा पासवान ने किया।

कार्यक्रम में आग लगने की घटना से बचाव एवं घटना हो जाने पर त्वरित कार्रवाई कर जान माल की सुरक्षा कैसे की जाए इसकी प्रायोगिक प्रशिक्षण दी गई। प्रशिक्षण में ओ एन जी सी के तहत संविदा पर कार्य करने वाले पदाधिकारी एवं कर्मचारी तथा खनन अभियंताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल डिफेंस बोकारो के डिवीजनल वार्डन तथा रेड क्रॉस के प्रशिक्षण पदाधिकारी डॉ एस पी वर्मा ने आग लगी घटना में होने वाले घायलों को प्राथमिक चिकित्सा देने के गुरु उपायों को बताया। फायर स्टेशन के पदाधिकारी सुदामा पासवान ने विभिन्न प्रकार की आग लगी घटनाओं को प्रदर्शित कर एवं आग बुझाकर दिखाए एवं सिविल डिफेंस बोकारो के डिप्टी डिवीजनल वार्डन सह रेड क्रॉस के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के सदस्य डॉक्टर निशांत कुमार ने आग से बचने के उपाय को विस्तृत रूप से बताया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से डॉक्टर पूजा, डॉक्टर पदमा एवं फायर स्टेशन चास के श्री विनोद जी एवं राज झा तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संगठन के गगन बावरी एवं आकाश अस्पताल चास के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने सहयोग कर आयोजन को सफल बनाय.

## राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मू का 66 वीं जयंती पर रक्तदान शिविर आयोजित



- रक्त दान से गरीबों की जिंदगी को बचाना परमो धर्म है : डॉ यूं मोहंती

उज्जवल दुनिया

जैनामोड़ : फोर लेन चौक जैनामोड़ स्थित श्री राज हॉसपीटल एण्ड रिसर्च सेंटर के सभागार में भारत के राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मू का 66 वीं जयंती समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर संस्था दी पब्लिक पावर समिति , जैनामोड़ , यूवीनीटी सेवियर , और बोकारो , रेड क्रॉस सोसायटी के सदस्यों ने सामुहिक रूप से केक काटा ।समारोह के अवसर पर डॉ यूं मोहंती ने कहा कि रक्त दान से गरीबों की जान को बचाया जा सकता है ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में दी पब्लिक पावर समिति के निदेशक चंद्र शेखर स्वर्णकार , अध्यक्ष बिपीन मुखर्जी , सचिव सुदर्शन सिंह , कोषाध्यक्ष शंभू कुमार महतो , विष्णु प्रसाद दास , मुकेश कुमार मंडल, डॉ बी एन महतो , डॉ एस के विस्वास , आदि ने अहम भूमिका निभाई।

इस मौके जरीडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो , जरीडीह अंचल अधिकारी प्रणव रितुराज , जरीडीह थाना प्रभारी अमित कुमार राय , भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा महामंत्री अर्जुन सिंह, अजय कुमार , राजा विश्वास , यूवीनीटी सेवियर के अध्यक्ष हरवंश सिंह सलूजा , सचिव प्रवीण कुमार , रामप्रकाश सिंह , शौर्य जायसवाल, राजकुमार ,रंजन कुमार सहित संस्थान के सदस्य उपस्थित थे.

## एनडीए प्रत्याशी सी,पी, चौधरी की जीत पर नावाडीह में सुदेश महतो का आभार पदयात्रा संपन्न

उज्जवल दुनिया

नावाडीह : गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी सी पी चौधरी की जीत पर आज नावाडीह में आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व में आभार पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा स्थानीय देवी महतो स्मारक महाविद्यालय से आरंभ होकर नावाडीह चौक स्थित बिनोद बिहारी महतो के प्रतिमा स्थल तक गया। पदयात्रा में शामिल लोग एनडीए एकता जिंदाबाद नरेंद्र मोदी जिन्दाबाद आजसू एकता जिंदाबाद आदि नारे लगा रहे थे। नावाडीह चौक स्थित बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात पदयात्रा समाप्त हुआ इस अवसर पर आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र की जनता ने एनडीए प्रत्याशी को भारी मतों से आजसू पार्टी को विजय बनाया है ।उसी जीत पर आभार व्यक्त करने के लिए हमने इस पदयात्रा को आयोजित किया गया है।

इस पदयात्रा में आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह बोकारो जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष जयलाल महतो आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव पूर्व जिला परिषद सदस्य नवीन कुमार महतो आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव बिगन महतो आजसू पार्टी युवा मोर्चा के केंद्रीय संयोजक टिकैत कुमार महतो केंद्रीय सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि सुरेश कुमार महतो नावाडीह प्रखंड अध्यक्ष मिसरी लाल महतो नावाडीह प्रखंड सचिव परमेश्वर महतो किशुन महतो अरविंद कुमार पाण्डेय अर्जून महतो जिला सचिव बाबी पटेल धनेश्वर ठाकुर सूर्य नारायण महतो नावाडीह प्रखंड उपाध्यक्ष जगरनाथ महतो टिकू कुमार महतो पिन्टू कुमार महतो भाजपा नावाडीह प्रखंड अध्यक्ष गोविंद महतो पूर्व मुखिया सह भाजपा नेता रणविजय सिंह गोपाल विश्वकर्मा प्रवीण पाण्डेय सहित सैकड़ों की संख्या में आजसू पार्टी तथा भाजपा कार्यकर्ता महिला पुरुष मौजूद थे.

# एक पक्षिय कार्यवाई न करे पुलिस प्रशासन : बिरंची नारायण

- राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग का विशेष राष्ट्रीय अभियान

उज्जवल दुनिया



बोकारो : विगत दिनों विकास नगर में हुई घटना के पीड़ितों से बोकारो विधायक बिरंची नारायण मिले। पीड़ितों ने पूरी घटना विधायक के समक्ष रखी। पीड़ित परिवार ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने हमारे दो लोगो को उठाकर ले गया जबकि मुस्लिम समुदाय के लोगो को आजाद छोड़ दिया। वे सब आकर कभि रात मे धमकी दे रहे हैं । बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि यह घटना सरकार के संरक्षण का प्रतीक होता है जब पुलिस प्रशासन दोषियों को जेल भेज रही तो मुस्लिम समुदाय के लोगो को क्यो जेल नहीं भेज रही। इस तरह से विशेष समुदाय का मनोबल बढ़ाने का काम कर रही है पुलिस प्रशासन। दोषी दोनों पक्ष है तो दोनो तरफ से गिरफ्तारी हुई चाहिए । प्रशासन एक तरफा करवाई न करें। अगर पुलिस मुस्लिम समुदाय के दोषी लोगो को भी जेल नही भेजती है तो विकास नगर की जनता के मन में क्षोभ और आक्रोश पनपेगा और ऐसी स्थिति में मैं भी सड़क पर उतरकर सरकार और प्रसाशन के विरुद्ध सड़क पर उतरने को बाध्य होऊंगा । पक्षपात का आरोप लगाते हुए बोकारो विधायक ने कहा कि इस तरह एक पक्षिय कार्रवाई से जनता का पुलिस प्रशासन पर भरोसा उठ जायेगा। साथ मे विश्व हिंदू परिषद के बोकारो महानगर अध्यक्ष संतोष कुमार,जिला महामंत्री संजय त्यागी ,महेंद्र राय,बोकारो नगर अध्यक्ष अनिल सिंह,अमित सिंह, मंजीत सिंह,गोलू उपाध्याय, अजय रजक आदि मौजूद रहे.

## योगादिवस के पूर्व संध्या में सभी सी0एच0ओ0 को योग प्रशिक्षण दिया गया

- आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के सभी सी0एच0ओ0 योग प्रशिक्षण दिया गया
- योग का मतलब जोड़ना है एवं योग मनुष्य को दीघार्यु बनाता है : प्रशिक्षक

उज्जवल दुनिया



बोकारो : अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व संध्या में बोकारो जिला के आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के नोडल पदाधिकारी डा0 सेलिना टूडू की अध्यक्षता में सभी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के सभी सी0एच0ओ0 को योगासन के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें सभी सी0एच0ओ0 को मानसिक स्वास्थ्य एंव तनाव मुक्ति से सम्बन्धित योग के बारे में बताया गया।

### योग का मतलब जोड़ना है

योग प्रशिक्षक स्वपन कुमार, पूनम कुमारी एवं धरनीधर साहिस के द्वारा सभी प्रतिभागियों को बताया गया कि योग का मतलब जोड़ना है एवं योग मनुष्य को दीघार्यु बनाता है साथ ही सभी प्रशिक्षको द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के आसन के बारे में बताया गया जैसे वज्रासन, सिद्धासन, वक्रासन, गौमुखासन, हलासन, नौकासन, मकरासन एवं सवासन आदि के बारे में बताया गया। योगासन प्रशिक्षण के पश्चात तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला परामर्शी मो0 असलम के द्वारा सभी प्रतिभागियों को तम्बाकू निषेध पर सामूहिक शपथ दिलाया गया। साथ ही सभी सी0एच0ओ0 को बताया गया कि कल योग दिवस के अवसर पर अपने अपने आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में योगासन के पश्चात तम्बाकू किसी भी नशीली पदार्थ न लेने हेतु शपथ का आयोजन जरूर करेंगे ताकि बोकारो जिला को नशा मुक्ति जिला की तरफ अग्रसर किया जा सके।

प्रशिक्षण में बोकारो जिला के आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के नोडल पदाधिकारी डा0 सेलिना टूडू, कार्यक्रम प्रबंधक प्रदीप कुमार सिन्हा, जिला कार्यक्रम सहायक आरती कुमारी मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष पर दी आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की ओर से धनबाद के विभिन्न संस्थानों मे योग, प्राणायाम के लिए अभ्यस्त

उज्जवल दुनिया





आर्ट ऑफ लिविंग ब्यूरो आफ कम्युनिकेशन धनबाद मीडिया प्रभारी मयंक सिंह ने बताया कि १०वी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर दी आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान को धनबाद के विभिन्न सरकारी व निजी संस्थानों ने योग, प्राणायाम और ध्यान अभ्यास के लिए निमंत्रण दिया है।

आज मंडल कारा धनबाद मे डाक्टर राम नारायण और संदीप कौशल ने 60 कारावास बंदियों को योगाभ्यास करवाया वहीं कल ४०० लोगो को करवाने कि व्यवस्था की गई है। वही प्रशिक्षिका सोनी कुमारी ने सिटी लाइव मीडिया हाउस के सभी मीडियाकर्मी व चंचनी कालानी स्थित नई दिशा वूमेन ऑगेनाईजेशन में वॉलंटियर जूही महतो के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकाल को कराया। आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षक व वोलेंटियर्स कल बीबीएमके यूनिवर्सिटी, वाहिनी रेलवे सुरक्षा विशेष बल धनबाद, पीवीआर इनॉक्स, बीसीसीसीएल मुनीडीह, एसबीआई, आयकर विभाग, कार्मेल स्कूल इत्यादि मे करवाएंगे।

# जीवन में कुशलता प्राप्त करना ही योग है:गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

- मोती अलंकार ज्वेलर्स दुकान पर फायरिंग की घटना

उज्जवल दुनिया



धनबादःभगवद गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि ह्ययोग से कर्म में कुशलता आती हैह्व।योग केवल आसन नहीं है, बल्कि आप कितनी कुशलता से बातचीत कर पाते हैं,कितनी कुशलता से किसी भी परिस्थिति का सामना कर पाते हैं; यह भी योग है। आज के समय में कोई भी यह नहीं कहेगा कि उन्हें कुशलता नहीं चाहिए। यहां कोई ऐसा नहीं जिन्हें नवाचार नहीं चाहिए, अंतःस्फूर्णा नहीं चाहिए या बातचीत करने की कुशलता नहीं चाहिए। ये सभी योग के सहप्रभाव हैं, मैं यह भी नहीं कहूंगा कि ये सभी मुख्य प्रभाव हैं।योग हमारी किसी भी विश्वास प्रणाली के विरोध में नहीं है। चाहे आप किसी भी धर्म के अनुयायी हों,कोई भी दर्शन मानते हों या फिर किसी भी राजनीतिक विचारधारा का पालन करते हों, योग किसी के विरोध में नहीं है।योग हमेशा सद्भाव ही फैलाता है।योग विविधता को बढ़ावा देता है। योग का अर्थ ही है अस्तित्व के विभिन्न पहलुओं को जोड़ना।अब आप चाहे व्यवसायी हों, कोई प्रसिद्ध व्यक्ति हों या कोई साधारण व्यक्ति आप जीवन में शांति चाहते हैं, अपने चेहरे पर मुस्कान रखना चाहते हैं और खुश रहना चाहते हैं। यह खुशी तभी हो सकती है जब आप दुःख के कारण को पहचानें।और दुःख का सबसे बड़ा कारण जीवन में तनाव और लक्ष्य की कमी है।अब यूरोपियन पार्लियामेंट जी.डी.एच (ग्रॉस डोमेस्टिक हैप्पीनेस) की चर्चा करने लगी है। अब हम ग्रॉस डोमेस्टिक हैप्पीनेस की ओर बढ़ रहे हैं। योग उसमें बहुत सहायक होगा।आज हमारी जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा डिप्रेशन से जूझ रहा है। इस स्थिति में प्रोजाक जैसी एंटी डिप्रेसेंट दवाएं लंबे समय तक लाभ नहीं करेंगी। हमे किसी प्राकृतिक चीज की जरूरत है, हमारी सांस जैसी प्राकृतिक चीज जिसका उपयोग हम चेतना के उत्थान के लिए कर सकें और खुश रह सकें । क्या आपने ध्यान दिया है कि जब हम खुश रहते हैं तब हमें कैसा अनुभव होता है; हमारे भीतर कैसा भाव उठता है? मान लीजिए किसी ने आपकी तारीफ की या आप जो पाना चाहते थे वह आपको मिल गया तो आप पाएंगे कि आपके भीतर कुछ फैल रहा है।

वैसे ही जब हमें कोई असफलता मिलती है या कोई हमारा अपमान करता है तब हमारे भीतर कुछ सिकुड़ता है। जब हम खुश होते हैं तब ह्यजोह्व हमारे भीतर फैलता है और दुःखी होने पर ह्यजोह्व सिकुड़ता है, उस पर ध्यान देना ही योग है।

अक्सर हम नकारात्मक भावनाओं से परेशान हो जाते हैं क्योंकि न तो घर पर और न ही स्कूल में हमें यह सिखाया जाता है कि नाकारात्मक भावनाओं का सामना कैसे करें।यदि आप दुःखी हैं तो दुःखी ही रहकर ठीक होने का इंतजार करते रहते हैं।तो योग में मन की स्थिति को बदलने का रहस्य है।योग आपको ऐसी स्वतंत्रता देता है कि अपनी भावनाओं का शिकार होने की बजाय जैसा आप अनुभव करना चाहते हैं, वैसा अनुभव कर सकते हैं। आर्ट ऑफ लिविंग ने दुनिया भर की जेलों में बंद लाखों कैदियों को योग सिखा कर इसका प्रत्यक्ष अनुभव किया है।

हर अपराधी यही कहता है कि वह किसी न किसी चीज से पीड़ित है।जब हम उनके भीतर के पीड़ित को आराम पहुंचाते हैं, तब उनके भीतर का अपराधी भी गायब हो जाता है।

## विश्व सिकल सेल रोग दिवस पर आईआईटी आईएसएम में जागरूकता कार्यक्रम

- विशेषज्ञ डॉक्टरों ने सिकल सेल रोग के विभिन्न पहलुओं पर दिया व्याख्यान

उज्जवल दुनिया

धनबादःआईआईटी आईएसएम धनबाद ने गुरुवार को विश्व सिकल सेल रोग जागरूकता दिवस के अवसर पर संस्थान के गोल्डन जुबली लेक्चर थिएटर जीजेएलटी में कर्मचारियों और उनके बच्चों के लिए सिकल सेल रोग (एससीडी) पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिसके दौरान डॉ. रवि आर. झा, सामुदायिक रोग विभाग के प्रमुख (एचओडी), (एसएनएमएमसीएच), धनबाद ने सिकल सेल रोग के विभिन्न पहलुओं पर एक व्याख्यान दिया और लोगों को एससीडी के उन्मूलन की दिशा में सरकार के प्रयासों से अवगत कराया।

कार्यक्रम के दौरान प्रबोध पांडे, रजिस्ट्रार, आईआईटी आईएसएम धनबाद के अलावा, डॉ पी कुमार, आईआईटी आईएसएम स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी और प्रोफेसर संजय मंडल, एसोसिएट डीन (छात्र गतिविधियां) अन्य वक्ताओं के रूप में उपस्थित थे। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देश पर आईआईटी आईएसएम के डीन छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

इस कार्यक्रम में जागरूकता पैदा करने और सिकल सेल रोग (एससीडी) के अंतर-पीढ़ीगत संचरण को रोकने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया।सभा को संबोधित करते हुए,डॉ. रवि आर झा ने कहा एससीडी वंशानुगत रक्त विकारों के एक समूह को संदर्भित करता है, जिसमें आनुवंशिक उत्परिवर्तन के कारण असामान्य हीमोग्लोबिन एक साथ चिपक जाता है, जिससे लाल रक्त कोशिकाएं हंसिया के आकार की हो जाती हैं।डॉ. झा ने कहा ये सिकल आकार की कोशिकाएं रक्त प्रवाह में रुकावट पैदा करती हैं, जिससे एनीमिया, दर्द, संक्रमण और अन्य गंभीर जटिलताएं हो सकती हैं।इसलिए सभी वयस्कों और नवजात शिशुओं को सिकल सेल रोग और सिकल सेल लक्षण के लिए चिकित्सा जांच कराने की सलाह दी जाती है। डॉ. पी. कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने सभा को 2047 तक एससीडी के उन्मूलन के लिए भारत सरकार के मिशन के बारे में जानकारी दी।

# पवन दास अपहरण काण्ड मामले में गिरिडीह पुलिस ने 6 शातिर अपराधियों को किया गिरफ्तार

**गिरिडीह अमित सहाय :** गिरिडीह पुलिस ने पवन दास अपहरण काण्ड मामले में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 6 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों में जमुआ थाना क्षेत्र के चचधरा निवासी महेश कुमार वर्मा, पचम्बा थाना क्षेत्र के जगपतारी निवासी सद्दाम अंसारी, नवडीहा ओ0पी0 क्षेत्र के सियाटांड अंतर्गत बेरहाडीह निवासी राज कुमार वर्मा, गांवा के मानपुर पिहरा निवासी मो0 मोजफ्फर, देवरी के दुहियो चतरो निवासी संजय पासवान उर्फ संजय प्रेमी एवं देवरी के ही कोसोगोंदो दिधी निवासी संजय राम शामिल हैं।

गुरूवार को एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने 7.66 एम0एम0 का लोडेड एक देशी पिस्टल तथा 03 जिंदा कारतूस के अलावे अपहरण में प्रयुक्त लूटी हुई मारुती ओमनी भेन, 06 मोबाईल फोन एवं अपहृत युवक पवन कुमार दास का ग्लैमर मोटरसाईकिल समेत तीन अन्य मोटरसाईकिल बरामद किया। बीते 13 जून को देवरी थाना क्षेत्र के चतरो निवासी डॉ0 लक्ष्मण दास के पुत्र पवन दास का कुछ अज्ञात अपराधकर्मियों ने उनकी दुकान से घर लौटने के क्रम में अपहरण कर लिया था। इस संबंध में डॉ0 दास के लिखित आवेदन पर देवरी थाना में कांड सं-40/24,दिनांक-13/06/2024 में धारा-363/ 365/ 386/ 387 भादवि संबर्धित धारा-364ए/34 भादवि के तहत कांड दर्ज अनुसंधान शुरू किया गया।

पुलिस अधीक्षक गिरिडीह दीपक शर्मा के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, खोरीमहुआ नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम




का गठन की गयी। टीम ने गुप्त सुचना एवं तकनिकी साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के भीतर अपहृत युवक पवन कुमार दास को उसके मोटरसाईकिल के साथ सकुशल बरामद कर लिया है। इस अपहरण कांड में शामिल छह अपराधकर्मियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधकर्मियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। छापेमारी के दौरान पुलिस द्वारा बरामद की गई मारुती ओमनी भी बीते 04 जून को जिले के पचम्बा थाना क्षेत्र से इन्हीं अपराधर्कियों द्वारा लूटा गया था।

छापेमारी में बरामद हथियार के संबंध में भी जमुआ थाना (नवडीहा ओ0पी0) में कांड सं0-134/24, दिनांक-19/06/2024 धारा-25 (1-बी0) ए0/26/35 आर्म्स एक्ट अंकित किया गया है।

गिरफ्तार अपराधियों का रहा अपराधिक इतिहास =

कांड में गिरफ्तार अपराधी सद्दाम अंसारी के विरुद्ध गिरिडीह मुफ्फसिल थाना कांड सं-157/19, नगर थाना कांड सं. 83/19, जमुआ थाना कांड 330/22, जमुआ थाना कांड 340/22, पीरटांड थाना कांड नं. 44/22, धनवार थाना कांड से 255/22, एवं बगोदर थाना कांड से 155/22 में प्राथमिकी दर्ज है।

महेश कुमार वर्मा के विरुद्ध जमुआ थाना कांड सं0 118/21 एवं कांड सं0 20/22 में प्राथमिकी दर्ज है। जबकि राज कुमार वर्मा के विरुद्ध बेंगाबाद थाना कांड सं.-277/22 में एवं मो मोजफ्फर के विरुद्ध गावां थाना कांड सं. 36/23 में प्राथमिकी दर्ज है।

संजय हाजरा उर्फ संजय प्रेमी के विरुद्ध जमुआ थाना कांड सं 291/22 में एवं अपराधी संजय राम जमुआ थाना कांड संख्या 251/21 एवं देवरी थाना कांड संख्या 175/22 व कांड संख्या 190/21 में प्राथमिकी दर्ज है।

छापामारी टीम थे शामिल पुलिस अधिकारी व जवान

खोरीमहुआ एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित इस छापेमारी टीम मे जमुआ अंचल निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, गांवा अंचल निरीक्षक पास्कल टोप्पो, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, नगर थाना प्रभार शैलेश प्रसाद, पचम्बा थाना प्रभारी मंटू कुमार, देवरी थाना प्रभारी सोनु कुमार साहु, जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत कुमार, नवडीहा ओ0पी0 प्रभारी दीपक कुमार, हीरोडीह थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल, लोकायनयनपुर थाना प्रभारी नीरज कुमार, धनवार थाना प्रभारी नन्दु कुमार पाल, गांवा थाना प्रभारी महेश चन्द्र के अलावे देवरी थाना के पुलिस अवर निरीक्षक गणेश कुमार यादव एवं जमुआ थाना ।

## एक्शन प्लान बनाकर अबुआ आवास योजना के लक्ष्य को पूरा करें:- उप विकास आयुक्त

**गिरिडीह :** उप विकास आयुक्त, श्री दीपक कुमार दूबे ने गिरिडीह, जमुआ और डुमरी प्रखंड में मनरेगा और अबुआ आवास योजना की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को योजनाओं में गति लाने के निर्देश दिए गए। तथा शत-प्रतिशत लाभुकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत अबतक जिले में कार्यान्वित की गई प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आमजनों के हित के लिए संचालित इन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफल बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने सभी




संबंधित बीडीओ को निर्देश देते हुए कहा कि अबुआ आवास योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से एक महत्वपूर्ण योजना है। प्राथमिकता के आधार पर योग्य लाभुकों का चयन करते हुए अबुआ आवास योजना का लाभ देंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इन योजनाओं का लाभ दिया जा सकें। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, जमुआ, गिरिडीह और डुमरी, बीपीओ, रोजगार सेवक समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## अवैध शराब कारोबार के खिलाफ उत्पाद विभाग की टीम ने कार्रवाई कर स्प्रिट लोड दो वाहन को किया जब्त

**गिरिडीह :** अवैध शराब कारोबार के खिलाफ उत्पाद विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए स्प्रिट लोड दो वाहन को जब्त किया है। वहीं इस मामले में दोनों वाहन के चालक को गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद विभाग की टीम ने आगे की कार्रवाई में जुटी है। उत्पाद अवर निरीक्षक कुमार महेंद्र देवगम ने बताया कि उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर कार्रवाई की गयी है। कहा कि हजारीबाग जिले के बरही से कच्चा स्प्रिट लाकर गिरिडीह, धनबाद और बोकारो जिले में सप्लाई किये जाने की लगातार सूचना मिल रही थी। उत्पाद विभाग की टीम ने बगोदर थाना अंतर्गत जीटी रोड में दो संदिग्ध वाहनों को रोक कर तलाशी लिया। तलाशी के दौरान दोनों वाहनों में



40 लीटर का 75 गेलन स्प्रिट लदा बरामद किया गया। टीम ने दोनों वाहनों से जब्त कर उसके चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है। वहीं इस धंधे में संलिप्त अन्य लोगों के बारे में छानबीन की जा रही है।

इस धंधे में कई बे सेदपोश के शामिल होने की सूचना मिल रही है। छानबीन कर सभी के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर आगे कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी दल में उत्पाद अवर निरीक्षक कुमार महेंद्र देवगम, मनीष कुमार,हवलदार राम बच्चन प्रसाद, अजय कुमार सिंह, भगवान राय, सुरेंद्र यादव, श्याम किशोर प्रसाद समेत सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

## फैक्टरी से निकलने वाली जहरीली धुआँ से ग्रामीणों का हाल-बेहाल

### फेक्ट्री द्वारा प्रदूषण नियंत्रण मानक का उपयोग भी नहीं हो रहा हैं

**गिरिडीह :** गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के गादी श्रीरामपुर एवं फूलची का दौरा भाजपा नेता सुरेश साव ने गुरूवार को किया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना। इस क्षेत्र में जो फैक्टरी लगे हैं उससे निकलने वाली जहरीली प्रदूषण से ग्रामीणों का हाल-बेहाल हो गया है, लोग गंभीर बिमारीयों का शिकार हो रहे हैं, इस क्षेत्र के किसानों का खेती पर असर पड़ रहा है। पेड़ पौधे नष्ट हो रहे हैं। इस इलाके के बड़े बड़े प्लांटों की चिमनियों से दिन भर काला जहरीला धुंआ छोड़ती है। इससे लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है। काला धुआं लोगों की छतों पर काली परत के रूप में जमा रहता है। इन कारखानों मे प्लास्टिक और टायर जलने से जो दुर्गंध उठती है उससे सांस लेने में दिक्कत हो होती है। इस क्षेत्र में बहुत ही भयावह स्थिति उत्पन्न हुई है। यहां के राईस मिल का



गंदे पानी का रिसाव से खेती बंजर हो रहा है। फेक्ट्री से काले धुएं निकल रहे हैं प्रदूषण नियंत्रण का मानक का उपयोग भी नहीं कर रहे हैं, उसमे जो इएसपी मशीन नहीं लगाया जा रहा है जिसके कारण पूरे क्षेत्र के लोगों का आम जीवन त्रस्त हो गया है। - यहाँ के जो जनप्रतिनिधि है स्थानीय विधायक है उनका भी इसी क्षेत्र में घर है खुद अपने निवास करने के बावजूद और उनके अपने झारखंड में सरकार के पाश्चात्य भी कोई ठोस प्रयास इन्होंने नहीं किया है। सभी फैक्ट्री के मालिकों से इनकी मिली भगत है और सभी से मोटी कमाई यहां के स्थानीय जन प्रतिनिधि करते हैं।

श्री साव ने कहा कि में उद्योग लगने से कोई विरोधी नहीं हूं में चाहता हूं कि इस क्षेत्र में उद्योग धंधे लगे लोगों के रोजगार मिले लेकिन जो मानक है जो प्रदूषण का नियम है उसे लोग पालन करे इएसपी मशीन लगाए, इनलोगों के थोड़ा सा बचत के चक्कर में आम लोगों को काफी नुकसान पहुंचाना पड रहा है। इस मौके पर पूर्वी मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता एवं महामंत्री प्रदीप राय, मनीलाल साव, रामेश्वर यादव, श्यामल घोष, अनिल राय, ब्रह्मदेव राय, वासुदेव राय, दिगम्बर राय, मूरारी राय, बसंत राय, नरेश राय, गोवर्धन राय जी मौजूद।

## बेंगाबाद में पंचायत समिति की बैठक संपन्न ,जन समस्याओं का मुद्दा छाया रहा



**बेंगाबाद =** गुरुवार को पंचायत समिति की बैठक प्रखंड मुख्यालय बेंगाबाद में हुई जिसकी अध्यक्षता बेंगाबाद प्रमुख मीना देवी और उप प्रमुख सबा अंजुम ने किया! बैठक में शिक्षा स्वास्थ्य मनरेगा आपूर्ति बाल विकास आदि विभाग से मूलभूत समस्याएं को रखी गई । सदन में सदस्यों द्वारा अपने-अपने पंचायत में मूलभूत जन समस्याओं को रखते हुए मामला रखा गया । जन समस्याओं पर बेंगाबाद प्रमुख ने आश्वस्त कर कहा कि यथाशीघ्र समस्याओं का समाधान करने की अथक प्रयास की जाएगी ।संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेवारी निर्वहन करने की बात दोहराई गई । वही बेंगाबाद प्रखंड विकास पदाधिकारी निशा कुमारी ने विकास योजनाओं से संबंधित कई महत्वपूर्ण बातें रखी और पंचायत समिति सदस्यों को आस्वस्त कर कहा कि आपसी समन्वय बनाकर काम करें पदाधिकारी अपेक्षात्मक सहयोग करने के लिए हमेशा तैयार है। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि जयप्रकाश मंडल बीस सूत्री अध्यक्ष नुनु राम किस्कु उर्फ टाइगर भुनेश्वर महतो मो. सद्दाम मीना देवी मिनसर सोनाराम हेंब्रम सुमित्रा देवी आरती देवी, कुमारी नीलम यादव, उषा सोरेन, देवकी देवी ।

## गिरिडीह रोयल हेल्थ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड रिद्धि सिद्धी एसोसिएट का प्रमोशन सिरोमनी का आयोजन

**डुमरी :** गिरिडीह रोयल हेल्थ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड रिद्धि सिद्धी एसोसिएट का प्रमोशन सिरोमनी का आयोजन एक हांल में किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन लक्ष्मण सिंह ने दिए प्रज्ज्वलित कर किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश यादव को बुके देकर माला पहनाकर वहीं भव्य स्वागत किया गया इस दौरान कम्पनी ओरगनाईजर श्री दयाल ने कहा की रोयल हेल्थ केयर प्राईवेट लिमिटेड पिछले 35 वर्षो से सामुदायिक व्यक्तित्व समाजीक सेवा कार्य में लगी हुई है कम्पनी नेटवर्किंग के माध्यम से युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है इस दौरान युवा युवतियां को होम केयर, पर्सनल केयर, हेल्थ केयर, (बिजनेस ग्रोथ) का प्रशिक्षण दिया जा रहा है साथ ही युवक युवतियों



को एक प्रशिक्षण देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया इस दौरान उन्होने कम्पनी के भविष्य के जानकारी देते हुए लोगों को बारिकी से काम करने के तरिके से जानकारी दिया वहीं वेस्ट तरिके से कार्य करने वाले युवक युवतियों को मोमेंटम और सौल देकर स्वागत किया वहीं मौके पर भुपेंद्र सिंह ,रवी तिवारी ब्रजेश प्रजापति ,रोहित झा,चन्दन गुप्ता,टिकटों महतो के साथ दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## शादी का वादा करके नाबालिग से बनाया शारीरिक संबंध, फिर शादी से किया इंकार, जमकर हुई मारपीट

**तिसरी प्रतिनिधि।** पहले किशोरी से जान पहचान बढ़ाया, फिर प्यार मोहब्बत की बातें हुई, शादी का वादा किया और बहला - फुसलाकर शारीरिक संबंध भी बनाया। मगर शादी की बात आते ही मामला फंस गया और अब युवक शादी से मुकर रहा है। मामला तिसरी थाना इलाके से जुड़ा है। इस संबंध में नाबालिग की मां ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र की एक नाबालिक किशोरी की मुलाकात अपनी बी बहन के ससुराल में 20 वर्षीय युवक प्रदीप से हुई। इसके बाद दोनों का मिलना जुलना बढ़ गया। आरोप है कि युवक ने किशोरी को शादी का



प्रलोभन देकर कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान किशोरी द्वारा शादी करने की बात पर युवक हमेशा टालमटोल करता रहा। युवक के टालमटोल से घबराई किशोरी ने परिवार वालों से शादी की बात बताने की बात कही। तब युवक डर गया और यह बात किसी से भी न बताने को कहने लगा। जिसके बाद किशोरी ने अपनी मां से सारी बातें बता दी। मामले की जानकारी होते ही नाबालिग की मां पंचायत के शरण में पहुंची जहां 15 जून को पंचायत हुआ, लेकिन पंचायती में कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ। जिसके बाद दुबारा 19 जून को पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें युवक के परिवार वाले हर्जाने के रूप में किशोरी को 75, 000 हज़ार रूपये देने की बात कहने लगे।

किशोरी के परिवार वालों ने जब इससे इनकार किया तो युवक के परिवार वाले गाली - गलौज व मारपीट पर उतारू हो गए। इस दौरान बीच बचाव करने गए किशोरी के बहनोई पर आरोपी पक्ष के लोगों ने डंडे से वार कर दिया। जिससे वह घायल हो गए जिसके बाद अस्पताल में उनका इलाज करवाया गया। वहीं अब नाबालिग की मां न्याय की गुहार लेकर लिखित आवेदन लेकर थाने पहुंची है। थाने में आवेदन देने के बाद पुलिस मामले की जांच की बता कह रही है।

## एक-नजर

### एनआईए की टीम पहुँची झारखंड के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र मधुबन

**गिरिडीह :** झारखंड के अति नक्सल प्रभावित मधुबन थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिबंधित मजदूर संगठन समिति के कई नेताओ एवं उनके रिश्तेदारों के जांच एजेंसी पहुंच कर जांच पड़ताल किया है। मधुबन के कई ठिकानों पर एवं संगठन के नेताओं के घर में कागजात खंगाला गया। करीब 6 घंटे तक छानबीन करने के बाद एजेंसी की टीम वहां से निकल गई। हालांकि अधिकारियों ने छापेमारी के बारे में कुछ भी बताने से इनकार किया है।

सूत्रों के अनुसार प्रतिबंधित मजदूर संगठन समिति के कई नेताओ एवं उनके रिश्तेदारों का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है साथ ही कई कागजात को भी जब्त किया गया है। सूत्रों का कहना है कि मजदूर संगठन समिति के नेता अजीत राय, द्वारिका राय, अनिल किस्कू, बसंत कर्मकार, मनोज महतो, सूरज तुरी अन्य के घरों में एनआईए ने छापेमारी किया गया इस दौरान सहयोग में मधुबन व गिरिडीह के पुलिस जवान मौजूद थे।

### मादक पदार्थों के विरुद्ध विद्यालयों में हुआ निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**गिरिडीह :** 19 जून से 26 जून 2024 तक मादक पदार्थों के विरुद्ध जिले में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गिरिडीह जिले के बगोदर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता को लेकर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया जा सकें। इसके व्यापक जागरूकता को लेकर जिले में कई विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सभी सरकारी व गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान को गति के साथ किया जा रहा है ताकि लोगों को इसके चपेट से बचाया जा सके। विद्यालयों में निबंध लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा युवा को जागरूक कर इसके दुष्प्रभाव से बचाना है।

### सरकार द्वारा दिए गए थैले में ही लाभुकों को राशन दें डीलर अन्यथा शिकायत करेंगें : प्रखंड अध्यक्ष

**तिसरी प्रतिनिधि।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के तिसरी प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बर्णवाल ने प्रखंड क्षेत्र के सभी जन वितरण प्रणाली के डीलरों से झारखण्ड सरकार द्वारा दिए जा रहे थैले में ही कार्डधारियों को राशन देने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि इसका उदेश्य झारखंड सरकार द्वारा थैले के माध्यम से अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं के विषय में लोगों तक जानकारी पहुंचाना है लेकिन डीलरों द्वारा लाभुकों को यह थैला नहीं दिया जा रहा है। चेतावनी देते हुए कहा कि इस थैले में राशन नहीं देने वाले डीलर के खिलाफ सरकार और विभागीय पदाधिकारी से लिखित शिकायत करेंगे। रिंकू बर्णवाल ने अपने तिसरी चौक स्थित आवास पर उक्त बातें कहीं।राज्य सरकार द्वारा 25 से 49 वर्ष कि महिलाओं के लिए पेंशन योजना और बिजली उपभोक्ताओं के लिए 125 यूनिट से बढ़ाकर 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने का ऐलान किया गया है। यह योजनाएं 15 दिनों के भीतर ही लागू हो जाएगी जिससे गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों को का?ी राहत मिलेगी।

### खंडोली घूमने पहुंचे पति-पत्नी से मोबाइल झपट कर फरार हुए मनचले

**बेंगाबाद :** बेंगाबाद प्रखंड के अंतर्गत खंडोली पर्यटन स्थल पत्नी के साथ घूमने आये युवक से तीन मनचलों ने मिलकर मोबाइल झपट लिया और मनचले वहां से फरार हो गये। युवक मदद के लिए शोर मचाता रहा। हल्ला सुनकर आसपास से लोग वहां पहुंचे। इसके पूर्व मनचले वहां से खिसक गए थे।

भुक्तभोगी ने खंडोली पुलिस चौकी में इस घटना की सूचना दी। चौकी में तैनात पुलिस जवानों ने उसे बेंगाबाद थाना भेज दिया। भुक्तभोगी साहुद अंसारी गिरिडीह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बदगुंदा का रहनेवाला है। थाना में भुक्तभोगी ने कहा कि वह दिल्ली में नौकरी करता है।

### बेंगाबाद थाना समाधान दिवस का आयोजन, आने वाली शिकायतों का किया गया निपटारा

**गिरिडीह :** बेंगाबाद थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी, बेंगाबाद के द्वारा आमजनों की शिकायतों और समस्याओं का निराकरण किया गया। इस दौरान अंचलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि आमजन को न्याय दिलाने के लिए सरकार लगातार थाना समाधान दिवस का आयोजन करा रही है। आमजन को तुरंत न्याय दिए जाने के लिए समाधान दिवस का आयोजन हो रहा है। समाधान दिवस में आने वाली शिकायतें समय सीमा के भीतर निस्तारित की जाए। मौके पर उपस्थित थाना प्रभारी ने कहा कि आमजनों की शिकायतों को देखते हुए प्रत्येक थाना में थाना समाधान दिवस का आयोजन कर आमजनों की शिकायतों का निपटारा किया जा रहा है। इस दौरान कई लोगों की शिकायतों का ऑन द स्पॉट निराकरण किया गया।

### लूट की मिली छूट, जिस भेंडर का भोचर लगाया गया उनका कहीं भी दुकान नहीं

**गिरिडीह :** सरिया प्रखंड क्षेत्र से लगातार शिकायत मिलने के बाद प्रखंड प्रमुख श्रीमति प्रीति कुमारी ने किया पंचायतों का दौरा किया।जांच के दौरान मनरेगा योजना से संचालित गाय शेड,बकरी शेड ,पशु शेड निर्माण में लाभुकों को भेंडर द्वारा न तो मेट्रीयल दिया गया है और न तो विभाग द्वारा उनके खाता में मेट्रियल का भुगतान किया गया पाया है।

मनरेगा योजना से पशु शेड का निर्माण के वित्तीय वर्ष 2021,22,23,24 में बनाया गया योजना में कोई भी भेंडर मेट्रियल नहीं दिया है लाभुक खुद मेट्रियल लगा कर निर्माण कराया और विभाग भेंडर को भुगतान कर दे रहा है। जिसमे लाभुक को 20 - 25त्न तक की कटौती कर राशि मिल रहा है जो एक बहुत बड़ा घोटाला की आशंका है। प्रमुख ने लाभुकों से मिलकर योजनाओं का जांच किया और विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जांच रिपोर्ट डीडीसी गिरिडीह को समर्पित करें ताकि लाभुकों को उनके खाते में पेमेंट किया जाय ताकि लाभुकों को पूरी राशि मिल सके।उन्होने जाँच में पाया कि जिस भेंडर का भोचर लगाया जा रहा है उनका कहीं भी दुकान नहीं है सिर्फ पेपर पर दुकान चल रहा है सपलाई के नाम पर लाभुकों को परेशान किया जा रहा है। इस दौरान जांच टीम में संबंधित पंचायत के जेई,पंचायत सचिव,रोजगार सेवक,मुखिया,पंचायत समिति सदस्य अनिल कुमार शर्मा,उपमुखिया पति संदीप कुमार, निवर्तमान सांसद प्रतिनिधि रामदेव ठाकुर,प्रमुख पति रंजित मंडल, योजना के लाभुक के साथ साथ ग्रामीण मौजूद रहे।

### विभिन्न मांगों को लेकर झामुमो कार्यकर्ताओं द्वारा अनिश्चितकालीन धरना जारी

**गावां :** गावां प्रखंड कार्यालय के समीप झामुमो के पार्टी कार्यकर्ताओं ने विभिन्न माँगों को लेकर गुरुवार को 20 सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया गया हैं। इस धारणा में मुख्य अतिथि के रूप में अतिथि के रूप में धनवार के पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी उपस्थित रहे, राजधनवार के पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी ने कहां की अंसारी ने कहा कि गावां में भ्रष्ट अधिकारियों का मनोबल काफी ब गया है। मनरेगा ,अबुआ आवास योजना दालि खारिज, सहित अन्य सरकारी योजनाओं में खुलेआम रिश्वत खोरी की जा रही है ।कहा कि गावां में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर झामुमो के कार्यकर्ताओं ने अनिश्चितकालीन धरना देने का निर्णय लिया है । उन्होंने कहा कि उपायुक्त से यहां के भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ करवाई को लेकर शिकायत दर्ज करायेगे, और अगर अधिकारी व सरकारी कर्मी अपनी हरकतों से बाज नही आएंगे ।

## साहिबगंज मनिहारी अंतर्राजजीय फेरीघाट सहित अन्य गंगा घाटों का डाक बंदोबस्ती एडीसी कार्यालय में हुई संपन्न



साहिबगंजः साहिबगंज मनिहारी अंतर्राजजीय फेरीघाट और सदर प्रखंड, तालझारी, राजमहल व उधवा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न 14 गंगा घाटों का डाक बंदोबस्ती गुरुवार को समाहरणालय स्थित अपर समाहर्ता के कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई जिसमें सात गंगा घाट में किसी लेसी ने टेंडर नहीं डाला। उधर साहिबगंज मनिहारी अंतर्राजजीय फेरी सेवा व अंबाडीहा खूंटागड़ाई गंगा घाट में एक एक लेसी होने के कारण इसका डाक नही हो पाया। वही सदर प्रखंड क्षेत्र के हरप्रसाद रामपुर मलाही घाट का डाक धर्मेंद्र यादव ने 3 लाख 80 रुपया की बोली लगाकर लिया। उधर उधवा प्रखंड क्षेत्र के पलासगाछी पियारपुर फेरीघाट अशरफुल हक ने 62 लाख की बोली लगाकर लिया। वही राजमहल प्रखंड क्षेत्र के सुखसेना फेरीघाट का डाक खलील अंसारी ने 46 हजार 500 रुपया की बोली लगाकर अपने नाम किया। वही तालझारी प्रखंड क्षेत्र के महाराजपुर खूंटागड़ाई फेरीघाट का खलील अंसारी ने एक लाख चार हजार पांच रुपया की बोली लगाकर अपने नाम किया। वही तालझारी प्रखंड क्षेत्र के बांसकोला खूंटागड़ाई फेरीघाट का डाक एक लाख बारह हजार की बोली लगाकर लक्ष्मण मंडल और बांसकोला अम्बाडीहा फेरीघाट का डाक 3 लाख 33 हजार की बोली लगाकर लक्ष्मण मंडल ने बोलकर अपने नाम किया।

## जनता दरबार में बीस सूत्री अध्यक्ष ग्रामीणों की समस्याओं से हुए रुबरु



बरहरवाः अंचल कार्यालय परिसर स्थित बीस सूत्री कार्यालय में गुरुवार को एक बार फिर से जनता दरबार लगा जिसमें बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित पदाधिकारियों से वातार्लाप कर लोगों की समस्याओं का निदान करने को कहा। इस दौरान ज्यादातर समस्या लो वोल्टेज, जमीन म्यूटेशन, पेंशन तथा पानी को लेकर थी। जहां बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने सभी की समस्याओं को बारी बारी से सुना तथा संबंधित पदाधिकारी से वातार्लाप कर समस्याओं का निदान करने को कहा। इस मौके पर मिठुन कुमार मंडल, मो. आफताब सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## तेतरिया के पास चार पहिया वाहन पलटने से दो लोग हुए घायल, लाए गए सदर अस्पताल




साहिबगंजः बोरियो थाना क्षेत्र के तेतरिया के पास चार पहिया वाहन पलटने से राजमहल निवासी व्यक्ति मैमूल शेख पिता इदरीश शेख व इसमीत बीबी पति इब्राहिम शेख गंभीर रूप से घायल हो गए जहां दोनों ही घायलों को 108 एंबुलेंस के जरिए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. तबरेज आलम ने फौरन इलाज किया। मिली जानकारी अनुसार मैमूल शेख शहर के सूर्या नर्सिंग होम से अपनी पत्नी को देखकर वापस अपने घर राजमहल कर्बला चार पहिया वाहन से लौट रहा था। वही उनके साथ उनके ही गांव की एक सहिया वो भी अपने एक मरीज को देखकर उनके साथ उसी वाहन से अपने घर राजमहल कर्बला लौट रही थी जहां तेतरिया के पास अनियंत्रित होकर चार पहिया वाहन सड़क से नीचे पलट गई। उधर इस सड़क दुर्घटना में महिला को गंभीर चोट आई है जहां चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

## सदर अस्पताल के कैदी वार्ड से दो बंदी को भगाने में सहयोग करने वाला आरोपी देशी कट्टा के साथ हुआ गिरफ्तार, भेजा गया जेल

साहिबगंजः- जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र की पुलिस ने सदर अस्पताल के कैदी वार्ड में बंद दो कैदी को भगाने में सहयोग करने वाले एवं वर्ष 2020 में जेल सिपाही रजनीश कुमार चौबे के ऊपर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी युवक को देशी कट्टा के साथ कबूतर खोपी ढालू टोला से गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इसको लेकर प्रभारी थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि कैदी वार्ड में बंद दोनों कैदी को भगाने में आरोपी युवक ने आरी खरीद कर बाहर से दिया था और उसे भगाने में सहयोग किया था। वही जेल सिपाही रजनीश कुमार चौबे के ऊपर वर्ष 2020 में बबलू मंडल, विष्णु मंडल एवं दीपक रविदास के साथ मिलकर गोली भी चलाई थी जिसे जेल भेज दिया गया है। वहीं आरोपी युवक की पहचान धर्मेंद्र यादव पिता रामप्रवेश यादव के रूप में हुई है जिसका पुराना आपराधिक इतिहास रहा है जिसके खिलाफ जिरवाबाड़ी थाना में कई केस पहले से दर्ज हैं।

## दुष्कर्म पीड़िता आदिवासी युवती का मेडिकल जांच करवाने के लिए तालझारी पुलिस पहुंची सदर अस्पताल




साहिबगंजः- तालझारी थाना क्षेत्र की रहने वाली आदिवासी युवती के साथ दुष्कर्म की घटना होने के बाद उसका मेडिकल जांच करवाने के लिए गुरुवार को पीड़िता युवती को अपने साथ लेकर सदर अस्पताल आई। जहाँ कागजी प्रकिर्या पूरी करते हुए पीड़िता आदिवासी युवती का मेडिकल जांच करवाने के बाद उसे आगे की कार्यवाही करने के लिए साथ लेकर चली गई। इसको लेकर एएसआई मनोज कुमार आजाद ने बताया कि आदिवासी युवती के द्वारा 10 वर्षों तक लगातार दुष्कर्म करने की शिकायत दर्ज कराई गई है जिसको लेकर पुलिस मेडिकल जांच में जुटी है।

## जिरवाबाड़ी में चार पहिया वाहन के टायर में हवा भरने के दौरान ब्लास्ट होने से युवक हुआ घायल

साहिबगंजः जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र में मोटर गैरज में चार पहिया वाहन के टायर में हवा भरने के दौरान अचानक टायर ब्लास्ट करने से काम कर रहा एक मिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे अन्य लोगों की मदद से बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया गया।

जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने घायल युवक का तुरंत इलाज किया। उधर घायल युवक की पहचान विक्की कुमार पिता मुन्ना मांझी के रूप में हुई है फिलहाल युवक का सदर अस्पताल में इलाज करने के बाद उसे छुट्टी दे दी गई है।

# सदर प्रखंड क्षेत्र के 3 जर्जर सड़क का विशेष मरम्मती कार्य का राजमहल विधायक ने किया शिलान्यास

उज्जवल दुनिया संवाददाता




साहिबगंजः सदर प्रखंड क्षेत्र के तीन जर्जर सड़क का विशेष मरम्मती कार्य होगा जल्द ही शुरू होगा जहां राजमहल विधायक अनंत ओझा के अनुशंसा पर 4 करोड़ 39 लाख की लागत से तीन जर्जर सड़क की लगभग 7 किलोमीटर से अधिक का विशेष मरम्मती का काम होगा।

वही गुरुवार को राजमहल विधायक अनंत ओझा ने जर्जर सड़क का विशेष मरम्मत कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान शुक्र बाजार से रामपुर इंग्लिश तक पथ का विशेष मरम्मती कार्य 1.82 किलोमीटर सड़क का 1 करोड़ 9 लाख की लागत से बनेगी।

वही नाड़ी दियारा से नयाटोला पथ का विशेष मरम्मती कार्य 1.85 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य 1 करोड़ 3 लाख की लागत बनेगी। उधर एनएच 80 से डिहारी तक पथ का विशेष मरम्मती कार्य का 4.2 किलोमीटर सड़क का 2 करोड़ 27 लाख की लागत से बनेगी। इस सड़क शिलान्यास के अवसर पर सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे। जहां ग्रामीणों ने राजमहल विधायक अनंत ओझा का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजमहल विधायक अनंत ओझा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राजमहल विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण सड़क निर्माण गांव गांव तक हुआ है और तेजी से सड़क निर्माण का काम चल भी रहा है। वही लक्ष्य है कि दियारा सहित हर गांव को मुख्य सड़क से जोड़ना ताकि ग्रामीणों की यात्रा सुगम हो सकें। वही राजमहल विधायक ने ग्रामवासियों को बताया कि हाजीपुर दियारा में उनके अनुशंसा से राज्य सम्पोषित योजना से 6 करोड़ 50 लाख की लागत से ग्रामीण सड़क का निर्माण हो रहा हैं। इस सड़क का निर्माण मिट्टी भराई साथ ऊंचा करके हो रहा हैं जिससे बाढ़ के दिनों में भी ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। वही कारगिल दियारा और सकरीगली रामपुर में सड़क निर्माण का काम चल रहा हैं। उधर ग्रामीणों ने राजमहल विधायक का आभार व्यक्त करते हुए सड़क निर्माण को लेकर खुशी जाहिर की। आगे उन्होंने कहा कि बहुत जल्द राजमहल नया बाजार से मिजाचौकी तक फोरलेन से अतिरिक्त सड़क निर्माण का काम शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजय मंडल, पूर्व अध्यक्ष मनोज यादव, अरविंद गुप्ता, वरिष्ठ नेता शिवशंकर यादव, मनोज ओझा, गंगा दयाल यादव, अजय मिश्रा, दीपक कुमार, अभय पासवान, सैन महतो, सतीश ओझा, पवन यादव, ओमप्रकाश पांडे, पूर्व अध्यक्ष मनोज यादव, प्रभात मिश्र, अरविंद गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष मनोज यादव, रामप्रताप चौधरी, जितेन्द्र पांडे, मिथुन चौधरी, राजेश चौधरी, विभागीय अभियंता विकास केशरी सहित कई अन्य ग्रामवासी मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में स्टेडियम रोड निवासी व्यक्ति हुआ घायल, पहुंचा सदर अस्पताल



साहिबगंजः जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र में साइकिल सवार छात्र को बचाने के क्रम में स्टेडियम रोड निवासी व्यक्ति रामनारायण मंडल सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। जहां घायल व्यक्ति अपना इलाज कराने के लिए सदर अस्पताल पहुंचे जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. मोहन मुर्मू ने उनका इलाज किया। मिली जानकारी अनुसार घायल व्यक्ति अपने बाइक पर सवार होकर किसी काम से जिरवाबाड़ी की तरफ से आ रहे थे जहां उनके आगे आगे एक स्कूली छात्र साइकिल लेकर चल रहा था जिसे बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई और वे घायल हो गए। इधर इस सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के पैर व कंधा में चोट आई है जिसका सदर अस्पताल में इलाज किया गया।

## आठ वर्षीय मासूम बच्ची का शव नवनिर्मित मकान से पुलिस ने किया बरामद




● परजिन जता रहे दुष्कर्म की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

उज्जवल दुनिया संवाददाता

बरहरवाः गुरुवार को बरहरवा थाना क्षेत्र के रानीग्राम में एक आठ वर्षीय मासूम बच्ची का शव नवनिर्मित मकान से बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार मृतिका बच्ची के पिता बाहर काम करते है। वही बुधवार की शाम को बच्ची की माँ किसी काम से बरहरवा बाजार गई थी। जहां बाजार से घर रानीग्राम लौटते वक्त बच्ची घर के पास में ही खेल रही थी। फिर वो अपने घरेलू कामकाज में व्यस्त हो गई। जहां रात्रि लगभग 8 बजे जब बच्ची घर नहीं पहुँची तो बच्ची के मां व परिजनों ने आसपास खोजबीन शुरू कर दी लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। वही अगले दिन गुरुवार की सुबह घर के समीप अर्द्धनिर्मित मकान से बच्ची का शव परिजनों को मृत अवस्था में देखा। जहां घटना की खबर आग की तरह पूरे गाँव में फैल गई। वही मामले की सूचना बरहरवा थाना पुलिस को भी दी गई। जहां सूचना मिलते ही बरहरवा पुलिस निरीक्षक सुधीर कुमार पोद्दार, राजमहल एसडीपीओ विमलेंद्र कुमार त्रिपाठी, रांगा थाना प्रभारी अरुण कुमार सिंह, कोटालपोखर थाना प्रभारी ओमप्रकाश चौहान दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के राजमहल लिए भेज दिया। वही बच्ची की माँ ने पुलिस को अपने फर्दब्यान में आशंका जताई है कि बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद बच्ची को मार दिया गया है हालांकि यह जाँच का विषय है। वही पुलिस का मानना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही सारी चीजें स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले को लेकर गहनता से जाँच में जुटी हुई है।

## मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए उप विकास आयुक्त ने दिलाई शपथ

उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः जिले में मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु दिनांक 19 जून से 26 जून 2024 तक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जहां पूरे जिले में मादक पदार्थ के रोकथाम हेतु विकास भवन सभागार में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने, लोगों को जागरूक करने एवं साथ ही अवैध पदार्थ का सेवन नहीं करने के संबंध में शपथ दिलाई। इस मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, डीआरडीए एवं विकास भवन के कर्मी उपस्थित रहे।

## उपायुक्त ने मादक पदार्थों की रोकथाम से संबंधित जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः जिले में 19 जून से 26 जून 2024 तक मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस निमित्त समाहरणालय परिसर से उपायुक्त ने नशा मुक्त जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि मादक पदार्थों का दुरुपयोग को कम करने, विशेषकर किशोर तथा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम जिला में भी संचालित किया जा रहा है। आगे उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जिला एवं प्रखंड स्तर पर जागरूकता कार्यशाला एवं विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम चलाई जाएगी। इस मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, सिविल सर्जन डॉ. अरविंद कुमार समेत कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पत्थर लदे बेकाबू हाईवा ने स्कॉर्पियो में मारी टक्कर



उज्जवल दुनिया संवाददाता

मंडरोः मिजाचौकी थाना क्षेत्र के सीमावर्ती मेहरमा थाना क्षेत्र स्थित भगैया पिरोजपुर मुख्य सड़क के बीच ककरघट गांव के पास बुधवार देर रात भगैया की तरफ से अज्ञात पत्थर चिप्स लदा हाईवा पिरोजपुर के तरफ जा रहा था और पिरोजपुर की तरफ से भगैया के तरफ बाराती से भरा न्यू मॉडल बिना नंबर प्लेट का संफेद रंग का स्कॉर्पियो आ रहा था। उसी दौरान अचानक हाईवा वाहन ने चार पहिया वाहन में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे स्कॉर्पियो का आगे वाला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

वही दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि उसकी आवाज से आसपास के घरों में सो रहे कई लोग डर गए। वही स्कॉर्पियो पर सवार बाराती बाल बाल बच गए हालांकि कुछ लोगों को मामूली चोट लगने की सूचना है।

इधर घटना की सूचना पर पहुंची मेहरमा थाने की पुलिस ने जेसीबी मशीन के सहारे दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को अपने साथ मेहरमा थाना ले गई।

वही खूब चर्चा है कि पूरा रात पुलिस की गश्ती वाहन उक्त सड़क पर ही पेट्रोलिंग करती है तो फिर स्कॉर्पियो को टक्कर मार कर हाईवा वाहन भागने में कैसे सफल हो गया। इधर पुलिस स्कॉर्पियो को रात में ही सीज कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। वही दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो गोड्डा जिला के ललमटिया थाना क्षेत्र के किसी वाहन मालिक का बताया जा रहा है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया नशा मुक्ति से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम




उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार और प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार के मार्गदर्शन में गुरुवार को जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र में नशा मुक्ति को लेकर आम नागरिकों को जागरूक किया गया और कानून की विभिन्न जानकारी दी गई ।

इसको लेकर प्राधिकार के सचिव बिश्वनाथ भगत ने बताया की जिले के प्रत्येक गांवों में लोगों को नशा मुक्ति को लेकर जागरूक किया जा रहा है और कानून की विभिन्न जानकारियां दी जा रही है। आगे उन्होंने बताया की लोगों को नशापान से बचना चाहिए जहां यह नशा जीवन को नष्ट करता है। इसी कड़ी में डिप्टी चीफ लीगल एंड डिफेन्स कौंसिल कामिनी शर्मा और रविन्द्र श्रीवास्तव ने स्कूल में उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति पीड़ित के लिए मुआवजा स्कीम आदि के बारे में गहराइयों से बताया तथा इनसे बचने एवं अन्य को बचाने का ज्ञान भी लोगों के बीच साझा किया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर पीएलवी दिलनवाज, महफूज आलम उपस्थित थे।

## मादक पदार्थों के दुरुपयोग को समाप्त करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम से संबंधित बैठक का आयोजन

उज्जवल दुनिया संवाददाता



साहिबगंजः पूरे जिलेभर में 19 से 26 जून तक चलाई जाने वाले मादक पदार्थों के दुरुपयोग को समाप्त करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम से संबंधित बैठक उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में की गई। जहां बैठक में उपायुक्त ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को मादक द्रव्यों के दुरुपयोग और इसके उपयोग से होनेवाले नुकसान की जानकारी देना है। वही उन्होंने कहा कि अभियान के तहत मादक पदार्थ के उपयोग पर रोक लगाने के लिए विशेष जागरूकता फैलाई जाए। वही नशीले पदार्थ के कुप्रभाव के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। आगे उन्होंने ने बताया कि मादक पदार्थ की रोकथाम में जिलावासियों को भी आगे आना होगा। उधर शैक्षणिक संस्थानों के सौ मीटर परिधि में नशीले पदार्थों की बिक्री पर प्रतिबंध है यदि ऐसे पदार्थ की बिक्री करते हुए कोई व्यक्ति पाया जाएगा तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। वही उपायुक्त ने बताया कि जिले के स्कूल कॉलेज के 100 मीटर के दायरे में नशीले पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। वही उन्होंने कहा कि लोगों को नशीले पदार्थ का सेवन करने से रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। जहां उपायुक्त ने जिला में अवैध अफीम, भांग की खेती और नशे के खतरे को नियंत्रित करने के लिए किए गए उपायों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी एवं खेती दोनों किसी भी सूरत में नहीं होनी चाहिए। इसके निमित्त संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। वही उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से जिले के सभी प्रखंडों में संबंधित क्षेत्रों के स्थानीय लोगों को शामिल करते हुए बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान करने का निर्देश दिया।।।

# हूल दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

उज्जवल दुनिया संवाददाता




साहिबगंजः हूल दिवस की तैयारियों को लेकर समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जहां बैठक के दौरान संबंधित पदाधिकारियों को हूल दिवस से संबंधित सभी तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वही उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं पहले ही सुनिश्चित कर लें और आपसी सामंजस्य बनाते हुए तैयारियां शुरू कर दें। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए पंडाल वाटरप्रूफ रहेंगे। वही उन्होंने बताया कि हूल दिवस पर राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का कार्यक्रम निर्धारित है। इस संबंध में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटन और शिलान्यास की जाने वाली योजनाओं से संबंधित सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इस बीच बरहेट प्रखंड के भोगनाडीह पार्क की साफ सफाई कराने का भी निर्देश दिया गया। जहां उन्होंने कहा कि हूल दिवस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों को स्टॉल लगाने का निर्देश और जिन विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जाएगा उन विभागों द्वारा शत प्रतिशत लाभार्थियों को स्टॉल पर ही लाभ दिया जाए। उधर बैठक के दौरान उपायुक्त ने विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि जिन पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी जा रही हैं, वे लोग सभी व्यवस्थाओं को ससमय दुरुस्त करना सुनिश्चित करेंगे। इस बीच पेयजल की व्यवस्था, टेंट पंडाल, एलइडी स्क्रीन, लाभार्थियों के लिए व्यवस्थाएं, वीर शहीद सिद्धो कान्हो के वंशजों को दी जाने वाली सुविधाएं आदि की व्यवस्था संबंधित आवश्यक और उचित निर्देश दिए। इस बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार तिवारी, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, सिविल सर्जन डॉ. अरविंद कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार, मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार, जिला परियोजना पदाधिकारी अनूप कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा सहित जिला के वरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

स्वामी वी.आई. एंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवम प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह,द्वारा वृंदा मीडिया प्राइवेट लिमिटेड,प्लॉट संख्या-342,344 चिरौंदी-बोरया रोड,रांची-8 झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः मानवेन्द्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, आरएनआई संख्या.-JHAHIN/ 2014/ 59794

# सशक्त महिलाएं प्रगतिशील समाज की पहचान: मुख्यमंत्री



**जयपुर, (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिलाओं को सम्मान और समानता के अवसर प्रदान करना राज्य सरकार का कर्तव्य है। आत्मनिर्भर, सशक्त एवं शिक्षित महिलाएं ही प्रगतिशील समाज की पहचान हैं। राज्य सरकार महिला सशक्तीकरण के लिए निर्णायक कदम उठाने और आधी आबादी को उनका हक देने के लिए कृतसंकल्पित है।

शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा में महिलाओं का आरक्षण 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किए जाने के अवसर पर आयोजित अभिनंदन एवं आभार समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त कर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। राज्य सरकार युवाओं को सरकारी सेवा में समुचित रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। आगामी समय में चरणबद्ध तरीके से भर्ती परीक्षाएं आयोजित कर रिक्तियों को भरा जाएगा। साथ ही जिन क्षेत्रों में युवाओं की आवश्यकता है वहां रोजगार सृजित करते हुए उनकी भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती परीक्षा में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने के निर्णय से महिलाएं राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अधिक संख्या में शिक्षण कार्य कर सकेंगी और अध्ययनरत बच्चों का ममत्व भाव से देखभाल भी कर सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं का सम्मान एक परंपरा रही है। हमारे वेदों और उपनिषदों में महिलाओं को देवी के रूप में पूजा जाता है। शक्ति की देवी दुर्गा, ज्ञान की देवी सरस्वती और धन की देवी लक्ष्मी हमारे समाज में महिलाओं के उच्च स्थान को दशार्ती हैं। एक महिला के शिक्षित बनने से तीन परिवार शिक्षित होते हैं और समाज प्रगति करता है। आज महिलाएं परिवार चलाने के साथ-साथ देश चलाने में भी सक्षम हैं। आज देश के सर्वोच्च पद पर आसीन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का जन्मदिन है। उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने महिला कल्याण के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। महिलाओं को 450 रुपये में घरेलू गैस सिलेंडर देकर लगभग 73 लाख परिवारों को लाभान्वित किया जा रहा है। सरकार ने गरीब परिवारों में बालिकाओं के जन्म पर एक लाख रुपये का सेविंग बॉण्ड प्रदान करने के लिए लाडो प्रोत्साहन योजना भी शुरू की है। साथ ही पंचायतीराज एवं नगरीय निकाय, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के मानदेय में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की है।

**सपने होंगे सच, मिलेंगे रोजगार के अधिक अवसर**

बड़ी संख्या में महिलाओं ने मुख्यमंत्री का तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती परीक्षा में महिला आरक्षण 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने और पुलिस भर्ती में 30 से बढ़ाकर 33 प्रतिशत करने पर आभार व्यक्त किया। प्रदेश के दूर-दराज क्षेत्रों से आई महिलाओं ने उन्हें रोजगार के अधिक अवसर सृजित करने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। जयपुर निवासी 21 वर्षीय प्रीता चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री का ये निर्णय उनका राजकीय सेवा में आने का सपना पूर्ण करने में कारगर साबित होगा।

तूंगा निवासी 20 वर्षीय ऐशवी जैमन ने मुख्यमंत्री को 50 प्रतिशत आरक्षण के निर्णय के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि वे अभी से परीक्षा की तैयारी शुरू करने जा रही है। इस अवसर पर महिलाओं ने मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। साथ ही कई महिलाओं ने उनके साथ सेल्फी भी ली।

# मानसून की लेटलतीफी से पिछड़ी खेती, किसानों को वर्षा का इंतजार

**धमतरी, (एजेंसी)।** लगातार पड़ रही भीषण गर्मी और मानसून की लेटलतीफी के चलते जिले के गांवों में खरीफ की खेती पिछड़ते जा रही है। मानसून की लेटलतीफी के चलते किसान धान बोने के लिए हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं, ना ही रोपाई के लिए नर्सरी की तैयारी हो पा रही है।

मौसम वैज्ञानिकों ने जून माह के दूसरे सप्ताह में 13 जून तक छत्तीसगढ़ राज्य में मानसून के आगमन की संभावना जताई गई थी, लेकिन यह अनुमान गलत साबित हो रहा है। अभी तक राज्य में झमाझम वर्षा शुरू नहीं हो पाई है। भीषण गर्मी और उमस का दौर अभी भी लगातार जारी है । आमतौर पर प्री मानसून की वर्षा के बाद खेत की जमीन में नमी आने पर किसान 15 जून से पहले धान बोआई या अकरस बोने का काम शुरू कर देते हैं। इस अवधि तक लगभग 20 से 30 फीसदी रकबा में धान बोने का काम शुरू हो जाता है। लेकिन इस बार मानसून की लेटलतीफी के चलते किसान खुर्रा बोनी या अकरस बोने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। वर्षा के ऊपर निर्भर किसान रोपाई के लिए नर्सरी लगाने की तैयारी भी शुरू नहीं कर पाए हैं। जिन किसानों के पास स्वयं का सिंचाई साधन है केवल वे ही रोपाई के लिए नर्सरी लगाने में जुटे हैं।मानसून की लेटलतीफी के चलते किसानों की चिंता काफी बढ़ी हुई है। किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए वर्षा का इंतजार कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि मानसून आने में देरी के कारण खरीफ की खेती पिछड़ चुकी है, आने वाले दिनों में लगातार वर्षा होने के बाद भी खेती पिछड़ी रहेगी। खेती पिछड़ने के कारण फसल की गुणवत्ता और उत्पादन पर बुरा असर पड़ सकता है।मानसून की बेरुखी के बावजूद डाही क्षेत्र में धान की खुर्रा बोनी शुरू हो गई है। कहीं - कहीं पर किसान निजी सिंचाई साधनों से धान की नर्सरी भी डाल रहे हैं। धान की बोआई के लिए किसान मानसून का इंतजार कर रहे हैं। मानसून की धीमी गति से किसान धान की छुटपुट बोआई कर रहे हैं। डाही क्षेत्र में किसानों ने पहले से खेतों की अकरस जोताई भी कर ली है, जहां वे धान की खुर्रा बोनी कर रहे हैं। कुछ किसान निजी सिंचाई साधनों से पानी की सिंचाई कर धान की नर्सरी भी डाल रहे हैं।

# नीट यूजी परीक्षा परिणाम को लेकर सपाई उबले,प्रदर्शन में शामिल हुए सांसद



**वाराणसी,(एजेंसी)।** मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली परीक्षा नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट नीट यूजी परीक्षा परिणाम को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई भी होनी है। गुरुवार को इस मामले को लेकर समाजवादी पार्टी के सांसद,एमएलसी के साथ कार्यकताओं ने विरोध-प्रदर्शन किया। कचहरी वरुणापुल स्थित शास्त्रीघाट पर जुटे पार्टी के नेताओं के साथ कार्यकताओं ने केन्द्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पार्टी के नेताओं ने छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगा कर कहा कि परीक्षा लेने वाली एजेंसी एनटीए को भंग कर इसके लिए दूसरी एजेंसी गठित की जाए। विरोध-प्रदर्शन में शामिल चंदौली के सांसद वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर केंद्र सरकार का संवेदनहीन रवैये की जितनी निंदा की जाए, कम है। देश के कई हिस्सों में हो रही गिरफ्तारियां संकेत देती हैं कि इस परीक्षा में बड़ी धांधली हुई है। लाखों छात्र व उनके अभिभावक जो अथक परिश्रम कर परीक्षा की तैयारी करते हैं, उनके सपनों और भविष्य के समक्ष संकट खड़ा हो गया है। वाराणसी जिलाध्यक्ष सुजीत यादव (लक्कड़) ने भी सवाल उठाए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने एमएलसी आशुतोष सिन्हा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सम्बोधित एक पत्रक तैयार किया,जिसमें लिखा गया है कि विगत दिनों हुई नीट परीक्षा एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में जिस प्रकार से धांधली एवं अनियमितता सामने आयी है।

## ईडी ने बंगाल में तीन स्थानों पर छापे मारे




**कोलकाता, (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में तीन स्थानों पर एक साथ छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया।

सबसे पहले ईडी अधिकारी हावड़ा जिले के सालकिया में मोहम्मद हुसैन के आवास पर पहुंचे, जहां सुरक्षा के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवान मौजूद थे। इसके तुरंत बाद ईडी की दूसरी टीम सीएपीएफ कर्मियों के साथ उसी जिले के लिलुआ में मनोज दुबे के आवास पर पहुंची।

जांचकताओं की तीसरी टीम ने कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके बेलघरिया में एक सॉफ्टवेयर कंपनी के कर्मचारी रमेश प्रसाद के आवास पर भी इसी तरह का अभियान चलाया। रिपोर्ट दर्ज होने तक इन तीनों स्थानों पर एक साथ छापेमारी और तलाशी अभियान जारी था।

हालांकि ईडी के अधिकारी अभी तक इस बात पर चुप्पी साधे हुए हैं कि छापेमारी किससे जुड़ी है, लेकिन सूत्रों ने बताया कि यह कार्रवाई गेमिंग ऐप से जुड़े साइबर अपराध के सिलसिले में की गई है।हालांकि, सूत्रों ने इस बात की पुष्टि नहीं की कि इन कार्यों का ई-नगेट्स घोटाले से कोई संबंध है या नहीं, जिसमें केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी पहले ही नकदी, बैंक खाते में जमा राशि और क्रिप्टो-मुद्राओं के रूप में कई करोड़ रुपये जब्त कर चुके हैं।

## जय अम्बे रोड लाइन में एचपीसी का पालन नहीं, ठगे जा रहे कर्मचारी

**कोरबा, (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के गृह जिले में एसईसीएल की कुसमुंडा खदान में ठेका मजदूरों के साथ हो रहे शोषण पर केवल आश्वासन देकर अपना काम निकाला जा रहा है। स्थानीय श्रमिक/ भूविस्थापित नेता भी ऐसे कंपनियों को लेकर कोई विरोध दर्ज नहीं करा पा रहे हैं, जिसके कारण ठेका कंपनी अपनी मनमानी करती आ रही है और स्थानीय बेरोजगारी बढ़ती जा रही है।

पिछले दिनों ठेका कंपनी रुंगटा को लेकर विवाद सामने आया था। शिकायत हुई थी कि यहां कार्यरत चालकों को एचपीसी दर पर भुगतान नहीं हो रहा है। कुशल, अर्ध कुशल, अकुशल कर्मचारियों के हिसाब से मिलने वाले भुगतान से वंचित रखा जा रहा है और जो दर एचपीसी में निर्धारित है, उसके अनुसार मजदूरी नहीं मिल रही है। इस मामले का पटाक्षेप दी जा रही मजदूरी की रकम को बढ़ाकर कराया गया, लेकिन आज भी इन कर्मचारियों को एचपीसी दर पर भुगतान नहीं हो रहा है। इन कर्मचारियों को ठेका कंपनी यह कहकर शांत कर देती है कि वह कुशल कर्मचारी नहीं हैं, उनमें कोई ना कोई कमी है और वह मापदंडों का पालन नहीं करते व मेडिकली फिट नहीं हैं फिर भी काम पर रखा गया है।

कंपनियां, बेरोजगारी का फायदा उठाकर कम वेतन में कर्मचारी रखकर लाभ कमाने की मंशा से कहीं ना कहीं अन्ट्रेंड हाथों में वाहनों की स्टेयरिंग थमा रहे हैं। बेरोजगारी की मार झेल रहे लोग कुछ रोजगार और कुछ पैसा मिल जाने के कारण खामोश हैं और अपना काम कर रहे हैं लेकिन इसकी आड़ में ठेका कंपनी 50 से 75 प्रतिशत मजदूरी देकर शेष रकम को डकार रही है।

**जय अम्बे रोड लाइंस के खिलाफ रोष**

रुंगटा कंपनी के बाद अब कोल डिस्पेच का काम कर रही जय अम्बे रोड लाइन पर मजदूरों ने शोषण का आरोप लगाया है कि कंपनी द्वारा एचपीसी दर पर भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा महीने भर काम करने के बाद भी उन्हें पेमेंट समय पर नहीं दिया जा रहा है। ठेका कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें सेफ्टी के लिए ना जूते दिए गए हैं और ना ही टोपी। यहां तक की उनका बी-फॉर्म भी नहीं भरा गया है।

बावजूद इसके उनसे काम लेकर उनके साथ शोषण किया जा रहा है। जय अम्बे कंपनी के कर्मचारी गुरुवार को कुसमुंडा महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किए। कुछ देर पश्चात एरिया महाप्रबंधक राजीव सिंह ने ठेका मजदूरों की बात सुनी और मौके पर जय अम्बे कंपनी के अधिकारियों को बुलाकर समस्याओं को दूर करने की बात कही।

**अक्सर मुंह मोड़ लेता है प्रबंधन, नेतृत्व और नेता दोनों गायब**

एसईसीएल की खदानों में काम कर रही निजी ठेका कंपनियां मूल रूप से एसईसीएल के अधीन ही होकर काम करती हैं और नियम कायदों का पालन कराने के लिए मूल नियोक्ता की जवाबदेही तय रहती है, लेकिन देखा जा रहा है कि अनेक मामलों में प्रबंधन और उसके अधिकारी ठेका कर्मचारियों के मामले में मुंह मोड़ लेते हैं। ज्ञात हुआ है कि अभी नीलकंठ कंपनी का काम बंद है, ऐसे में कंपनी के द्वारा अपने अधीन नियोजित किए गए कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया जा रहा है। लगभग एक माह से मजदूर खाली बैठे हैं और नीलकंठ कंपनी के लोग कह रहे हैं कि उन्हें आधा वेतन दिया जाएगा।

## उत्तर प्रदेश को वर्ष 2027 तक मलेरिया मुक्त करेगी योगी सरकार



**लखनऊ,(एजेंसी)।** योगी सरकार वर्ष 2027 तक उत्तर प्रदेश को मलेरिया मुक्त करेगी। राज्य सरकार मलेरिया के हर केस की जांच व हर मरीज के पूर्ण इलाज पर जोर दे रही है।

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरुप राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जून को मलेरियारोधी माह के तौर पर मनाया जा रहा है। गौरतलब है कि प्रदेश में इस साल अब तक 771 मलेरिया के मरीज मिले हैं।

**केस रिपोर्टिंग और प्रबंधन पर जोर**

मलेरिया उन्मूलन की दिशा में आ रही चुनौतियों को दूर करने के लिए भारत ने देश के विभिन्न हिस्सों में बेहतर केस रिपोर्टिंग और प्रबंधन पर जोर दिया है। वेक्टर नियंत्रण प्रक्रिया मे तेजी लाते हुए निरंतर महामारी विज्ञान और कीट विज्ञान निगरानी को बढ़ाया है। साथ ही सामुदायिक भागीदारी, प्रशिक्षण और क्षमता विकास पर बल दिया है। साथ ही क्षेत्रीय रणनीति तैयार कर उन्मूलन के लिए प्रतिबद्धता दशार्यी है।

राज्य मलेरिया अधिकारी डॉ. विकास सिंघल ने बताया कि मलेरिया मामलों की रिपोर्टिंग और पूर्ण उपचार सुनिश्चित करने पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। वास्तव में यह सुनिश्चित करने के लिए हर मामले की जांच और पूरा इलाज किया जाता है। सभी जिला मलेरिया अधिकारियों, संबंधित कर्मचारियों और प्रथम पंक्ति के कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया गया है और सभी जिलों मे मलेरिया की जांच के लिए रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट किट उपलब्ध कराई गई है। इस क्रम में स्वास्थ्य कार्यकताओं द्वारा अधिक से अधिक सर्वेक्षण कर बुखार पीड़ितों की मलेरिया की जांच की जा रही है। समुदाय में लोगों को मलेरिया से बचाव एवं लक्षणों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

**मच्छर नियंत्रण के लिए की जा रही फॉगिंग**

राज्य मलेरिया अधिकारी ने बताया कि जून के आखिरी सप्ताह में मानसून आने की उम्मीद है। इस दौरान मच्छरजनित बीमारियां भी पनपती हैं। इनसे बचाव की व्यापक तैयारियों के मद्देनजर जून को मलेरिया माह के रूप मनाया जाता है।

इसको लेकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मलेरिया मच्छरजनित बीमारी है, जो मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होती है। इसके परजीवी के शरीर में प्रवेश करने के बाद 14 से 21 दिन के अंदर बुखार आता है। इससे बचाव के लिए सबसे जरूरी है कि इसके लक्षणों को पहचान कर इसका समय से इलाज किया जाए। इसका पूर्ण इलाज और रोकथाम किया जा सकता है।

लखनऊ की जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रितु श्रीवास्तव ने बताया कि मच्छर नियत्रंण के लिए इंसेक्टिसाइड का छिड़काव और फॉगिंग की जा रही है।

समुदाय को जागरूक करने के लिए गोष्ठियां की जा रही है। शहरी क्षेत्र में इन्सेक्ट कलेक्टर द्वारा उन क्षेत्रों की पहचान की जा रही है, जहां मच्छरों का घनत्व अधिक है और वहां पर प्रॉयरिटी के आधार पर इंसेक्टिसाइड का छिड़काव और फॉगिंग की जा रही है। शहरी क्षेत्र में यह काम नगर निगम तथा ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत द्वारा किया जा रहा है।

## कॉलेजों में दाखिले के लिए शिक्षा मंत्री ने लांच किया पोर्टल

**कोलकाता, (एजेंसी)।**पश्चिम बंगाल के कॉलेजों में स्नातक कोर्स में दाखिले के लिए केंद्रीकृत प्रवेश पोर्टल लॉन्च किया गया है। बुधवार को शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने पोर्टल का शुभारंभ किया। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस पोर्टल के जरिए एडमिशन में पारदर्शिता आएगी। कोई भी विद्यार्थी देश में कहीं भी बैठकर अपनी पसंद के कॉलेज में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकता है। इससे कोई छात्र कहीं भी सीट दखल करके नहीं रख सकता।

सूत्रों के अनुसार, अभी सिर्फ पोर्टल लॉन्च किया गया है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू होने में कुछ दिन इन्तजार करना होगा। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 24 जून से शुरू होगी। आवेदन प्रक्रिया सात जुलाई तक जारी रहेगी।इस ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से लाखों छात्रों को लाभ होने वाला है। इस प्रकार का पोर्टल देश में सबसे पहले पश्चिम बंगाल में विकसित किया गया है। इस पोर्टल के परिणामस्वरूप, पश्चिम बंगाल सरकार और सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेज विश्वविद्यालयों यानी 16 विश्वविद्यालयों, 461 कॉलेजों और स्नातक स्तर के 7217 पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया संभव है। शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने बुधवार को इस पोर्टल का उद्घाटन किया। इस मौके पर शिक्षा सचिव मनीष जैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।उल्लेखनीय है कि राज्य हायर सेकेंडरी परीक्षा का रिजल्ट आठ मई को प्रकाशित हुआ था। उससे दो दिन पहले काउंसिल ऑफ इंडियन सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) 12वीं कक्षा के नतीजे और 13 मई को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) बारहवीं कक्षा के नतीजे जारी किए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### 'छठी मैया की बिटिया' शो में अभिनेत्री जया भट्टाचार्य



अभिनेत्री जया भट्टाचार्य किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। फिल्म 'देवदास' से लेकर कई जैसे टीवी शोज में अपने उत्कृष्ट अभिनय से वे भारतीय मनोरंजन इंडस्ट्री में अपना एक महत्वपूर्ण स्थान बना चुकी हैं।

यह शो एक भावनात्मक पारिवारिक ड्रामा है, जो वैष्णवी, एक अनाथ लड़की की कहानी है, जो छठी मैया को अपनी माँ मानती है। हिंदी टेलीविजन पर पहली बार छठी मैया का चित्रण, जो बिहार और यूपी में व्यापक रूप से पूजी जाने वाली देवी हैं।शो में आस्था और भक्ति के प्रस्तुत से भक्तों का मार्गदर्शन करती हैं। इस शो में दिग्गज कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

### नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी का आरोपित गिरफ्तार

**कानपुर,(एजेंसी)।** जूही थाने की पुलिस टीम ने गुरुवार को नौकरी दिलाने एवं प्लाट खरीदने के नाम पर लाखों की ठगी करने के आरोपित को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण रवीन्द्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित हनुमंत बिहार थाना क्षेत्र के हनुमन्त बिहार कॉलोनी निवासी उमेश पांडेय पुत्र बृजकिशोर पांडेय है। वह ह मूल रूप से नरवल के पास स्थित सिमरूआ पाली गांव का रहने वाला है।

इसके खिलाफ जूही थाने में वर्ष 2023 में नौकरी दिलाने के नाम और प्लाट दिलाने के नाम पर लोगों से लाखों रुपए ऐठने एवं पीड़ितों को जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज है। इसके अतिरिक्त अन्य मामले भी प्रकाश में आ रहे हैं। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर जूही चौकी की बीट प्रभारी उपनिरीक्षक निशा यादव ने अपनी टीम के साथ गिरफ्तार किया। उमेश पांडेय के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया जाएगा।

### भारतीय रेलवे ने कश्मीर में दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेल पुल पर ट्रायल रन किया

**रियासी, (एजेंसी)।** संगलधान से रेलवे स्टेशन रियासी तक गुरुवार को दस डिब्बों वाली ट्रेन का ट्रायल रन पूरी तरह से सफल रहा। इस दौरान ट्रेन विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे पुल से होकर गुजरी। दोपहर बारह बजे के लगभग यह ट्रेन संगलधान से रियासी के लिए निकली। दोपहर को दो बजे के करीब रियासी पहुंचने पर रेलवे स्टेशन ह्यभारत माता की जयह्व के जयघोष गूंज उठा।

ट्रेन में परियोजना पर काम करने वाले कर्मचारियों को ट्रायल रन ट्रेन में बिठाया गया था। इसके अलावा रेलवे के अधिकारी भी ट्रेन में मौजूद रहे। ट्रायल रन पूरा होने के बाद ट्रेन को रियासी से कश्मीर तक इसी माह के अंत तक चलाया जा सकता है। इस मौके पर पूर्व सरपंच राज कुमार शर्मा ने बताया कि लम्बे समय बाद लोगों का सपना साकार हुआ है। बीस वर्ष पहले जब काम शुरू हुआ था तो काफी किस्म की परेशानियां सामने थी। रेलवे ने पहाड़ों को काट कर मार्ग तैयार किए। इसके बाद टनल बनाए गए और आज ट्रेन का इंजन थोड़े डिब्बों के साथ आया है। आने वाले दिनों में ट्रेन पूरी तरह से आयेगी।

तरुण शर्मा ने रेलवे स्टेशन रियासी से ढुगगा तक ट्रेन का सफर किया और इसे ऐताहासिक बताया। रियासी में लगभग बीस मिनट तक ट्रेन रुकने ने बाद वापस रवाना हुई। अब इस ट्रेन का फाइनल ट्रायल कमिश्नर रेलवे सेफ्टी को 27 व 28 जून को करना है।

### दो वाहनो में 75 गेलन स्प्रीट जब्त, दो गिरफ्तार

**गिरिडीह , (एजेंसी)** । अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध उत्पाद विभाग की टीम ने गुरुवार की कार्रवाई करते हुए स्प्रिट लोडेड दो वाहन को जब्त किया है । इस बाब उत्पाद अवर निरीक्षक कुमार महेंद्र देवगम ने बताया कि उत्पाद अधीक्षक के निदेर्शानुसार यह कार्रवाई की गयी है उन्होंने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि हजारीबाग जिले के बरही से कच्चा स्प्रिट लाकर गिरिडीह, धनबाद और बोकारो जिले में सप्लाई किया जा रहा है ।सूचना पर जीटी रोड में टीम ने दो संदिग्ध वाहनों को रोक कर तलाशी लिया गया तो 40 लीटर का 75 गेलन स्प्रिट दोनों वाहनों से जब्त किया गया । इस दौरान चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है । इस धंधे में संलिप्त लोगों के बारे में छानबीन की जा रही है ।

### पत्नी की अश्लील तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोप में पति गिरफ्तार

**जलपाईगुड़ी, (एजेंसी)।** जिले के मेटेली थाने की पुलिस ने अपनी पत्नी की अश्लील तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोप में पति को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को गिरफ्तार आरोपित को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल में भेजा गया है।

सूत्रों के अनुसार, शख्स ने अपनी पत्नी की अश्लील तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल करने के बाद केरल में जाकर छिप गया था। जिसके बाद 16 अप्रैल को पत्नी ने अपने पति के नाम पर मेटेली थाने में लिखित शिकायत दर्ज करा दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपित पति की तलाश शुरू कर दी। जब वह आरोपित बुधवार देर रात इलाके में लौटा तो पुलिस ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आज आरोपित को चालसा के मंगलबाड़ी ग्रामीण अस्पताल में मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### घर से 220 किलो गोमांस बरामद, चार लोग गिरफ्तार, पांच फरार

**हरिद्वार, (एजेंसी)।** पथरी थाना पुलिस ने गुरुवार को ग्राम अलावलपुर में एक घर में छापा मारकर 220 किलो से अधिक गोमांस बरामद किया है। पुलिस ने मौके से एक ही परिवार के चार लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि पांच लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस फरार आरोपितों की तलाश में जुटी है।

पथरी थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार की पुलिस टीम ने गोकशी की सूचना पर ग्राम अलावलपुर स्थित एक घर में गुरुवार को छापा मारा। पुलिस घर से 220 किलो से अधिक गोमांस व गोकशी के उपकरणों बरामद किए। पुलिस ने मौके से चार लोगों (03 महिला, 01 पुरुष) को गिरफ्तार किया। इस दौरान मौका पाकर 05 आरोपित फरार हो गए। पुलिस फरार आरोपितों की तलाश में जुटी है।

पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपितों ने अपने नाम अखलाक पुत्र अब्बलू हसन, नसरीन पत्नी अब्दुल रहमान, शबनूर पत्नी दिलशाद व फरमानी पत्नी उमेर निवासीगण ग्राम अलावलपुर थाना पथरी जनपद हरिद्वार बताए। फरार आरोपितों के नाम अब्दुल रहमान पुत्र अब्दुल हसन, गफ्फार पुत्र महबूब, हसन पुत्र महबूब निवासीगण ग्राम अलावलपुर थाना पथरी जनपद हरिद्वार, सलमान पुत्र मुकर्रम व शमशेर पुत्र जहीद निवासीगण ग्राम बोडाहेडी थाना पथरी हरिद्वार बताए गए हैं।

### ट्रक हाईजैक मामले में शामिल दो गिरफ्तार

शोणितपुर (असम), **(एजेंसी)।** शोणितपुर जिले के तेजपुर के बरघाट पुलिस चौकी की टीम ने ट्रक हाईजैक मामले में शामिल दो डकैतों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने गुरुवार को बताया कि 19 जून की सुबह 8.00 डकैतों का एक दल 19 मवेशियों से लदे एक ट्रक को हाईजैक कर लिया।